www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 09 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 27 मई 2026 शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 107 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

गुजरात में पांच शावकों समेत 8 शेरों की मौत, इधर खैरागढ़ के जंगल में मृत मिले वन्य जीव

■ बेबेसिया वायरस संक्रमण का अंदेशा, 2018 में हुई थी 11 शेरों की मौत

अमरेली/ए.। गुजरात के गिर जंगल क्षेत्र में दो शेर शावकों की संदिग्ध बाबेसिया वायरस संक्रमण से मौत हो गई है। वहीं, तीन अन्य शेरों की अलग-अलग घटनाओं में प्राकृतिक कारणों और आपसी संघर्ष में जान गई। अभी तक 5 शावकों समेत 8 शेरों की मौत हो चुकी है। वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वन मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि गिर जंगल में किसी बड़े संक्रमण या महामारी जैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि बेबेसिया वायरस से केवल दो संदिग्ध मौतें जुड़ी हैं, जबकि बाकी तीन शेरों की मौत अन्य कारणों से हुई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अलग-अलग रेंज में हुई शावकों की मौत

प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स (वाइल्डलाइफ) जयपाल सिंह ने कहा कि ये अलग-अलग घटनाएं हैं और इनमें कुछ भी असामान्य नहीं है। तीनों शावकों की मौत फॉरेस्ट के अलग-अलग रेंज में हुई है। इसलिए किसी महामारी जैसी स्थिति नहीं है। लिलिया रेंज में 1, सावरकुंडला रेंज और सरसिया रेंज में 1 शावक की मौत हुई है। इनमें से दो शावकों की मौत कमजोरी के कारण हुई। दो शावकों की मौत संदिग्ध है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं, दो शेरों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, जबकि एक शेर की जान आपसी संघर्ष में गई है। शेरों की मौत का वायरस से कोई लेना-देना नहीं है।

खैरागढ़ जंगल में मोर, सिवेट समेत कई वन्यजीव मृत मिले

■ जलस्रोत में जहर की आशंका, विभाग ने लिए पानी के सैंपल, मचा हड़कंप

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले के लक्षणा जंगल के गरदीखोली में वन्यजीवों की रहस्यमयी मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जलस्रोत के पास बड़ी संख्या में पक्षियों और जंगली जानवरों के शव मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। शुरुआती आशंका जलस्रोत में जहरीला पदार्थ मिलाए जाने की जताई जा रही है, हालांकि विभाग ने अभी किसी निष्कर्ष की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जानकारी के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन वन्य प्राणियों की मौत

- 3 मयूर, 5 उदबिलाव,
- कई कौवे, कोयल
- 10 उल्लू लाल प्रजाति सहित

जानवरों और पक्षियों की मौत की प्रारंभिक जांच में लू और डिहाईड्रेशन से मौत होने की जानकारी सामने आई है। अन्य पहलुओं पर अधिकारियों की उपस्थिति में जांच जारी है। पीएम रिर्पोट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

– **आरके टंडन**, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, लक्षणा

आज बेबाक

चलाओ न किश्तों में महंगाई के बाण रे, एक ही बार में जान ले लो न जान रे....। पहले पेट्रोल और डीजल के दाम में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई। फिर तीन किश्तों तीन रुपये से ज्यादा की बढ़ौतरी कर दी। समझ नहीं आता कि यूं रेत-रेत कर लोगों की जेब काटने में भाई लोगों को क्या मजा आता है? अगर अपने घाटे की भरपाई करना ही है तो एक मुश्त वृद्धि कर के काम तमाम क्यों नहीं कर देते? ठीक है भई, तड़पाओगे तड़पा लो, हम तड़प -तड़प के तुम्हारे गीत गाएंगे महंगा तेल भरवाएंगे...।

पन्ना में खुदाई के दौरान कुआं धंसा, 5 की मौत

पन्ना/ए.। पन्ना जिले के एक खेत में कुएं की खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई। इसमें दबकर 5 मजदूरों की मौत हो गई। इनके नाम आशीष यादव, राजकुमार यादव, रामपाल यादव, चुन्नू यादव और चुनवाद पाल बताए गए हैं। कुएं का काम विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना (वीबी जी राम जी) के तहत किया जा रहा था। हादसा मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अजयगढ़ के बीहरपुरवा गांव में हुआ। मृतकों के परिजन का आरोप है कि हादसे के 3 घंटे के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी या कोई सरकारी टीम मौके पर नहीं पहुंची।

हार्डकोर नक्सली दंपती ने किया सरेंडर

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सल संगठन में लंबे समय से सक्रिय 2 सीनियर कैडर्स ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में सरेंडर कर दिया है। दोनों लीडर्स ने 26 मई को तेलंगाना के डीजीपी सीवी आनंद के सामने सरेंडर किया। इसमें सेंट्रल कमेटी मेंबर और बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी सचिव पसुनूरी नरहरी उर्फ विश्वनाथ उर्फ सलई दा और पत्नी स्टेट कमेटी मेंबर मेदारा दनम्मा उर्फ लता उर्फ पूनम उर्फ जोबा शामिल है। एक सेंट्रल कमेटी का सदस्य होने के साथ-साथ बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सचिव भी था।

गरमा-गरम

साय कैबिनेट की बैठक: सड़क निर्माण कार्य में डामर की बढ़ती कीमतों पर ठेकेदारों को सरकार देगी अतिरिक्त पैसा

एमएसटीसी से राज्य सरकार ने बढ़ाया करार कर्मचारी चयन मंडल अब जीएडी के अधीन

■ देशभर के खरीदार ऑनलाइन बोली लगाकर स्क्रैप खरीद सकेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में स्क्रैप सामग्री के निस्तारण, कर्मचारी चयन मंडल के पुनर्गठन और सड़क निर्माण कार्यों में डामर की बढ़ती कीमतों को लेकर राहत देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कैबिनेट ने राज्य के विभिन्न विभागों, निगमों, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों और स्थानीय निकायों में जमा स्क्रैप और अनुपयोगी सामग्रियों के निस्तारण के लिए भारत सरकार की कंपनी Metal Scrap Trade Corporation Limited (MSTC) के साथ सेलिंग एजेंसी अनुबंध को अगले तीन वर्षों तक बढ़ाने का फैसला लिया है। यह अनुबंध नवंबर 2019 से लागू है और 31 मई 2026 को खत्म होने वाला था।

कर्मचारी चयन मंडल अब जीएडी के अधीन

कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल को सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के अधीन लाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए 'छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम' में संशोधन किया जाएगा। सरकार के अनुसार 'छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल अधिनियम-2026' लागू होने के बाद पूर्व के व्यापमं का विलय नए कर्मचारी चयन मंडल में हो चुका है। साथ ही उसकी सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां भी नए मंडल को ट्रांसफर कर दी गई हैं।

डामर की बढ़ी कीमतों पर ठेकेदारों को राहत

मंत्रिपरिषद ने सड़क निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाले बिटुमिन (डामर) की कीमतों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए ठेकेदारों को सीमित और आंशिक राहत देने का फैसला लिया है। यह राहत 1 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक लागू रहेगी। सरकार ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने से सड़क निर्माण कार्य प्रभावित होने लगे थे। ऐसे में निर्माण कार्यों की गति बनाए रखने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

सरकार के मुताबिक एमएसटीसी के ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर के खरीदार ऑनलाइन बोली लगाकर स्क्रैप खरीद सकेंगे। इससे न सिर्फ प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि राज्य को बेहतर राजस्व भी मिलेगा।

सरकार का कहना है कि इस व्यवस्था से विभागों को अलग-अलग टेंडर और विज्ञापन प्रक्रिया नहीं करनी पड़ेगी। इससे प्रशासनिक समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही कार्यालय परिसरों में स्वच्छता और स्थान प्रबंधन भी बेहतर होगा।

आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों का महंगाई भत्ता 2 फीसदी बढ़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में सेवारत अखिल भारतीय सेवाओं (आईएएस, आईपीएस और आईएफएस) के अधिकारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी इस आदेश के बाद अब अधिकारियों का कुल महंगाई भत्ता 58% से बढ़कर 60% हो गया है। इस वृद्धि का लाभ अधिकारियों को 1 जनवरी, 2026 से नकद मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जीएडी के आदेश में अब यह होगा

- **नकद भुगतान:** पुनरीक्षित दरों के तहत देय महंगाई भत्ते का भुगतान 1 जनवरी, 2026 से नकद किया जाएगा।
- **वेतन मैट्रिक्स बनेगा आधार:** महंगाई भत्ते की गणना वेतन मैट्रिक्स में निर्धारित लेवल में आहरित मूल वेतन के आधार पर की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार का विशेष वेतन या व्यक्तिगत वेतन शामिल नहीं होगा।
- **वेतन का हिस्सा नहीं:** महंगाई भत्ते के किसी भी भाग को मूलभूत नियम 9(21) के अंतर्गत वेतन नहीं माना जाएगा।
- **रिकवरी का प्रावधान:** आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि इस नियम के विपरीत किसी अधिकारी को अधिक भुगतान हो जाता है, तो वह राशि संबंधित अधिकारी से वसूली योग्य होगी।

नितिन नबीन का पीए बताकर भाजपा विधायक मिश्रा से ठगी

■ डीजल भरवाने 10 हजार ट्रांसफर करवाए, दो किस्तों में खाते में डाली रकम

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर से भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा से ठगी हुई है। ठग ने खुद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का निजी सहायक (पीए) बताया और संबलपुर जंगल के बीच गाड़ी में डीजल खत्म होने का बहाना बनाकर 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। मामले में खम्हारडीह थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुरंदर मिश्रा ने बताया कि ठग उड़िया टोन में बात कर रहे थे। बच्चों की आवाज आ रही थी, इसी भरोसे में उसने 4 हजार मांगे, लेकिन मैंने 10 हजार रुपए दे दिए।

बता दें कि रायपुर में ही 1 हफ्ते पहले मॉर्निंग वॉक पर निकले भाजपा के सीनियर नेता धरमलाल कौशिक से लूट हुई थी। बाइक सवार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जांच के दौरान पुलिस को कार में मिले 65 लाख कैश

■ केशकाल से बालोद आ रहा था व्यापारी, रायपुर-जगदलपुर हाईवे पर पकड़ाए

गुरुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद में पुलिस ने रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर चेकिंग के दौरान एक कार से 65 लाख रुपए से अधिक कैश बरामद किया है।

व्यापारी केशकाल से झोले में कैश लेकर आ रहे थे। उसका वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। मामला पुरुर थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, कार केशकाल से बालोद की ओर आ रही थी। पुलिस ने ग्राम मरकाटोला के पास वाहन की जांच की, जहां कार में रखे दो अलग-अलग झोलों से 500-500 रुपए की नई करेंसी मिली। रकम की मात्रा अधिक होने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शीर्ष अदालत ने कचरा प्रबंधन को लेकर निगरानी कमेटी बनाई

■ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी, हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें।

कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का हार्ट अटैक से निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। उन्हें

साय सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। उनके निधन से भाजपा और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। वे तिफरा में भाजपा के 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर सिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपनारायण सिन्हा के निधन पर सीएम साय ने शोक जताया है।

बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री ड्रोन सिस्टम: शाह

■ राजस्थान में सांचू पोस्ट से पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा था, शाह ने बॉर्डर पर किया नाश्ता

बीकानेर/ए.। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान प्रहरी सम्मेलन में कहा- मैं ऐतिहासिक चौकी सांचू पर आया हूं। मेरे मन में सांचू चौकी को देखने की इच्छा गृहमंत्री बनने से पहले भी थी। 1964 के भारत-पाक युद्ध में सांचू की आबादी 500 से ज्यादा थी। आरएसी की चौकी 500 मीटर पीछे रणजीतपुरा गांव में थी।

सूचना मिली थी कि सांचू पर कब्जा करने के लिए पाकिस्तान ने शुरुआत की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो: मुख्यमंत्री शुभेंदु

नॉर्थ 24 परगना/ए.। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा- जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। बांग्लादेश के ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं। दावा है कि यह लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में अवैध तरीके से रह रहे थे और अब बांग्लादेश लौटने के लिए बॉर्डर पर पहुंच रहे हैं।

जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया, वहां की जांच होगी: अमित शाह

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने देश की आबादी में हो रहे असामान्य बदलाव की स्टडी के हाई-लेवल कमिटी का गठन किया है। जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (रिटा) को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा- यह कमिटी अवैध घुसपैठ और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या में बदलाव का आकलन करेगी। साथ ही धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य बदलाव के पैटर्न की स्टडी करके समाधान भी पेश करेगी। घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला असामान्य जनसंख्या बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को हाई-लेवल कमिटी की घोषणा की थी।

उपलब्धि: 'प्रधान सेवक' के रूप में अंत्योदय की सोच को धरातल पर उतारने का ऐतिहासिक कार्य: मुख्यमंत्री साय

'पीएम मोदी के 12 वर्ष सेवा, सुशासन व जनकल्याण का नया अध्याय'

■ विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ देश ने वैश्विक प्रतिष्ठा की ओर बढ़ाए मजबूत कदम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'प्रधान सेवक' के रूप में राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक और जनकेंद्रित नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और सामाजिक समावेशन के एक नए युग में प्रवेश किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 12 वर्षों में शासन की कार्यशैली पूरी तरह बदली है और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हुआ है।

बदली शासन की सोच: पीएम मोदी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में दिखा विकास का असर

दशकों तक नक्सल हिंसा से प्रभावित रहे बस्तर और वनांचल क्षेत्रों में आज विकास और विश्वास की नई धारा बह रही है। बुनियादी सुविधाओं की पहुंचाई गई।

- बस्तर और वनांचल क्षेत्रों में सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी मजबूत
- दूरस्थ इलाकों तक स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं का विस्तार
- बैंकिंग और शासकीय योजनाओं की पहुंच बढ़ी
- जनजातीय क्षेत्रों में विकास और विश्वास का माहौल मजबूत

इन कल्याणकारी योजनाओं से आया बड़ा बदलाव

मुख्यमंत्री साय के अनुसार, केंद्र सरकार की इन प्रमुख योजनाओं ने देश के गरीबों, किसानों, युवाओं और मातृशक्ति के जीवन में आशा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया संचार किया है:

- प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान भारत
- उज्ज्वला योजना एवं हर घर जल अभियान
- जन-धन योजना एवं डिजिटल इंडिया क्रांति
- केंद्र की योजनाओं से गरीब और किसानों को सीधा लाभ

सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या, सोने-चांदी के जेवर लूटे

■ पेंड्रा में सोना-चांदी लूटकर ले गए 3 बदमाश, विरोध करने पर सीने पर की फायरिंग

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। पेंड्रा-गौरेला-मरवाही जिले के कोटमी साप्ताहिक बाजार में बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। दुकान बंद करते समय बदमाश प्रदीप सोनी से सोना-चांदी लूटने लगे, उन्होंने विरोध किया तो सीने पर गोली मार दी। मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। घटना पेंड्रा थाना क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि, व्यापारी का सोना-चांदी लूटकर बदमाश फरार हो गए हैं। हालांकि, कितने की लूट हुई है इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस घेराबंदी कर रही है। हत्या के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिजन और स्थानीय व्यापारियों ने अस्पताल में पुलिस से शव छीन लिया और सड़क जाम कर दिया है। चश्मदीदों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

नगर पंचायत बोडला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कार्यशाला

कवर्धा/ नवप्रदेश। नगर पंचायत बोडला में सोमवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, प्रमुख बदलाव, वार्ड के मुख्य दायित्व, ठोस अपशिष्ट उत्पादक एवं विस्तारित थोक अपशिष्ट उत्पादक दायित्व, डिजिटल पोर्टल 2026, स्त्रोत पृथकरण शिक्षा, व्यापक जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन, वार्ड हेतु गतिविधियां, महत्वपूर्ण चरण, पुराने डंप साइड एवं सफाई, वार्ड स्वच्छता समिति गठन तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं स्टार रेटिंग में जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा निदान 1100 के संबंध में विस्तार से कार्यशाला में बताया गया। उक्त कार्यशाला में नगर पंचायत बोडला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

झीरम शहीद योगेंद्र शर्मा को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

धरसीवां/कूंरा/ नवप्रदेश। झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए धरसीवां के लोकप्रिय जननेता स्वर्गीय योगेंद्र शर्मा की पुण्यतिथि पर आज क्षेत्र में श्रद्धा, सम्मान एवं जनसेवा के साथ शहादत दिवस के अवसर पर धरसीवां की पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों एवं क्षेत्रवासियों ने शहीद योगेंद्र शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवां पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया गया तथा वहां स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात धरसीवां स्थित शहीद उद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद योगेंद्र शर्मा के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व अध्यक्ष उधो वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, महेश शर्मा, कैलाश जायसवाल, प्रमोद शर्मा, रूपेश बघेल, रतन सोलंकी, राजू वर्मा, राजू सायतोड़े, देवेंद्र खेलवार, अंकित वर्मा, रामकुमार वर्मा, योगेश द्विवेदी, सुधीर दुबे, मंजू वर्मा, लोकेश्वरी वर्मा, अश्वनी वर्मा, खूबी डहरिया, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जैन संतों की सुरक्षा को लेकर सकल जैन समाज में गहरा आक्रोश

छुईखदान/नवप्रदेश। हाल ही मे जैन साध्वी आर्यिका माता जी के साथ हुई दुखद दुर्घटना तथा देशभर मे लगातार जैन साधु-संतो के साथ घट रही घटनाओ को लेकर सकल जैन समाज छुईखदान मे गहरा आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है समाज के लोगो ने इन घटनाओ को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अहिंसा संयम एवं तपस्या का संदेश देने वाले जैन संतो की सुरक्षा को लेकर शासन एवं प्रशासन को गंभीरता से ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है इसी संबंध मे सकल जैन समाज छुईखदान के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय दंडाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री केंद्रीय गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के लोगो ने कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते है जो समाज को शांति सद्भाव करुणा एवं आत्मसंयम का संदेश देते है इसके बावजूद देश के विभिन्न हिस्सो मे उनके साथ हो रही घटनाए अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है समाज के प्रतिनिधियो ने कहा कि आर्यिका माता जी के साथ हुई दुर्घटना ने पूरे जैन समाज को आहत किया है उन्होने कहा कि इस प्रकार की घटनाओ से संत समाज मे असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा शासन प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह संतो की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे प्रतिनिधियो ने कहा कि जैन संत कठिन तपस्या एवं पैदल विहार के माध्यम से धर्म प्रचार और जनकल्याण का कार्य करते है। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज और शासन दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है।

रामसागर पारा वार्ड में हुआ सुशासन तिहार का आयोजन

■ नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शिविर में आए लोगों से की मुलाकात,,जनसमस्याओं का किया निराकरण

भाटापारा/नवप्रदेश। 'सुशासन तिहार' का आयोजन रामसागर वार्ड में किया गया। इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएँ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।इस दौरान जनता से मुलाकात नपा अध्यक्ष ने मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया।

शिविर में नागरिकों ने अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं – सड़क, जल आपूर्ति, स्वच्छता, जल निकासी तथा सार्वजनिक अधोसंरचना से संबंधित समस्याएँ खुलकर रखीं। प्रत्येक आवेदन एवं सुझाव को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाई गई ।

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं – आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वरोजगार की विस्तृत जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराई गई। पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया से पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा ÷सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का एक अत्यंत प्रभावी एवं सार्थक माध्यम है। जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई समझौता नहीं होगा। आज रामसागर वार्ड के नागरिकों ने जो समस्याएँ एवं सुझाव रखे हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आमजन की सहभागिता और उनके सुझावों के आधार पर हम क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

पुलिस पर लगा पक्षपात का आरोप, कार्रवाई को बताया एकतरफा

दूतकैया हिंसा में 30 लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने किया प्रदर्शन

राजिम / नवप्रदेश।। दूतकैया गांव में 1 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 30 लोगों की गिरफ्तारी के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने सोमवार को राजिम के सुंदर लाल शर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई को ÷एकतरफा÷ बताते हुए पुलिस पर अनुचित कदम उठाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 1 फरवरी को दोपहर में ही पुलिस को विवाद की सूचना दे दी गई थी, लेकिन घटना शाम 4 बजे के बाद हुई। आरोप है कि पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की और बाद में निर्दोष हिंदू युवकों को गिरफ्तार कर लिया। हिंदू संगठनों ने राजिम थाने के एसआई जीवन साहू को सस्पेंड करने की मांग की। आरोप लगाया कि पुलिस ने लोगों से कोरे कागज पर साइन कराए और झूठे मामलों में फंसाया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि मुख्य आरोपी आरिफ खान द्वारा गांव में मारपीट के बाद ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को ही हिंसा बताया जा रहा है, जबकि असली दोषियों पर नरमी बरती गई।

दूतकैया में 1 फरवरी को पुराने शिवलिंग विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प हुई थी। भीड़ ने घरों-वाहनों में आगजनी की, पुलिस पर पथराव हुआ। पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी दी कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई और गिरफ्तार 22 लोगों को रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन तेज होगा। वही इस धरना प्रदर्शन में ग्राम दूतकैय्या के ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बोधन साहू, ग्राम पटेल लखन लाल साहू, रामअवतार यादव, दुर्गेश साहू, शोभित साहू, भैयालाल साहू, जितेंद्र यादव, मोहन ध्रुव, सरोजनी साहू पंच, अनसुईया साहू, सोनम साहू, नंदनी साहू, गंगा बाई, रुक्मणि साहू, खिलेश्वरी साहू, लता यादव, धनेश्वरी यादव, मोगरा यादव, बिशनी साहू, पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज सचिव दिनेश साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकार, राजिम पार्षद तुषार कदम, दानीराम यादव, वेदराम नंदे, प्रीति पांडे जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, रेणु सेन जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी, संगीता दीवान मातृशक्ति राजिम आदि शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ विश्व की हर्बल राजधानी बनने की दिशा में अग्रसरः शुक्ला

■ औषधि पौधों की खेती पर कार्यशाला आयोजित

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। 25 मई 2026 को बोर्ड कार्यालय राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर के परिसर में ÷धान की खेती के बदले औषधि पौधों की खेती÷ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला द्वारा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण तथा पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया ।

श्री अंजय शुक्ला ने अपने स्वागत उद् बोधन में धरसीवा ब्लॉक के विभिन्न गांव से पधारे किसानों से कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने के उदेश्य से बोर्ड औषधि पौधों की खेती को बढ़ावा दे रहा है, खासकर उन किसानों के लिए जो कि पारंपरिक रूप से धान की खेती करते आ रहे हैं जिसमें लागत अत्यधिक है और लाभ लागत की तुलना में बहुत कम होता है, उन सभी किसानो के लिए औषधि पौधे की खेती एक बहुत ही अच्छा विकल्प है, जिसमें लागत कम, मेहनत कम तथा लाभ अधिक होता हैं।

उन्होंने किसानो से कहा कि औषधि पौधों की खेती छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अपनी भूमिका अदा कर सकती हैं, इस हेतु बोर्ड औषधि पौधों की खेती के लिए किसानों को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराता है। औषधि पौधों की खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

गर्मी में सफाई कर्मियों को राहत देने की मांग

■ नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सौंपा ज्ञापन, सेवा समय बदलने और ई-रिक्शा मरम्मत खर्च पालिका से कराने की उठाई मांग

महासमुन्द/नवप्रदेश। भीषण गर्मी और लू के बीच सफाई कर्मियों को राहत देने की मांग को लेकर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रतिनियुक्ति मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनोज खाण्डे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सफाई दीदियों एवं सफाई मित्रों के कार्य समय में तत्काल परिवर्तन करने की मांग की गई।उपाध्यक्ष राठी ने कहा कि वर्तमान में सफाई दीदियां सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक वार्डों में कचरा कलेक्शन करने के साथ सेंटरों में कचरे की छंटाई का कार्य करती हैं। जिले में इन दिनों तापमान 46 डिग्री तक पहुंच चुका है तथा नवतपा के चलते दोपहर के समय हालात और अधिक कठिन हो गए हैं। ऐसे में सफाई कर्मियों से तेज धूप और लू के बीच लगातार काम लेना मानवीय दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जनहित एवं सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनका सेवा समय सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि वे भीषण गर्मी से बच सकें।

पालिका अध्यक्ष ने सुनी नगरवासियों की समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। नगरवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनने और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश देने की पहल को लोगों ने सराहा है।

इसी क्रम में सोमवार को पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर पालिका कार्यालय में नगरवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों की जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना नगर पालिका का प्रथम दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

बिछ्लादादर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम

बागबाहरा/नवप्रदेश। भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन एवं एसबीआईएसजी ग्लोबल के सहयोग से संचालित जीवनम् मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना के अंतर्गत शिखर युवा मंच द्वारा ग्राम बिछ्लादादर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने बताया कि बागबाहरा विकासखंड के 20 चयनित ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों में निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ग्रामीण समुदाय में स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ हाथीबाहरा पंचायत की सरपंच श्रीमती निशा चंद्राकर द्वारा माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, घर एवं आसपास की नियमित सफाई, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण तथा वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। ग्राम स्वच्छता समिति द्वारा व्यवहार परिवर्तन आधारित स्वच्छता अपनाने पर विशेष जोर दिया गया।

ग्राम पंच ताराचंद द्वारा ग्राम में दो नाडेप टैंक निर्माण की जानकारी साझा की गई, जो जैविक कचरे के समुचित प्रबंधन एवं जैविक खाद निर्माण में उपयोगी सिद्ध होंगे।

नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मामा को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना हथबंद क्षेत्र के ग्राम सिनोधा निवासी आरोपी देवेंद्र वर्मा को दो नाबालिक लड़कियों के लज्जा भंग करने के आशय से छेड़छाड़ के अपराध में अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने 5 वर्ष दो बार का सश्रम कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की पीड़ित की मां द्वारा 03.जून 25 को थाना भाटापारा ग्रामीण मे उपस्थित होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22-05-25 को शाम 5.00 बजे उसकी नाबालिग पुत्री जिसकी उम्र 9 साल है वह घर आकर बताई कि वह और दूसरी पीड़ित जिसकी उम्र 7 वर्ष है वह दोनों खेल रहे थे तभी मामा देवेंद्र वर्मा उन्हें पैसा दिया और राजश्री लाकर देना मै घर में रहूंगा बोला। जब वे दोनों पीड़ित राजश्री लाकर दिये तो , तभी आरोपी मामा घर के सांकल को बंद कर दिया और खाट को बिछाकर पीड़ितों के कपड़े और अपने कपड़े को निकाल दिया। और दोनों नाबालिग को उनके शरीर के सभी जगह को छूने लगा और उनके गुप्तांग को भी छुआ। तब वे दोनों रोने लगी और जोर से चिल्लाई तब उसने छोड़ा फिर वे लोग भागते हुये घर आ गए और सारी बात माँ को बताई। माँ द्वारा दोनों पीड़ित को बाड़ी में ले जाकर दोनों के पेशाब करने के स्थान को देखी तो कोई प्रकार का खून, सूजन, चोंट का निशान नहीं दिखा। रात में उसके पति घर आए तो उसकी बेटी और पीड़ित के साथ घटित घटना के संबंध में बताई। जिसके पश्चात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया।उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई जिसमें दोनों नाबालिग पीड़िता अपने कथन में बताई कि आरोपी के द्वारा उसके कपड़े को निकाल कर छेड़छाड़ किया गया है। दोनों पीड़ित की उम्र संबंधी दस्तावेज जप्ती, गवाहों के कथन, पीड़ित का कथन लेखबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी उपरांत संपूर्ण विवेचना पश्चात प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के समक्ष गवाही पूर्ण होने पर विशेष लोक अभियोजक संजय बाजपेयी ने अंतिम तर्क में प्रकरण की समस्त परिस्थितियों एवं कानूनी पहलुओं को विस्तार से न्यायालय के समक्ष रखा, तथा ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया ताकि कोई भी इस प्रकार नाबालिकों के साथ छेड़छाड़ जैसा अपराध न करें।

अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी देवेंद्र वर्मा को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 (दो बार) के तहत 5-5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 - 1000 रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया।

अभियान : 345 शिविरों में बने 547 आधार कार्ड, 467 आयुष्मान कार्ड और 210 नए राशन कार्ड

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का समापन

■ जनसुनवाई में मिले 4,165 आवेदनों में 1,630 का मौके पर हुआ निराकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 एवं जनभागीदारी अभियान का व्यापक आयोजन किया गया। अभियान के अंतिम दिवस कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर अभियान की उपलब्धियों, मैदानी अनुभवों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय उपस्थित रहीं। सभी जनपद सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि अभियान केवल निर्धारित अवधि तक सीमित न रहकर गांवों में सतत फॉलोअप, नियमित भ्रमण और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के माध्यम से लगातार जारी रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों एवं जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने तथा पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के दौरान बने जनविश्वास, विभागीय समन्वय और सकारात्मक जनसंपर्क को निरंतर बनाए रखने पर भी जोर दिया।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा साय ने बताया कि पीएम जनमन योजना के 76 ग्रामों तथा धरती आबा अभियान के सभी 308 ग्रामों में सबसे दूर, सबसे पहले की अवधारणा के तहत 345 संतृप्ति एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 46 हजार 787 नागरिकों ने भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान 547 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाए गए, जबकि 467 लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए गए। इसके अलावा 42 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, 52 लोगों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया।

जर्जर सड़क से राहगीर हो रहे परेशान

नगरी/नवप्रदेश। गोटियावाही से बासपानी होते हुए सिहावा तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बेहद जर्जर और बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि इस मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणों, वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई सड़क और खराब निर्माण के कारण सफर करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। खासकर रात के समय और बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

मुख्यमंत्री साय के सुशासन की परिकल्पना को गांव-गांव मिल रहा जनसमर्थन

कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन का सख्त निर्देश - सीमांकन, पेंशन और राशन कार्ड के आवेदनों का दो दिनों में करें निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित ÷सुशासन तिहार÷ अब जनविश्वास और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा प्रशासन को आमजन के द्वार तक ले जाने की इस अभिनव पहल के अंतर्गत गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिला के पेंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी में जिले का आठवां जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जहां संवेदनशील कार्यशैली अपनाते हुए मौके पर ही विभिन्न मांगों एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर की सबसे विशेष बात यह रही कि कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने स्वयं आवेदकों के नाम पुकारकर उन्हें मंच के समक्ष बुलाया और संबंधित विभागीय अधिकारियों से उनके आवेदनों की वर्तमान स्थिति तथा निराकरण की जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा करने को कहा। कलेक्टर ने सीमांकन, पेंशन एवं राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दो दिनों के भीतर जांच कर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यदि कोई प्रारंभिक सीमांकन से असंतुष्ट है, तो वह नियमानुसार पुनः सीमांकन हेतु कलेक्टर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यकतानुसार नए हैंडपंप खनन एवं खराब हैंडपंपों की त्वरित मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन अधिकार पत्र, ऋण पुस्तिका से संबंधित आवेदनों पर वन विभाग के अधिकारियों को अधीनस्थ अमले व रिकॉर्ड के साथ शिविर में ही छानबीन कर त्वरित निराकरण करने को कहा गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत कोडगार, घाटबहरा, बम्हनी, जिल्दा, खरड़ी, मुरमुर, घघरा, अमाडांड, जाटादेवरी, बसंतपुर, सोनबचरवार, लाटा एवं जमड़ीखुर्द सहित कुल 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

महिला स्वावलंबन : मुरमुर बनेगा बकरी पालन क्लस्टर

शिविर में बकरी पालन हेतु शेड निर्माण के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर ने त्वरित रणनीतिक निर्णय लिया। उन्होंने आजीविका मिशन और जनपद पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम कोडगार में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित बकरी पालन की तर्ज पर अब ग्राम पंचायत मुरमुर को भी बकरी पालन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार को नया आयाम मिल सके।

सुशासन तिहार बना संबल

ट्राइसाइकिल मिलने से खोमीन कल्लो के जीवन में लौटी आत्मनिर्भरता की मुस्कान

- समाज कल्याण विभाग की पहल से अब खुद के दम पर तय कर रही जिंदगी की राह

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार बना संबलः ट्राइसाइकिल मिलने से सुश्री खोमीन कल्लो के जीवन में लौटी आत्मनिर्भरता की मुस्कानकई बार छोटी-सी सहायता किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आती है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत हांडीटोला की रहने वाली 30 वर्षीय दिव्यांग हितग्राही सुश्री खोमीन कल्लो की जिंदगी में भी ऐसा ही सकारात्मक परिवर्तन आया है। बौनापन (शॉर्ट स्टेचर) से प्रभावित सुश्री खोमीन को रोजमर्रा के कार्यों और आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। घर से बाहर निकलना, सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होना या छोटे-छोटे जरूरी काम करना भी उनके लिए चुनौती बन जाता था। 40 प्रतिशत दिव्यांगता से जूझ रही सुश्री खोमीन अक्सर दूसरों पर निर्भर रहने को मजबूर थीं। लेकिन सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ने उनके जीवन में नई उम्मीद जगा दी। ग्राम पंचायत हांडीटोला में आयोजित शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दे दी। सुश्री खोमीन कल्लो भावुक होकर कहती हैं कि ट्राइसाइकिल मिलने के बाद अब उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए किसी का इंतजार नहीं करना पड़ता। अब वे आसपास आसानी से आ-जा सकती हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने काम खुद करने लगी हैं। उनके चेहरे पर लौट आई मुस्कान इस बात की गवाही देती है कि शासन की योजनाएं जब जरूरतमंदों तक पहुंचती हैं, तो वे केवल सुविधा नहीं बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता भी प्रदान करती हैं। उन्होंने शासन, जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी नई जिंदगी से कम नहीं है। अब वे पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी महसूस कर रही हैं।

शिविरों में त्वरित निराकरण से जरूरतमंदों को मिली बड़ी राहत

पेंशन के 80 आवेदन मौके पर स्वीकृत, दिव्यांग हितग्राही को मिली बैटरी चलित ट्राई सायकिल

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 : शिविरों में त्वरित निराकरण से जरूरतमंदों को मिली बड़ी राहतसुशासन तिहार 2026 अंतर्गत प्रदेशभर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर आमजन के लिए राहत और भरोसे का माध्यम बनते जा रहे हैं। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है।

जशपुर जिले के जनपद पंचायत पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत घरजियाबथान में आयोजित सुशासन शिविर में समाज कल्याण विभाग को पेंशन हेतु प्राप्त 80 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। जांच उपरांत सभी आवेदक पात्र पाए गए, जिससे हितग्राहियों में खुशी का माहौल रहा।

शिविर में दिव्यांग हितग्राही श्री मोहित राम कोरवा को सहायक उपकरण के रूप में बैटरी चलित ट्राई सायकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गोमती साय उपस्थित रहीं। इसी प्रकार मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में भी सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित जन समस्या निवारण शिविरों में छब्ाम्त् सर्वे के वंचित पात्र हितग्राहियों को जनपद पंचायतों के सहयोग से पेंशन स्वीकृति आदेश पत्र वितरित किए जा रहे हैं। प्रशासन की इस पहल से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार तथा अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

जनता और प्रशासन के बीच मजबूत विश्वास का माध्यम बन रहा जनसमस्या निवारण शिविर

- *नारायणपुर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को मिला शासन की योजनाओं का सीधा लाभ*
- *सुशासन तिहार से गांव-गांव तक पहुंच रही सरकार- जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार*

आवास, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, केसीसी ऋण सहित कई योजनाओं का हुआ वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा लैलूंगा विकासखंड के ग्राम नारायणपुर स्थित हाई स्कूल प्रांगण में सोमवार को शाम 4 बजे से 7 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के कुल 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया गया तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ मिलना उनके लिए बेहद सुविधाजनक रहा। शिविर में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक शिविर नहीं बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। उपाध्यक्ष श्री सिदार ने कहा कि पहले लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सरकार स्वयं गांवों तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इनमें एनआरएलएम अंतर्गत 2 फ्लखपति दीदीफ्र का सम्मान किया गया तथा 1 बैंक लिंकेज चेक वितरित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 हितग्राहियों को नए आवास की प्रतिकात्मक चॉबी सौंपी गई। इसके अलावा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 हितग्राहियों को आजीविका डबरी, उद्यानिकी विभाग द्वारा 11 फलदार पौधों का वितरण, श्रम विभाग द्वारा 2 श्रम कार्ड, 3 वृद्धजनों को छड़ी, आदिम जाति सेवा समिति मर्यादित लिबरा के माध्यम से 2 हितग्राहियों को केसीसी लोन तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती-नवापारा स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ और जनोन्मुख बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अंबिकापुर स्थित नवापारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीन ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण एवं अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन,

संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला खनिज न्यास निधि के सहयोग से विकसित इस महत्वपूर्ण परियोजना को क्षेत्र की स्वास्थ्य अधोसंरचना के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवापारा स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर और अतिरिक्त वार्ड की स्थापना से विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

नई दिल्ली में आयोजित 'अपनापन' के विमोचन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में आयोजित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन' के विमोचन समारोह में शामिल हुए। यह पुस्तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ श्री चौहान के सार्वजनिक जीवन, आत्मीय संबंधों और कार्य अनुभवों पर आधारित है, जिसमें नेतृत्व, जनसेवा और व्यक्तिगत संवेदनाओं को प्रेरक एवं भावनात्मक शैली में प्रस्तुत किया

गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री शिवराज सिंह चौहान को पुस्तक के प्रकाशन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को पुस्तक के माध्यम से समाज तक पहुँचाना एक प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास जनप्रतिनिधियों के अनुभवों, कार्यशैली और जनसेवा के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जनसेवा, सुशासन और संवेदनशील नेतृत्व की नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई है। इस पृष्ठभूमि में सार्वजनिक जीवन के अनुभवों पर आधारित यह पुस्तक निश्चित रूप से पाठकों को प्रेरित करेगी तथा नेतृत्व और समाजसेवा के विभिन्न आयामों को समझने का अवसर प्रदान करेगी।

राज्यपाल डेका ने की 'पीएम-जनमन' योजना की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका आज लोक भवन में श्पीएम-जनमनश् (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) योजना की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हैं।

नारायणपुर जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र

बस्तर की बेटियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई उड़ान

- केंद्र से पास आउट 90 प्रतिशत छात्राएं दे रही हैं शासकीय व निजी अस्पतालों में सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और स्थानीय युवाओं को नर्सिंग शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र आज क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह संस्थान न केवल जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती दे रहा है, बल्कि स्थानीय बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नारायणपुर

में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए वर्ष 2014 में सबसे पहले एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई थी। बाद में, क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2017 में इस संस्थान का उन्नयन कर इसे जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के रूप में संचालित किया जाने लगा।

वर्तमान में इस प्रशिक्षण केंद्र में कुल 40 सीटों पर प्रवेश की व्यवस्था है, जहां हर साल अक्टूबर- नवंबर माह में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है। यह 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का 12वीं (विज्ञान विषय) उत्तीर्ण होना और न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि यह केंद्र पूर्णतः आवासीय है, जहां वर्तमान में 108 छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं के लिए शासन द्वारा छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) की सुविधा भी दी जा रही है। संस्थान की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 से लेकर सत्र 2023-24 तक यहाँ से कुल 182 विद्यार्थी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं। गर्व की बात यह है कि इनमें से लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थी वर्तमान में विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों में स्टाफ नर्स के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उच्च शिक्षा और एम्स में करियर बनाने का मौका

जीएनएम पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के द्वार भी खुले हैं। यहां से उत्तीर्ण छात्राएं आगे बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपने कौशल को और निखार सकती हैं। इसके बाद वे विभिन्न बड़े अस्पतालों में नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर और एम्स जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं देने के लिए पात्र हो जाती हैं। नारायणपुर का यह संस्थान आज स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बनकर उभरा है। यह न सिर्फ बस्तर के युवाओं को स्वावलंबी बना रहा है, बल्कि अंदरूनी क्षेत्रों के लिए दक्ष स्वास्थ्य कर्मियों की एक नई पीढ़ी भी तैयार कर रहा है।

सुविचार

कभी ये मत सोचना कि संघर्ष खत्म हो जाएंगे। जब तक जिंदगी है संघर्ष रोज ही अपना रुप बदल कर आएंगे।

अब की बार महंगाई की मार

खड़ी संकट के चलते दुनिया के कई देशों की तरह ही अबकी बार भारत पर भी महंगाई की मार पड़ रही है। पिछले 11 दिनों के दौरान चौथी बार भारतीय तेल कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ा दीए हैं। इस मूल्य वृद्धि के पहले आने वाले खतरे को भांप कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि वे पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें। प्रधानमंत्री की इस अपील का उल्टा ही असर हुआ और देशभर में लोग पेट्रोल और डीजल की जमाखोरी करने लगे। पेट्रोल पंपों पर लंबी लंबी कतारें लगने लगी। जरूरत से ज्यादा पेट्रोल और डीजल खरीदने के कारण कई पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल ही खत्म हो गया। ऐसा पैनिक फैला की लोग परेशान हो गये। बाद में सरकार ने वस्तु स्थिति से देश को अवगत कराया तब कहीं जाकर पेट्रोल पंपों से अनावश्यक भीड़ छटने लगी। इसके बाद तेल कंपनियों ने अपने घाटे का हवाला देते हुए 15 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में तीन रूपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। इसके बाद 19 मई को 90 पैसे तथा 23 मई को 87 पैसे की वृद्धि की गई और 25 मई को पेट्रोल के दाम 2.61 तथा डीजल के दाम 2.71 रूपये प्रति लीटर बढ़ा दिये गये। इस तरह लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से अब मंहगाई भी बढ़ने लगी है। पहले से ही देश की जनता महंगाई की मार से आहत है और अब पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने से माल भाड़ा भी बढ़ेगा तथा यात्री किराये में भी वृद्धि होगी। नतीजतन लोगों का सफर करना भी महंगा होगा और आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी भारी वृद्धि होगी। जाहिर है यदि इसी तरह पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ते रहे तो महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाएगी और लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा। यह ठीक है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तथा रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से चलते जंग के कारण पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इनके दामों में लगातार इजाफा हो रहा है। अन्य देशों में पेट्रोल और डीजल के दाम डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गये हैं। उनके मुकाबले भारत में बहुत कम मूल्य वृद्धि हुई है लेकिन इस मूल्य वृद्धि से भी लोगों को राहत दी जा सकती है। गौरतलब है कि केन्द्र और राज्य सरकारें पेट्रोल पर भारी टेक्स लगाती हैं यदि सरकारें अपना टेक्स कम करें तो पेट्रोल और डीजल के दाम 15 रूपये तक कम हो सकते हैं। किन्तु सरकारें अपना टैक्स घटाने के लिए तैयार नहीं है नतीजतन इस मूल्य वृद्धि का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है और उनका घरेलू बजट गड़बड़ाने लगा है। सरकार को चाहिए कि वह पेट्रोलियम पदार्थों पर टैक्स कम करने की दिशा में कारगर कदम उठाए।

आदर्श शहर समृद्धि योजना स्वागत-ए-पहल

शहरी क्षेत्रों के अधोसंरचना विकास कार्यों को गति देने तथा जनसुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने पहले नगर निगमों के लिए मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना लागू की थी जिससे नगर निगम क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिली थी। अब इसी तर्ज पर आदर्श शहर समृद्धि योजना लागू की जा रही है जिससे नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। बड़े शहरों के विकास के साथ ही नए उभरते शहरों और कसबों में भी आधुनिक शहरी सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू हो रही है जो निश्चित रूप से स्वागत-ए-पहल है इस योजना के तहत 32 नगरीय निकायों का चयन किया जा रहा है इसके बाद क्रमशः प्रदेश की सभी नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में यह महत्वाकांक्षी आदर्श शहर समृद्धि योजना लागू की जाएगी। इस बारे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि उनकी सुशासन सरकार बड़े शहरों के साथ साथ उभरते नगरों और कसबों के संतुलित और समग्र विकास के लिए भी कटिबद्ध हैं। आदर्श शहर समृद्धि योजना के जरिए प्रदेश की सभी नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना विकास को गति देने के साथ ही जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। और इससे रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। जाहिर है आदर्श शहर समृद्धि योजना प्रदेश के छोटे और मंझौले शहर तथा व्यवस्थित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

ब्लैक नहीं होते व्हाइट भी होता है। तुम किस आयाम को देखते हो ये बड़ी चीज है और ये देखना, मैं सत्य कहता हूँ ये निगाह, ये देखने की कला तो गुरु ही देते हैं। यदि आप नीति, धर्म और कर्म का सफलता पूर्वक पालन करेंगे तो विश्व की कोई भी शक्ति आपको पराजित नहीं कर सकती। सबसे बड़ी भूल कि मैं किसी के द्वारा आनंदित होऊंगा! सभी अवस्थाओं में राजी रहो, दुख तुम्हारा क्या बिगाड़ेगा। गुरु से अगर तुम्हें शिकायत है, मतलब तुम अहंकारी हो। भगवान बता चुके हैं कैसे होना है?

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1703 - जार पीटर ने नेवा नदी के शहर पर बसे रूस की सांस्कृतिक राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग की नींव रखी। 1813 - अमेरिका ने फोर्ट जॉर्ज, कनाडा पर कब्जा किया। 1895 - ब्रिटिश आविष्कारक बर्ट एक्रेस ने फिल्म कैमरा/प्रोजेक्टर का पेटेंट कराया। 1908 - मौलाना हकीम नुरूद्दीन अहमदिया मुस्लिम समुदाय के पहले खलीफा बने। 1921 - ब्रिटेन के नियंत्रण के 84 बरस बाद अफगानिस्तान को संप्रभुता मिली। 1927 - चीन के गृह युद्ध में जापानी सेना का दखल। 1933 - वॉल्ट डिज्नी ने 'दि थ्री लिटिल पिग्स' नाम की एनिमेडेट शॉर्ट फिल्म रिलीज की। ये कार्टून और इसका गाना दोनों बहुत मशहूर हुए। 1941 - जर्मन जंगी जहाज बिस्मार्क को ब्रिटिश नौसेना ने डुबोया। 1948 - महात्मा गांधी की हत्या का मुकदमा शुरू हुआ। 1957 - कॉपीराइट विधेयक को मंजूरी। इसे 21 जनवरी 1958 को लागू किया गया। 1977 - पैन एम और केएलएम के दो विमान टकराए। 582 लोगों की मौत।

ग्लोबल वार्मिंग पर सिर्फ जुबानी जमाखर्च

भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है देश के अनेक इलाकों में पारा लगातार 47 डिग्री सेल्सियस से उपर बना हुआ है। इधर 25 म?ई से नौतपा के आगाज होते ही देश के 31 शहरों में तापमान 45 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ में भी गर्मी का कहर जारी है और राजनांदगांव में पारा 46.5 डिग्री रहा तो सूबे की रातें भी गर्म है।आलम यह है कि आदमी तो आदमी पशु- पक्षी भी गर्मी की तपिश से हलाकान है। छत्तीसगढ़ के कोरबा - पाली से खबर आई कि चौबीस घंटे के दौरान लू के चलते 150 से ज्यादा चमगादड़ों की मौत हो गई वहीं अन्य हिस्सों से वन्य प्राणियों और पक्षियों के मौत के समाचार हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक रोज लगभग एक हजार लोग लू से पीड़ित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर इससे व्यापार भी व रोजगार भी प्रभावित हो रहा है।

डॉ. संजय शुक्ला

अलबत्ता भारत जैसे विकासशील देश में "ग्लोबल वार्मिंग" अब महज विचार गोष्ठियों में शाब्दिक जुगाली का ही मसला बन कर रह गया है। बिलाशक देश में लगातार बढ़ती गर्मी सिर्फ जनस्वास्थ्य पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि अब यह हमारे अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण साल 2026 में देश का आर्थिक विकास लड़खड़ा सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक देश के अनेक इलाकों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है फलस्वरूप कृषि उत्पादकता और श्रम उत्पादकता में असर पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। 'दुबले पर दो अषाढ़ ' की कहावत चरितार्थ एक तरफ देश और दुनिया खाड़ी युद्ध के चलते ऊर्जा संकट और जरूरी जिंसों के किल्लत तथा महंगाई से जूझ रहा है वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी ने इस मुसीबत को और भी बढ़ा दिया है। आर्थिक जगत के मुताबिक देश में तापमान का यदि यही हालात रहे तो साल 2030 तो जीडीपी में 2.5 फीसदी से 4.5 फीसदी नुकसान होने की संभावना है वहीं 3.4 करोड़ लोगों की नौकरियों पर भी खतरे का अंदेशा है। देश में बढ़ते तापमान का असर कृषि और श्रम के क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। हीटवेव (लू) के चलते जहां लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वहीं लोगों की उत्पादकता में कमी आ रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जैसे अनेक निर्माण एजेंसियों ने मजदूरों के काम करने के घंटों में कटौती कर दी है जिससे योजनाओं के लागत में बढ़ोतरी के साथ ही पूर्णता अवधि प्रभावित होने की आशंका है।द लैंसेट ' के एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1990-99 की तुलना में 2025 में 124 फीसदी अधिक घंटों का नुकसान हुआ है। गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ रही है फलस्वरूप ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली कटौती करनी पड़ रही है जिसका असर औद्योगिक उत्पादन में पड़ रहा है। बीते कई सालों में यह पहला मौका है जब गर्मियों की शुरुआत में ही बढ़ते तापमान ने जनस्वास्थ्य पर असर डालना शुरू कर दिया है। देश में लू के मरीजों में लगातार इजाफा हो रहा है जिससे मौतें भी हो रही हैं।राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो 'एनसीआरबी' के आंकड़ों के अनुसार बीते पांच सालों में सनस्ट्रोक (लू) की वजह से 3,712 लोगों की मौत दर्ज की गई है। बीते साल 2025-26 में लू लगने से 84 लोगों की मौत हुई थी। एक अध्ययन के मुताबिक दुनिया भर में लू से होने वाली मौतों में से 20 फीसदी मौत भारत में होती है। एक अन्य शोध के मुताबिक भीषण गर्मी और लू की वजह से हर साल दुनिया भर में डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है जिसमें हर पांचवां मामला भारत का है।



बहरहाल भीषण गर्मी और लू के हालात को देखते हुए मौसम विभाग सहित अनेक राज्य सरकारों ने नागरिकों के लिए चेतावनी और सावधानी एलर्ट भी जारी किया है। गर्मियों में केवल लू ही सेहत के लिए संकट नहीं है बल्कि इस मौसम में पाचन तंत्र से संबंधित आंत्रशोथ, पीलिया, टायफाइड और मलेरिया से पीड़ित रोगियों की संख्या में इजाफा हो जाता है। गर्मी और लू के कारण सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के मद्देनजर बचाव के लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है। आमतौर पर हीट स्ट्रोक में शरीर का तापक्रम 104 डिग्री से 106 डिग्री फारेनहाइट तक चला जाता है। लू पीड़ित व्यक्ति में थकावट, कमजोरी, तेज बुखार, डिहाइड्रेशन, त्वचा का रुखा होना, शरीर और मांसपेशियों में ऐंठन, हृदय गति का बढ़ना, सिरदर्द, चक्कर और बेहोशी जैसी लक्षण मिलते हैं यदि इन लक्षणों से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत उपचार नहीं मिले तो उसके हृदय, मस्तिष्क और किडनी पर घातक असर हो सकता है जिससे रोगी की मृत्यु भी संभव है। किसी भी व्यक्ति में लू के शुरुआती लक्षण मिलते ही उसे तुरंत ठंडे और हवादार कमरे में ले जाकर जीवन रक्षक या नमक - चीनी का घोल पिलाना चाहिए। लू पीड़ित के पूरे शरीर में गीले कपड़े की पट्टी करना चाहिए अथवा ठंडे पानी से स्नान करवा कर तत्काल चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति खाली पेट न रहे इसके अलावा ठंडी जगह या छांव से तुरंत तेज धूप में न निकलें।व्यक्ति जब भी धूप में निकलें सूती कपड़े, टोपी, स्कार्फ और धूप के चश्मे का प्रयोग करें तथा बार बार शिकंजी, पानी और छाछ का सेवन करते रहें इस सतर्कता से बहुत हद तक लू से बचाव और मौत से सुरक्षा संभव है। विचारणीय है कि भारत के शहर ही नहीं बल्कि कस्बों और गांवों में भी तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान 'आ?ईआईटी' भुवनेश्वर ने देश के 140 शहरों में किए गए अपने अध्ययन में इन शहरों में 60 फीसदी बढ़ती गर्मी के लिए शहरीकरण, हरित क्षेत्र का घटना, पेड़ और जलस्रोतों का बड़ी तेजी से खत्म होना और बढ़ते कांक्रीटीकरण जैसे कारणों को जिम्मेदार माना है। इस अध्ययन में महानगरों सहित बड़े और मझोले शहरों को शामिल किया गया था। महानगरों और शहरों में बढ़ते मानव बसाहट के चलते हरित क्षेत्रों और नदियों व तालाबों को पाटकर वहां गगनचुंबी कांक्रीट के इमारतें, सड़कें और चौपाटी बनाई जा रही हैं जहां एयरकंडीशनर्स और रेफ्रिजरेटर्स का बहुतायत उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा बढ़ते तापमान के लिए औद्योगिकीकरण,बढ़ती जनसंख्या, जंगलों का विनाश, पर्यावरण प्रदूषण, वाहनों का अंधाधुंध प्रयोग, एयरकंडीशनर का बेतहाशा उपयोग, जलस्त्रोतों का घटना, जंगलों और नदियों में बेतहाशा खनन, कोयला आधारित बिजली घरों और उद्योगों का निर्माण सहित पहाड़ों और नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर विकास योजनाओं को लागू करना जैसे कारण जवाबदेह हैं। अलबत्ता इसमें दोराय नहीं कि भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में बढ़ती गर्मी उद्योग और कृषि दोनों क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है जिससे चलते देश में खाद्यान्न संकट, महंगाई,भूखमरी? और गरीबी बढ़ सकता है। दूसरी ओर पृथ्वी के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते प्राकृतिक आपदाएं भी आ रही है जिससे पर्यटन उद्योग पर असर पड़ रहा है वहीं जान-माल का भी भारी नुकसान हो रहा है। बहरहाल तपती गर्मी के परिप्रेक्ष्य में मानवीय पहलुओं पर भी विचार आवश्यक है देश में एक वर्ग ऐसा है जो अपने घरों या दफ्तरों में कूलर या एसी की ठंडक में तपती गर्मी का मुकाबला कर लेते हैं लेकिन बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जिनका जीवन यापन दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। चिलचिलाती धूप में सड़कों पर भारी सामान ढोते या इमारतों को आकार देते मज़दूरों की बेबसी दिल में टीस पैदा करती है। सबसे करूण दृश्य यह कि लू के थपेड़ो के बीच महिला श्रमिक अपने दुधमुंहे बच्चे को आंचल में लपेटे सिर पर बोझ ढोए नजर आती है। यह दृश्य देखकर सुप्रसिद्ध कवि और साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता ÷ वह तोड़ती पत्थर÷ याद आती है जिसमें उन्होंने दुपहरी के झुलसती लू में एक महिला श्रमिक के पत्थर तोड़ने का मार्मिक चित्रण किया है। अमूमन यही हालातद्ध उद्योगों के भट्टियों में तपते श्रमिकों की भी होती है लिहाजा प्रबंधन और सामाजिक संगठनों से अपेक्षा है कि वे इन कर्मवीरों को लू से बचाव के लिए जरूरी साधन उपलब्ध कराने की दिशा में आगे आएं।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, संवरने का समय

डॉ शाहिद अली

शिक्षा केवल पेट पालने के लिए नहीं बल्कि एक नागरिक की भावना और कर्तव्य बोध को जागृत करने वाली होनी चाहिए, यह विचार देने वाले ऋषि तुल्य कुशाभाऊ ठाकरे जी थे। सामाजिक सरोकारों के महान संप्रेषक और राजनीति की शुचिता को परिभाषित करने वाले कुशाभाऊ ठाकरे जी की स्मृतियों एवं वैचारिक मूल्यों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए लोकप्रिय कवि, जननेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के हाथों और छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी की दृढ़ इच्छाशक्ति से रायपुर में साल 2005 में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की हुई। देश के पहले मीडिया गुरुकुल कहे जाने वाले इस विश्वविद्यालय में पहले कुलपति डॉ सच्चिदानंद जोशी के नेतृत्व में इसका पहला दीक्षांत समारोह भी परम पावन दलाई लामा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। ऐसे गौरवशाली स्थापना वाले इस शैक्षणिक संस्थान अपने 21वें साल के सफ़र में है।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व ओमें छत्तीसगढ़ संवर रहा है। 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' छत्तीसगढ़ सरकार का यह शीर्ष संकल्प है। इसलिए मीडिया गुरुकुल को संवारने का दायित्व भी सरकार को ही उठाना है क्योंकि यह संस्थान कुशाभाऊ ठाकरे जी की स्मृतियों को सहेजने वाला देश का बड़ा संस्थान है। यह संस्थान संचेतना,संवेदना और समय का संवाहक केंद्र है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका जी के संरक्षण में शिखर की ओर बढ़ने का संकल्प इस ज्ञानपीठ में है। हर साल सैंकड़ों की संख्या में शिक्षित - दीक्षित हो कर निकलने वाले विद्यार्थियों की यह पावन स्थली है। पत्रकारिता और संप्रेषण कला के क्षेत्र में कदम रखने वाले नवाचार के इच्छुक प्रतिभाशाली युवाओं के इस शैक्षणिक संस्थान में एक नई रोशनी का अभ्युदय हो रहा है। लंबे समय बाद विश्वविद्यालय को एक अकादमिक नेतृत्व प्रो.मनोज दयाल के रूप में मिला है। जनसंचार के अध्येता, अनुसंधानकर्ता और विद्यार्थियों में लोकप्रिय डॉ दयाल के विज़न का लाभ निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को मिलेगा। छात्र संख्या की दृष्टि से इसकी तुलना अन्य विश्वविद्यालयों से नहीं की जा सकती है क्योंकि यह एक नागरिक की भावना और कर्तव्य बोध को जागृत करने की शिक्षा देने वाला संस्थान है। कुशाभाऊ ठाकरे के जीवन मूल्यों को जीने वाला संस्थान है।

वसुधैव कुटुम्बकम के भारतीय चिंतन को दृष्टि देने वाला संस्थान है। राष्ट्रीय मूल्यों की यह पाठशाला है जहां प.माधव राव सप्रे, कर्मवीर प. माखनलाल चतुर्वेदी, प.स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी और ऐसे अनेक महान पुरुषों की भावभूमि है। स्वातंर्त्योत्तर एवं सांस्कृतिक राष्ट्रीय चेतना की भूमि भी छत्तीसगढ़ है। नई तकनीक और एआई की उपस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आए हैं। संसाधनों की दृष्टि से विश्वविद्यालय बुनियादी जरूरतों को तो पूरा करता है। अपने सामुदायिक रेडियो स्टेशन - रेडियो संवाद 90.8 के माध्यम से लगभग 40 किलोमीटर की प्रसारण क्षमता से आस-पास के गांव एवं शहर में आधी आबादी तक इसके लोकप्रिय कार्यक्रमों के सैंकड़ों की संख्या में श्रोताओं की तादाद है। वहीं टीवी स्टूडियो, संग्रह की दृष्टि से विशाल ग्रंथालय, कंप्यूटर लैब इत्यादि सुविधाएं बड़े भवनों के साथ उपलब्ध हैं। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी पारदर्शिता और मजबूती में संस्थान है लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि शासन से मिलने वाले अनुदान में वृद्धि और नए प्रकल्पों का विकास विश्वविद्यालय की जरूरत है। वैसे तो छत्तीसगढ़ के अनेकों विश्वविद्यालयों की तरफ देखा जाए तो यह समय की मांग है कि विश्वविद्यालयों का विकास, मानव संसाधनों को बढ़ाने और ढांचागत व्यवस्था में मूलभूत सुविधाओं के लिए सरकार को अपने बजट में कम से कम चार गुना वृद्धि करने की जरूरत है।

विशेषकर पत्रकारिता विश्वविद्यालय को विशेष पैकेज देकर देश का अग्रणी संस्थान बनाया जा सकता है। विष्णु के सुशासन में नारद के विश्वविद्यालय को उन्नति का नया सबेरा चाहिए। यह असंभव नहीं है कि कुशाभाऊ ठाकरे के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय अभावों से बाहर ना आ सके। विश्वविद्यालय के विस्तार और गुणात्मक विकास के लिए एक बार फिर संकल्पों को दोहराने की आवश्यकता है। हमें अपने संस्थानों की मानव शक्ति को पहचानने की भी जरूरत है। सही मायनों में विश्वविद्यालय के लिए यह संवरने का समय है, अटल ज्योति रखने का समय है तभी हम नई रोशनी और नए सूरज का अभ्युदय देख सकते हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यह शब्द ही अपने आप में ... अनोखा है..!! मगर क्या छोड़ पाते हैं..हम.. उन लमहों को,खुशनुमा पलों को,प्यार भरे रिश्तों को, हम तो अपने दर्द को को भी सहेजते है.. एक नवजात शिशु की तरह.. किसी की नजर न पड़े.. नमी भरी नजरों पर.. वो भी पूरी शिद्दत से .. जैसे इसके बिना हमारी जिंदगी बिखर न जाये.. अब दरकते दरख्तों में, दर्द की तपिश को महसूसना .. छोडो भी ..यार..!! जीवन जीने की कला, आती मुझको मीत। फैला कर पाँखें सदा , लेती जग को जीत।।

- अर्चना लाल

ज़िंदगी में सब कुछ अस्थायी है, अगर कुछ अच्छा चल रहा है तो उसका आनंद लें क्योंकि वो हमेशा रहने वाला नहीं। और यदि कुछ बुरा चल रहा है तो चिंता न करें क्योंकि वो भी हमेशा रहने वाला नही।

- तीर्थ बडोनी

गर्दिशों में ये इस्तिआरे हैं लफ़्ज़ बेचारगी के मारे हैं कामयाबी में भूल मत जाना हमने सदक़े तेरे उतारे हैं एक चिलमन हटी तो क्या देखा! किस क़दर खूबरू नज़ारे हैं हिज्र हम से ज़रा नहीं कटता आज़माये बहुत से आरे हैं उनसे उम्मीद क्या लगाऊं मैं वो तो खुद ही मेरे सहारे हैं।

- अजय अज्ञात

यूक्रेन के लिए रूस की इतनी घृणा! ईरान के लिए इजरायल और अमेरिका की इतनी घृणा! यह समझ से परे है। यह सिर्फअपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं तो और क्या है ? आखिर इन युद्धों से क्या हासिल हो रहा है ? इंसानियत मरती जा रही है और मानवता शर्मसार हो रही है । **- कमल मेहर**

चार वेद चार युग चार प्रमुख धाम हैं। चार हैं दिशा प्रधान शेष अभिराम हैं ।। चार चरण छंद गेय ,मुक्तक प्रधान हैं। आश्रम हैं चार मित्र, हिन्द नाम चार हैं ।। हिन्दू धर्म चार वर्ण, चार त्यौहार हैं। चार कलिमात प्रिय, जन्नत की झाड़ हैं।। चतुरानन के चार मुख, विदित जगत का सार। चार भुजा श्री हरि लिए ,बन गए पालनहार ।

- राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी

डियर मोदीजी देश में न तो भोजन सुरक्षित है न चिकित्सा और न ही विद्या। सब क्रिमिनल्स के कब्जे में है।तीनों जगह माफियाराज है। अगर एक सरकार इन तीनों क्षेत्रों में ही गुणवत्ता न ला पाए तो क्या फायदा विकसित भारत का सपना दिखाने का? एक आम नागरिक का सवाल।

- दिव्या राकेश शर्मा

कई लोगों को लगता है की उनकी एक लाइक से मैं करोड़पति हो जाऊँगी इसलिए वे मेरी पोस्ट को देखकर साइड से निकल जाते हैं ?????और कुछ तो लाइक करके अनलाइक कर देते हैं उन्हें पता ही न चलता नोटिफ़िकेशन नाम की भी कोई चीज़ होती है,उफ्फ ये मासूमियत हाय ये जहालत

- निभा चौधरी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपका दिन मानो एक साथ कई दिशाओं में दौड़ता नजर आएगा। कामों की भरमार आपको थका सकती है, लेकिन अगर आपने समय को सही ढंग से संभाल लिया, तो सब कुछ आसानी से निपट जाएगा।

वृषः आज चारों तरफ से खुशखबरी और सकारात्मक ऊर्जा आपके जीवन में दस्तक दे सकती है। घर-परिवार का माहौल पहले से कहीं ज्यादा शांत और खुशहाल रहेगा।

मिथुनः आज किस्मत आपके लिए नया घर, जमीन या संपत्ति से जुड़ी खुशखबरी लेकर आ सकती है। लंबे समय से जिस काम को लेकर मन परेशान था, वह आखिरकार पूरा होने की राह पर दिखाई देगा।

कर्क : आज विद्यार्थियों के लिए सितारे खास चमक रहे हैं। पढ़ाई में मन लगेगा और मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने के संकेत हैं। मन में किसी के प्रति जलन या नकारात्मक भावना रखने से बचें, वरना खुद की शांति भंग होगी।

सिंह : आज का दिन आपको खुद को साबित करने का मौका देगा। किसी सहकर्मी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन आप अपने आत्मविश्वास और मेहनत से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लेंगे।

कन्या : आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने वाला है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपकी मौजूदगी लोगों को प्रभावित करेगी। सेहत थोड़ी कमजोर महसूस हो सकती है।

तुला : आज का दिन आपके लिए उम्मीद से कहीं ज्यादा सकारात्मक साबित हो सकता है। व्यवसाय में पहले से बेहतर परिणाम मिलेंगे और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

वृश्चिकः आज आपका जीवन आराम, सुख-सुविधाओं और नई खुशियों से भरता नजर आएगा। बिजनेस में कोई बड़ी डील पार्टनरशिप के जरिए आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

धनुः आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने वाला रहेगा। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई प्यारा सरप्राइज दिल खुश कर देगा। बस आसपास के लोगों की नीयत को समझने में थोड़ी सावधानी रखें।

मकरः आज आपके भीतर कुछ नया और बड़ा करने की इच्छा जागेगी। काम को लेकर आपका अनुशासन और सख्ती आपको समय पर सफलता दिलाएगी।

कुंभः आज का दिन हंसी, मौज-मस्ती और पुराने रिश्तों की मिठास से भरा रहेगा। किसी पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी।

मीनः आज आपका मन बार-बार भटक सकता है, लेकिन जरूरी कामों पर फोकस बनाए रखना बेहद जरूरी होगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थित है?

2) हाल ही में समाचारों में देखे गए प्टेरोसॉर जियोलॉजिकल टाइम स्केल के किस काल में विलुप्त हो गए थे?

3) प्रयागराज में 2025 के महाकुंभ के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश में नव घोषित जिले का नाम क्या है?

4) अंग्रेजी समाचार पत्र लीडर की स्थापना किसने की?

5) हाल ही में बड़े आकार के व्यस्क एंटलायन 'पैलपेर्स कंट्रेरियस' को कहाँ देखा गया?

उत्तरमाला- (1) राजस्थान (2) क्रेटेशियस काल (3) महाकुंभ मेला (4) मदन मोहन मालवीय (5) ऑस्ट्रेलिया

पहेली

शब्द सामर्थ्य -050

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 049 का हल

कमिश्नर न तो शासन-प्रशासन की सुन रहे, न सामान्य सभा या एमआईसी के फैसले मान रहे : नीरज पॉल

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के चुनाव अगले साल जनवरी में होने की संभावना है। वर्तमान परिषद का लगभग साढ़े चार साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। साढ़े चार साल के कार्यकाल को लेकर **नव प्रदेश संवाददाता** ने महापौर नीरज पॉल से विस्तार से चर्चा की। भिलाई नगर निगम के विकास से लेकर विवादों में घिरे निगम कमिश्नर राजीव कुमार पांडेय की कार्यप्रणाली और वर्तमान में निगम के कार्य संस्कृति और जन अपेक्षाओं को लेकर सवालों पर महापौर नीरज पॉल ने बेबाकी से जवाब दिये। नीरज ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद नगर निगम को फंड नहीं मिला। इसका सीधा असर विकास पर पड़ा। बातचीत के अंश...

सवाल - महापौर के रूप में साढ़े चार साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अपने कार्यकाल को कितना सफल मानते हैं?

जवाब - कार्यकाल को सफल मानता हूं। जहां तक विकास कार्यों की बात है, तो विकास एक सतत प्रक्रिया है। विकास कार्य कभी पूरे नहीं हो सकते। लगातार जारी रहते हैं। इस बात का संतोष है कि जितने साधन और संसाधन उपलब्ध थे, उसके अनुरूप हरसंभव तरीके से शहर के विकास के लिये कार्य किया गया।

सवाल - कार्यकाल की बड़ी उपलब्धि क्या रही?

जवाब - हमें महापौर के रूप में शहर में काम करने का अवसर मिला, यही बड़ी उपलब्धि है। जहां तक विकास कार्यों का सवाल है, तो हर क्षेत्र में समग्र विकास किया गया। रोड चौड़ीकरण के कार्य किये गए। चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर बनाने की दिशा में काफी काम किये गए। स्वच्छता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये गए। स्वच्छता की रैंकिंग में भिलाई को 13 वें रैंक पर लाने की उपलब्धि भरा काम किया गया। पहले पूरे वैशाली नगर एरिया में सड़कें नहीं थी। कार्यकाल के दौरान वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कराया गया। पेयजल व्यवस्था, सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित हर क्षेत्र में विकास कार्य किया गया है।

सवाल - कार्यकाल के दौरान ऐसे कौन से काम थे जिन्हें पूरा नहीं कर पाए?

जवाब - दरअसल, पिछले ढाई साल के दौरान बीजेपी शासन में भिलाई नगर निगम को फंड नहीं मिला। भाजपा के सत्ता में आने के बाद केवल घोषणाएं हो रही है, फंड नहीं मिल रहा है। 15 वें वित्त आयोग के फंड से भिलाई निगम में विकास कार्य किये जा रहे हैं। नगर निगम का गठन हुए 26 साल बीत चुके हैं। ऐसा पहली बार हुआ जब पिछले दो साल से महापौर निधि की राशि नगर निगम को नहीं मिली है। इससे ज्यादा दुर्गति भला क्या हो सकती है।

सवाल - यानी फंड न मिलने के कारण शहर का विकास अवरुद्ध हुआ?

जवाब - बिलकुल। फंड न मिलने के कारण केवल शुरुआती ढाई साल में विकास कार्य किये गए। भाजपा का शासन आने के बाद विकास कार्यों पर जबर्दस्त असर पड़ा। विकास कार्य ठप होने लगे।

सवाल - निगम कमिश्नर की वर्किंग को लेकर नगर निगम की परिषद में काफी नाराजगी है। क्या निगम कमिश्नर के कारण भी विकास कार्य लटके हैं?

जवाब - निगम कमिश्नर को यहां काम करने के लिये नहीं भेजा गया है। वे यहां काम करने की नीयत से आए ही नहीं हैं। निगम कमिश्नर को भिलाई से पता नहीं क्या दुश्मनी है? उन्होंने आज तक भिलाई की तरक्की के लिये कुछ नहीं सोचा। भिलाई के लोगों के हितों के लिये कुछ नहीं सोचा। भिलाई के हितों के विरुद्ध काम करते रहे हैं। जमकर मनमानी कर रहे हैं। कमिश्नर की मनमानी और विकास विरोधी सोच का असर भिलाई के विकास पर भी असर पड़ा। वे केवल मार्निंग वॉक करने सुबह निकलते हैं। फोटो खिंचवाकर न्यूज पेपर में विज्ञप्ति भेजते हैं। सरकार के पोर्टल में फोटो अपलोड करते हैं - यह बताने के लिये वे सुबह निरीक्षण के लिये निकले हैं।

सवाल - नगर निगम के कामकाज की मॉनिटरिंग निगम कमिश्नर करते हैं या नहीं?

जवाब - निगम अफसरों के साथ सुबह के समय सैर करने निकलने के सिवा वे कोई काम नहीं करते। अभी हमने घटिया सड़क निर्माण का खुलासा किया। खुलासे के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। कोई कार्रवाई नहीं की गई। कमिश्नर अगर रोज निरीक्षण करने जाते हैं, तो किसी विकास कार्य में कोई गड़बड़ी आज तक क्यों नहीं पकड़ पाए। आज तक किसी भी बस्ती में निरीक्षण करने क्यों नहीं गए। अगर निरीक्षण करना है तो बस्तियों में जाएं। गलियों में जाकर लोगों की समस्याएं पूछें। जलसंकट, सफाई, प्रकाश व्यवस्था की समस्याओं का जायजा लें और समाधान करें। ये काम देखने की बजाय वे केवल तालाब, गार्डन में सैर करने जाते हैं। साफ -सुथरी जगह पर निरीक्षण करने जाते हैं। सुबह 11 बजे तक सैर सपाटे के नाम पर निगम अफसरों का समय खराब करने के बाद निगम दफ्तर में आकर शाम चार बजे तक समीक्षा बैठक करते हैं। किस बात की समीक्षा? काम तो कुछ कर नहीं रहे। फिर समीक्षा किस बात की। उन्होंने नगर निगम के कामकाज का सत्यानाश कर दिया है। अगर भिलाई के कमिश्नर के रूप में अगले 6 महीने और पदस्थ रहे तो नगर निगम की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जाएगी।

सवाल - शासन के आदेश के बिना निगम कमिश्नर प्लाटों का ऑक्शन करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। क्या कमिश्नर पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है?

जवाब - नगर निगम की सबसे पॉवरफुल सभा सामान्य सभा होती है। सामान्य सभा में तीन चौथाई से प्रस्ताव पास होने के बावजूद निगम कमिश्नर प्रस्ताव को नहीं मानते। कमिश्नर न तो सामान्य सभा के फैसले को मानते हैं, न एमआईसी के निर्णय को मानते हैं। जिला प्रशासन या शासन की बात भी नहीं मानते। खुलेआम मनमानी चल रही है। ये ट्रंप का आदमी है। अगर शासन-प्रशासन की बात मान रहे होते, तो कोई न कोई तो इन्हें रोकता। लेकिन ये किसी की नहीं सुनते हैं, केवल मनमानी करते हैं।

सवाल - लेकिन विधायक रिकेश सेन की बात तो मानते हैं। संजय नगर खेल मैदान के आक्शन के मामले में रिकेश सेन के दखल के बाद उन्होंने आक्शन रद्द करने का फैसला किया।

जवाब - गलत। विधायक रिकेश सेन की बात भी कमिश्नर नहीं मानते। ऑक्शन के मामले में हमने एमआईसी बुलाई और निगम कमिश्नर को जमकर लताड़ा। हमने सवाल किया कि बिना नगर निगम की एमआईसी, सामान्य सभा और शासन से अनुमति के बिना आक्शन की प्रक्रिया कैसे शुरू कर दी गई। कमिश्नर ने जवाब दिया कि शासन के आदेश की प्रत्याशा में ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू की गई। एमआईसी में जवाबतलब करने के बाद प्लाटों की नीलामी की प्रक्रिया को रद्द किया गया। मैं फिर कह रहा हूं - कमिश्नर न तो विधायक की सुन रहे, न यहां के शासन-प्रशासन की बात मान रहे।

सवाल - अगले निगम चुनाव में कांग्रेस की क्या स्थिति रहेगी?

जवाब - भाजपा शासनकाल में चाहे शहर की सरकार की बात करें या कानून व्यवस्था, डवलपमेंट सहित अन्य महंगाई सहित किसी भी विषय पर व्यवस्था की बात कीजिये तो पता चलेगा कि वर्तमान सरकार हर मामले में पूरी तरह फेल है। सरकार में शासन कौन कर रहा है, यही पता नहीं चल रहा। शासन प्रशासन की हरेक व्यवस्था को लेकर हाहाकार मचा है। इसका चुनाव पर असर पड़ेगा। बीजेपी को जबर्दस्त नुकसान होगा। निश्चित रूप से अगले निगम चुनाव में कांग्रेस की वापसी होगी।

न्यूज गैलरी

शक्ति नगर तालाब गहरीकरण व पिचिंग कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

दुर्ग। पटरीपार क्षेत्र के वार्ड 17 शक्ति नगर स्थित तालाब के गहरीकरण व पिचिंग कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, वार्ड पार्षद सुरूचि उमरे, अरुण सिंह, उपअभियंता पंकज साहू और वार्ड के नागरिक मौजूद रहे। शक्ति नगर तालाब के संरक्षण और जल संरचना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तालाब गहरीकरण व पिचिंग कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के लिए लगभग 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि आगामी 20 दिनों के भीतर कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति नगर तालाब विकास कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की जल संरचना मजबूत होगी और नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

साई मंदिर समिति के अध्यक्ष बने चंदेल

दुर्ग। सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति श्री साई मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग के चुनाव में अध्यक्ष पद पर धनेंद्र कांत चंदेल चुने गए। सचिव पद पर धीरेंद्र शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए। रविवार को मतदान के जरिए हुए चुनाव में चंदेल ने श्रीकांत समर्थ को 28 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल को 88 वोट मिले, जबकि श्रीकांत समर्थ ने 60 वोट हासिल किये। सचिव पद पर धीरेंद्र शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सुधीर वाघ को 40 मतों से शिकायत दी। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा ने चुनाव में 95 वोट हासिल किये। सुधीर वाघ को 55 वोटों से संतोष करना पड़ा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा पैनल के समर्थकों ने जीत पर ढोल-बाजे की धुन के साथ जश्न मनाया। उनकी जीत पर सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय, समाजसेवी राकेश शर्मा, दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, अजय शर्मा, मनोहर सोनी, पवन बडज़ात्या, अल्ताफअहमद, पार्षद प्रकाश गीते, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, कंचन शुक्ला, संजय डहरवाल, राकेश सेन, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, साई मंदिर समिति के सदस्य विपिन बोहरा, रमेश शर्मा, मुरलीधर राऊत, रामेंद्र बंजारी, डॉ. सुधीर हिशिकर, संतोष खिरोड़कर, प्रकाश शिवणकर, गणेश निर्मलकर, अजय सुरपाम, डॉ. एमके साहू, प्रभाकर राव पाटने, ईश्वर अग्रवाल, अतुल मढरिया, नारायण साहू, राजू साहू, अरविंद लोखंडे के अलावा अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।

जिले में 24 शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आबंटन निरस्त

■ **15 जून तक नए आवेदन**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले की 24 शासकीय उचित मूल्य दुकानों (राशन दुकानों) के संचालन में अनियमितता पाए जाने पर उनका आबंटन निरस्त कर दिया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 16 के तहत यह कार्यवाही की गई है। निरस्त दुकानों में महिला स्व सहायता समूह, संगवारी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उप सेवा सह समिति मर्या., नवीन महिला स्व सहायता समूह, शंकरा महिला स्व सहायता समूह, जय शक्ति महिला स्व सहायता समूह, जय श्री कृष्ण महिला स्व सहायता समूह, दुर्ग सहकारी विपणन समिति, कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका, जय सदाराम महिला स्व सहायता समूह, मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह, सामुदायिक विकास समिति भिलाई, एकता महिला स्व सहायता समूह, सामुदायिक विकास समिति भिलाई, बीएसपी प्राथमिक सह. उप. भण्डार, सहकारी उपभोक्ता भण्डार भिलाई, विन्ध्यवासिनी महिला स्व सहायता समूह, नवीन प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार, स्टील नगर महिला स्व सहायता समूह, जय भवानी महिला स्व सहायता समूह, इस्पात कर्मचारी कन्ज्यूमर कोआपरेटिव स्टोर्स मर्या. भिलाई, सामुदायिक विकास समिति रविदास नगर भिलाई, संतोषी महिला स्व सहायता समूह, भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ केम्प 1 भिलाई और प्रेरणा महिला स्व सहायता समूह शामिल है।

शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु आवेदन केवल संबंधित वार्ड की स्थानीय संस्था द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे। स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है।

खाद्य नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार उचित मूल्य की दुकानों के आबंटन ऐसे सहकारी समितियों और महिला स्व सहायता समूहों का किया जाएगा, जो आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत व कार्यरत हो और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव हो। ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। छ. ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 में दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आबंटन किया जाएगा।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं या अधिकृत व्यक्ति/साधारण डाक के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) दुर्ग कार्यालय में जमा करना होगा। दुकान आबंटन की प्रक्रिया न्यायालयीन निर्णय व शासन के निर्देशों के अधीन होगी।

ईएसआईसी हॉस्पिटल में एनुअल हेल्थ चेकअप कैंप

भिलाई/नवप्रदेश। सुपर स्पेशलिटी ईएसआईसी हॉस्पिटल नेहरू नगर में एनुअल हेल्थ चेकअप का शिविर गुरुवार से शुरू किया गया। शिविर का उद्घाटन ईएसआईसी हास्पिटल भिलाई के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ अर्चना बारीक ने किया। इस अवसर पर डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ एसएस हसन, डॉ नवीन, डॉ अभिलाषा व अन्य स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे। केंद्र सरकार ने 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ईएसआई मेंबर्स का हेल्थ चेकअप करने के लिये अभियान शुरू करने के निर्देश दिये हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर ईएसआईसी हॉस्पिटल में रोज लगभग सौ से ज्यादा मरीजों का चेकअप किया जा रहा है। कैंप में ईएसआईसी से इंश्योर्ड पर्सन का ही हेल्थ चेकअप किया जा रहा है।

झीरम के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

दुर्ग/नवप्रदेश। बस्तर के झीरम घाटी में नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को आज राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेसजनों ने झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी शहादत को नमन किया । जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि झीरम घाटी का वह मंजर याद करके आज भी रूह कांप उठती है। वह केवल एक हमला नहीं था, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और छत्तीसगढ़ की शांति पर हुआ कायरता भरा प्रहार था। इस दौरान पूर्व महापौर आरएन वर्मा, देवेंद्र देशमुख, रत्ना नारमदेव, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, प्रीतम देशमुख, आनंद कपूर ताम्रकार, निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, भोजराज यादव, सुनीत घोष, मुकेश साहू, गुरदीप भाटिया, मेहरा, बृजमोहन तिवारी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

मकान के अंदर चल रहा था जुआ, पुलिस की रेड में 5 गिरफ्तार

■ **16.70 लाख की कार-बाइक और कैश जब्त**

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार इलाके में पुलिस ने रेड मारकर मकान के अंदर जुआ फड़ चलाने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में पुलिस ने करीब 16 लाख 70 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है, जिसमें नगद रकम, कार, बाइक, मोबाइल फोन और जुआ खेलने का सामान शामिल है। पुलिस को खबर मिली थी कि सड़क एवेन्यू क्वार्टर नंबर 6 स्थित एक मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो भीतर पांच लोग जुआ खेलते हुए पाए गए। सभी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 92 हजार 615 रुपए कैश, 52 पत्ती के दो ताश की गड्डी, दो कार, दो बाइक सहित मोबाइल फोन जब्त किए। प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबल और जुआ फड़ चलाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान भी बरामद किये गए है। गिरफ्तार आरोपियों में जानकी रमैया (60), जितेंद्र सिंह (58), अशोक कुमार सोनी (45), मोहम्मद अनीस (51) और रवि कुमार (50) शामिल हैं। सभी आरोपी भिलाई और आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। इधर, भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में कसाई मोहल्ला नाला के पास खुले स्थान पर जुआ खेल रहे 7 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश और 1200 नकद बरामद किया गया। आरोपियों में दानिश कुरैशी, विरेन्दर चौहान, मोहम्मद चांद, मोहम्मद जाफर, रितिक कोलते, रेहान हुसैन शेख अफरोज शामिल हैं।

कोक ओवन गैस रिसाव पर सुरक्षा मॉकड्रिल

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी द्वारा विगत दिनों में रोल टर्निंग शॉप विभाग के फोर्जिंग एवं ब्रेजिंग सेक्शन में संभावित कोक ओवन गैस रिसाव आपदा की स्थिति से निपटने हेतु सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान महाप्रबंधक (आरटीएस) एसके गुप्ता ने मुख्य नियंत्रक के रूप में संपूर्ण अभ्यास का नेतृत्व और पर्यवेक्षण किया। अभ्यास के अंतर्गत कोक ओवन गैस रिसाव की काल्पनिक आपात स्थिति निर्मित की गई, जिसके माध्यम से कर्मचारियों एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों ने नियंत्रित परिस्थितियों में समन्वित बचाव और सुरक्षा उपायों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के सफल संचालन में विभिन्न विभागों और एजेंसियों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में अग्निशमन सेवा विभाग से अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस, गैस सेफ्टी विभाग से विजय देवांगन, सीआईएसएफ से एसके पाण्डेय, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग से केआर साहू, सहायक महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी (आरएसएम) सुनील शुक्ला, मानव संसाधन (मिल्स जोन-2) से अनुराधा साहा, सिविल डिफेंस से स्वतंत्र कुमार सहित आरटीएस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के बाद समीक्षा बैठक में आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और अपनाई गई सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई। कार्यस्थल सुरक्षा, आपदा प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिए गए।

बरसात पूर्व तैयारियों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में प्रातः भ्रमण के दौरान वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम शीतला मंदिर के पास निर्माणाधीन रिटर्निंग वॉल का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात शुरू होने से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सामुदायिक सुलभ शौचालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आयुक्त ने शौचालय में नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त पानी और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने वार्ड 25 जवाहर नगर स्थित श्रीराम हाईट्स के पास चैन एक्सीवेटर के माध्यम से चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। सफाई कार्य को व्यवस्थित ढंग से करने, जलकुंभी व अन्य कचरे को पूरी तरह हटाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि बरसात के दौरान जल निकासी सुचारू रूप से होने के लिए नालों की सफाई समय पर और प्रभावी तरीके से करना आवश्यक है, जिससे जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। जवाहर नगर नाला के समीप अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया गया है। जोन आयुक्त को विधिवत आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

रोड पर अवैध निर्माण, पुलिस की मौजूदगी में निगम ने जेसीबी से हटाया अतिक्रमण

भिलाई नगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। निगम की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी के माध्यम से रोड और रास्ते की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को हटाया। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को अतिक्रमण की जानकारी मिली थी कि एन. संतोषी और एन. शैलजा पति एन. धनराजु, निवासी राजीव आवास निवासी कोहका कैलाश नगर कुरूद भिलाई द्वारा प्लाट खसरा नंबर 1606/109 एवं 1606/110 में बिना भवन अनुज्ञा के रोड की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

निगम प्रशासन द्वारा संबंधित पक्षों को स्वयं अवैध निर्माण हटाकर निगम को सूचित करने निर्देशित किया गया। नोटिस के बावजूद संबंधितों द्वारा कोई समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद आज जोन-2 राजस्व विभाग, बेदखली टीम और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध अतिक्रमण व बिना अनुमति निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक मार्ग और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

अल्जाइमर मरीजों की याददाश्त सुधारेगा चिरायता: रूंगटा यूनिवर्सिटी में दिमागी बीमारियों पर बड़ा अध्ययन

डॉ. मुकेश का रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल ब्रेन डिसऑर्डर्स में प्रकाशित

भिलाई/नवप्रदेश। भूलने की बीमारी और अल्जाइमर जैसी गंभीर दिमागी समस्याओं के इलाज को लेकर भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण रिसर्च की है। रिसर्च में सामने आया है कि चिरायता नामक औषधीय पौधा दिमाग की कमजोर होती याददाश्त को सुधारने में मददगार साबित हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में यह पौधा अल्जाइमर जैसी बीमारी के इलाज में बड़ी भूमिका निभा सकता है। यह रिसर्च रुंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च (रुंगटा यूनिवर्सिटी) में की गई। शोधकर्ता डॉ मुकेश शर्मा ने बताया कि अल्जाइमर ऐसी बीमारी में व्यक्ति

धीरे-धीरे चीजें भूलने लगता है। समय के साथ मरीज की सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित होने लगती है। दुनिया भर में इस बीमारी के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं और अब तक इसका पूरी तरह सफल इलाज उपलब्ध नहीं हो पाया है। यह रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक जर्नल ब्रेन डिसऑर्डर्स में प्रकाशित हुआ है। यह जर्नल विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्था एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

चूहों पर किया गया परीक्षण

रिसर्च में बताया गया कि शरीर में बढऩे वाला ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। यही कारण याददाश्त कमजोर होने की बड़ी वजह माना जाता है। वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में चूहों पर प्रयोग किया। इसके लिए एल्युमिनियम क्लोराइड नामक रसायन का उपयोग किया गया, जिससे चूहों में भूलने की समस्या पैदा हुई। इसके बाद कुछ चूहों को चिरायता के पौधे का अर्क अलग-अलग मात्रा में दिया गया। रुंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ एजाजुद्दीन का भी इसमें विशेष मार्गदर्शन रहा।

सीखने की क्षमता हुई बेहतर

जिन चूहों को केवल एल्युमिनियम क्लोराइड दिया गया, उनकी याददाश्त कमजोर हो गई। वे नई वस्तुओं को पहचानने में कठिनाई महसूस कर रहे थे। जिन चूहों को चिरायता का अर्क दिया गया, उनमें स्पष्ट सुधार दिखाई दिया। रिसर्च में यह भी सामने आया कि चिरायता में फ्लेवोनॉयड, फिनॉल और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई प्राकृतिक तत्व मौजूद हैं। ये तत्व दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

आयुर्वेद में हो रहा इस्तेमाल

शोधकर्ताओं ने बताया कि चिरायता का उपयोग लंबे समय से आयुर्वेदिक औषधि के रूप में किया जाता रहा है। इसका इस्तेमाल बुखार, मधुमेह, लिवर संबंधी समस्याओं और शरीर की सफाई के लिए भी किया जाता है। इस नए अध्ययन ने संकेत दिया है कि यह पौधा दिमागी बीमारियों के इलाज में उपयोगी हो सकता है।

संक्षिप्त खबरें

नारायण के लिए खुशियों से भरा रहा सुशासन तिहार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम आलीखूंटा के निवासी श्री नारायण लाल चंद्रवंशी के लिए खुशियों भरा रहा। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से तत्काल निःशुल्क ड्रायविंग लाईसेंस बनाकर दिया गया। इस दौरान ड्राइविंग लाईसेंस की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो गई। श्री नारायण लाल ने बताया कि उनके पास कार है और पिछले कुछ दिन पहले वे ड्राईविंग लाईसेंस बनवाना चाहते थे। निःशुल्क ड्राईविंग लाईसेंस बन जाने से अब उन्हें आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने अपने मित्रों एवं परिवारजनों को भी शिविर का लाभ लेने और निःशुल्क ड्राइविंग लाईसेंस बनवाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न तरह के कार्य किए जा रहे है और जनमानस को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी मिल रही है। शिविर में सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे जनसामान्य जागरूक हो रहे है।

सूत सारथी समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव पूर्ण, योगेश बने प्रदेश अध्यक्ष

खैरागढ़/नवप्रदेश। सूत सारथी समाज की नई प्रदेश कार्यकारणी का गठन राजधानी रायपुर के लाखेनगर स्थित सुंमत भवन मे हुआ। प्रदेश स्तरीय चुनाव मे प्रदेश भर के सभी जिलो से भारी संख्या मे आये समाज पदाधिकारियो और सदस्यो की उपस्थिती मे योगेश सारथी अध्यक्ष पद व महासचिव पद पर विक्रम सेंगर भारी मतो से विजय हुए। अध्यक्ष पद के लिए सीधे हुए चुनाव मे योगेश सारथी को 483 मत और प्रतिद्वंदी रहे शिव सारथी को मात्र 31 मत मिले । महासचिव पद पर हुए चुनाव मे विक्रम सेंगर को 462 और प्रतिद्वंदी पवन बघेल को 45 मतो से ही संतोष करना पड़ा । उपाध्यक्ष पद पर गणेश सोनवानी, कोषाअध्यक्ष पद पर लक्ष्मी प्रसाद सारथी, कार्यकारिणी पद में स्मृति बाला बंछोर, सरोज हेमलता सारथी, मुरारी सारथी, अशोक सारथी, हेमंत सारथी, जीवन सारथी निर्विरोध चुने गये। चुनाव समिति के अध्यक्ष ए .आर.बघेल , पुष्यंत नागवंशी सहित अन्य सदस्यो द्वारा विधिवत चुनाव कराकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। चुनाव समिति सदस्य पुष्यंत नागवंशी ने बताया कि प्रदेश स्तर पर समाज के प्रतिनिधियों के निर्वाचन मे सभी जिलो से पहुँच प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया । नई प्रदेश समिति अब जिला सहित अन्य निर्वाचन कार्य पूर्ण कराएगी ।

खाद-बीज की उपलब्धता को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिवसेना ने किसानों सहित जिले मे खाद बीज कमी की समस्या को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा । खैरागढ़ शिवसेना के जिला अध्यक्ष राम ठाकुर ने ज्ञापन मे मांग करते कहा कि जिले के सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती कार्य प्रभावित न हो। ठाकुर ने कहा कि किसानों द्वारा खेती का कार्य शुरू कर दिया गया है आगामी जून माह में बोनी कार्य भी प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में किसानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज की पर्याप्त व्यवस्था करना आवश्यक है। इस दौरान निजी खाद विक्रेताओं पर निगरानी रखने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में शिवसैनिको ने कहा कि पिछले वर्ष कई निजी व्यापारियों द्वारा किसानों को अधिक कीमत पर खाद बेची गई थी, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। निजी दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर मूल्य सूची अनिवार्य रूप से लगाए जाने, शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद या बीज बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष राम ठाकुर, युवा सेना जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लोधी निर्भय साहू, अज्जू ठाकुर , धनराज राजपूत , महेंद्र सिंह परिहार रीना ठाकुर सहित शिव सैनिक उपस्थित थे।

खैरागढ़-छुईखदान जिले में जारी है मोर गांव-मोर पानी महाभियान

खैरागढ़खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता के संचालित किया जा रहा है। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से विभिन्न जल संरक्षण कार्यों में अब तक जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य संपादित किए गए हैं। इनमें समुदाय के लिए बोरवेल पुनर्भरण हेतु रेत फिल्टर एवं पुनर्भरण गड्ढा निर्माण के 202 कार्य, भू-जल संरक्षण के 26, तथा समुदाय के लिए तालाब निर्माण एवं पुनरुद्धार के 295 कार्य शामिल हैं। सरकारी एवं पंचायत भवनों में छत पर वर्षा जल संचयन संरचनाओं के 102 कार्य पूर्ण किए गए हैं। समुदाय के लिए मिनी अंतःश्रवण टैंक निर्माण के 25 कार्य एवं समुदाय के लिए गेबियन चेक डैम निर्माण के 34 कार्य भी किए गए हैं। व्यक्तिगत लाभार्थियों के अंतर्गत भी जल संरक्षण के साथ-साथ आजीविका संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अंतर्गत व्यक्तियों के लिए इरिगेशन ओपन वेल के 97 कार्य तथा कृषि तालाब निर्माण के 369 कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ-साथ उनकी आय में वृद्धि के अवसर भी सुनिश्चित हो रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में नवा तरिया आय का जरिया अभियान के अंतर्गत नए तालाबों का निर्माण एवं पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को मत्स्य पालन, सिंचाई एवं अन्य आयवर्धक गतिविधियों के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा स्वप्रेरणा से अपने घरों में निजी सोख्ता गड्ढा एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संरक्षण बढ़ रहा है और भू-जल स्तर में सुधार होगा। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिए गए है कार्यो मे लक्ष्य आगामी वर्षा ऋतु में अधिकतम जल संग्रहण सुनिश्चित करने का है।

कवर्धा शहरवासियों को मिला सुव्यवस्थित मित्र मिलन चौपाटी की सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन विभाग कार्यालय के सामने राशि 64 लाख 34 हज़ार की लागत से सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उपस्थिति अतिथियों ने चौपाटी में व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों से फीता कटवाकर किया। उन्होनें चौपाटी लोकार्पण कर व्यापारियों के साथ उसके व्यवसाय को लेकर चर्चा करते हुए उज्जवल भविष्य व उत्तरोत्तर प्रगति की ओर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इस नव निर्मित चौपाटी में शहर के 60 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होनें लोकार्पण के बाद चौपाटी का अवलोकन किया गया तथा मंच से ही सुविधाओं की सराहना की गई। उन्होनें कहा कि नई चौपाटी में शहरवासियों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को अलग-अलग जगह जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह स्थल न केवल खानपान के लिए, बल्कि परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के लिए भी एक आकर्षक केंद्र बनेगा। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही।

नवनिर्मित ÷मित्र मिलन चौपाटी÷ का विजय शर्मा जी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लेते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से गुपचुप, समोसा, सेव पुरी सहित अन्य लोकप्रिय व्यंजनों का आनंद लिया और स्टाल संचालकों से आत्मीयता से संवाद किया। उन्होंने एक-एक ठेले पर जाकर न केवल व्यंजनों का स्वाद चखा, बल्कि वहां के व्यवसायियों के प्रयासों और उनके स्वादिष्ट पकवानों की खुलकर सराहना भी की। चौपाटी में उमड़ी भीड़ और उत्साह को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे कवर्धा शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

सर्वसुविधा युक्त चौपाटी की सौगात-नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर में अव्यवस्थित रूप से फैल रहे फुटपाथ व्यापार को एक व्यवस्थित रूप देने के साथ-साथ विक्रेताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। चौपाटी में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को सुविधा मिलेगी। इस पहल से जहां एक ओर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर फुटपाथ विक्रेताओं को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका का अवसर प्राप्त होगा। स्फुटपाथ विक्रेताओ ने भी इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। उन्होनें बताया कि नव निर्मित चौपाटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां शहरवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे।

20 गांवों के किसानों ने बनाई 'किसान उत्थान समिति', लावारिस पशुओं और फसल नुकसान रोकने सामूहिक पहल

अब नीले रंग से होगी मवेशियों की पहचान किसानों ने फसल बचाने का निकाला फार्मूला

गुण्डरदेही/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक में किसानों ने फसल को लावारिस मवेशियों से बचाने के लिए अनोखी और सामूहिक पहल शुरू की है। अब क्षेत्र के किसान अपने गाय, बैल और भैंसों के सींगों को नीले रंग से रंगेंगे, ताकि पशुओं की आसानी से पहचान हो सके और फसल नुकसान की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

इसी उद्देश्य को लेकर क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के किसानों ने मिलकर ÷किसान उत्थान समिति÷ का गठन किया है। समिति के माध्यम से किसानों की समस्याओं और मवेशियों से जुड़े मुद्दों का सामूहिक समाधान किया जाएगा।

हर गांव में बनेगी किसान टीम

विगत दिनों आयोजित किसान सभा में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गांव में कम से कम पांच किसानों एवं संबंधित सरपंच को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। समिति में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष नहीं होंगे, बल्कि संयोजक अथवा सचिव के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।

5 जुलाई तक चरवाहों को सौंपे जाएंगे मवेशी: किसानों ने निर्णय लिया कि आगामी 5 जुलाई तक सभी किसान अपने पशुधन को बरदिहा/चरवाहा के सुपुर्द करेंगे, ताकि खेतों में खुले घूम रहे पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

इसके साथ ही सभी किसान अपने मवेशियों के सींगों पर नीले रंग का पेंट लगाएंगे, जिससे पशुओं का चिन्हांकन आसान होगा और यह पता चल सकेगा कि पशु किस गांव या किसान का है।

समस्या नहीं सुलझी तो समिति करेगी पहल: बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि किसी गांव में किसान अपनी समस्या स्वयं हल नहीं कर पाते हैं, तो किसान उत्थान समिति हस्तक्षेप कर समाधान का प्रयास करेगी। समिति की जानकारी 26 मई को एसडीएम कार्यालय को भी दी गई।

हर माह होगी बैठक, जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जाएगा

किसानों ने दिसंबर तक प्रत्येक माह समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों को भी बैठकों में अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

80 से अधिक किसान हुए शामिल: बैठक में 80 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से भरदाकला के सरपंच एवं ग्रामीण अध्यक्ष क्रांति भूषण साहू, चीरचार के चुकेश्वर साहू, जनपद सदस्य अनिल सोनी सहित सिब्दी, बरबसपुर, गोडेला, चिरचार, भिलाई, ओडारसकरी, देवसरा, खुरसुनी, खुर्शुल, मोहदीपाठ, बघेली, बोडेना, बहमनी और मटेवा सहित लगभग 20 गांवों के किसान उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार शिविर में स्वास्थ्य जांच से नयन बाई को मिली राहत

- घर के पास मिली स्वास्थ्य सुविधा, बीपी जांच के बाद डॉक्टरों ने दी निःशुल्क दवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 रेवाडीह वार्ड में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आम नागरिकों के लिए राहत और सुविधा का केंद्र बन रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर से रेवाडीह वार्ड निवासी नयन बाई को समय पर स्वास्थ्य जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा मिली।नयन बाई ने बताया कि शिविर में उनकी रक्तचाप (बीपी) जांच की गई, जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। जांच के बाद उन्हें निःशुल्क दवाई भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि पहले उन्हें इस तरह की सुविधाओं की जानकारी नहीं थी, लेकिन शिविर लगने से घर के पास ही स्वास्थ्य जांच और इलाज की सुविधा आसानी से मिल गई।

उन्होंने बताया कि बिना किसी खर्च के स्वास्थ्य जांच, डॉक्टर से परामर्श और दवाई मिलने से उन्हें काफी राहत महसूस हुई। नयन बाई ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी हैं, विशेषकर उन लोगों के लिए जो समय या आर्थिक कारणों से अस्पताल नहीं जा पाते।उन्होंने शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों तक जरूरी सेवाएं पहुंच रही हैं, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

सद्गुरु कबीर आश्रम करहीभदर में होगा भव्य 'बाल संस्कार शिविर और सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव'

बालोद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम करहीभदर स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में आगामी 28 से 31 मई 2026 तक ÷बाल संस्कार शिविर एवं सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव÷ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में आध्यात्मिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें प्रदेशभर से संत, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

28 मई को होगा उद्घाटन एवं दीप प्रज्ज्वलन-कार्यक्रम की पूर्व संध्या 28 मई 2026, गुरुवार को शाम 7 बजे उद्घाटन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। इस अवसर पर ग्राम करहीभदर के सरपंच बसंत तारम, उपसरपंच धनंजय साहू, साहू समाज अध्यक्ष भानू साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लीलाराम डड़सेना, ग्राम पटेल लिलेश्वर साहू, ब्रह्माकुमारी बहनें, देवघर साहू, हेमंत अठनागर, गणेश साहू, वार्ड पंच लता यादव, दीपा साहू, डॉ. युधन सरवानी एवं ओ.पी. साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

1 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव में सद्गुरु कबीर के विचारों एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बालोद के संगीत प्रतिभाओं का राज्यस्तर पर जलवा

- 'सुर संग्राम सीजन-2' में निर्णायक बने मुनमुन सिन्हा और हेमंत साहू, दल्लीराजहरा के दीपक सोना ने पाया तीसरा स्थान

बालोद/नवप्रदेश। स्वर्गीय प्रीतम दास कुलदीप जी की स्मृति में 24 मई 2026 को कला मंच आयोजन समिति भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय एकल गायन प्रतियोगिता ÷सुर संग्राम सीजन-02÷ संगीत प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। इस प्रतियोगिता में जहां प्रदेशभर के प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने सुरों का जादू बिखेरा, वहीं बालोद जिले की प्रतिभाओं ने निर्णायक और प्रतिभागी दोनों रूपों में अपनी विशेष पहचान बनाई।

बालोद जिले के मुनमुन सिन्हा और हेमंत साहू बने निर्णायक: प्रतियोगिता में बालोद जिले की चर्चित संगीत प्रतिभाएं मुनमुन सिन्हा और हेमंत साहू निर्णायक मंडल में शामिल रहे। दोनों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति को सुर, ताल, लय, रिदम, प्रस्तुतीकरण और संगीत की बारीकियों के आधार पर परखा। दोनों निर्णायकों ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी बेहद प्रतिभाशाली थे और विजेताओं का चयन करना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन अंचल की छुपी प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बालोद जिले के दल्लीराजहरा निवासी दीपक सोना ने शानदार प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। दीपक की प्रस्तुति को दर्शकों और निर्णायकों ने खूब सराहा।

झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

खैरागढ़/नवप्रदेश। झीरम घाटी नक्सली हमला की 13 वीं बरसी पर सोमवार शाम शहर कांग्रेस द्वारा स्थानीय जय स्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर झीरम घाटी हमले में शहीद हुए नेताओं और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मौन रखकर शहीदो को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने झीरम घाटी हमले को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए कहा कि घटना के 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाया है। नेताओं ने कहा कि आज तक झीरम कांड की पूरी सच्चाई सामने नहीं आई और हमले के मास्टरमाइंड भी बेनकाब नहीं हो सके हैं।

35 समूह की दीदियों को मिल रहा व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण

- कपड़े एवं सिलाई के व्यवसाय में ग्रामीण महिलाओं का हो रहा कौशल उन्नयन

कवर्धा/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ज़िले में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों एवं कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में अनेकों गतिविधियां प्रारंभ की गई है। जिला पंचायत द्वारा बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण के लिए एक ही छत के नीचे लाकर आजीविका के नए स्रोतों से जोड़ने प्रयास हो रहा हैं। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल की पहल पर कबीरधाम जिले में शाही एक्सपोर्ट संस्था द्वारा 35 स्व-सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों के लिए दिनांक 24 अप्रैल से 45 दिवसीय व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ जनपद पंचायत कवर्धा के सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र बिरकोना में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीदियों को आधुनिक सिलाई की तकनीक, रेडीमेड वस्त्र निर्माण, डिजाइनिंग, कटिंग, फिनिशिंग एवं बाजार के मांग अनुसार परिधान निर्माण की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय वृद्धि के अवसर उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। चल रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता देखने एवं प्रतिभागियों से चर्चा करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर आजीविका के इस नए कार्य का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की।

नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने व फिडबैक लेने के निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिये राजनांदगांव में स्वच्छता की टीम आने को ध्यान में रखकर आज निगम सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर एसएलआरएम सेन्टरों एवं शौचालयो में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ करने तकानीकि अधिकारियो से कहा। वही वार्डो में साफ सफाई में और सुधार लाकर नागरिकों को स्वच्छता से जोड गिला सुखा कचरा अलग अलग देने, उनसे फिडबैक लेने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में उप अभियंताओं से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड में स्वच्छता सर्वेक्षण के माप दण्ड के अनुसार शौचालयो में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये। शौचालयो में सामग्री उपलब्ध कराना है, एकजास्ट फैन,सेनेटरी मशीन, डस्टबिन, आयना, हैण्ड वास, पेपर नेपकीन, बाल्टी, मग आदि की व्यवस्था करनी है। इसके अलावा शौचालय का नाम तथा महिला, पुरूष, बच्चे विकलांग व वासबेसिंन का स्पष्ट उल्लेख करना है। सेप्टीक टैंक के पास के सोकपीठ ठीक करे। साथ ही एसएलआरएम सेन्टरो में आवश्यकता अनुसार रंगरोगन, सूची लेखन के अलावा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि बाजार और व्यवसायिक क्षेत्रों में गिला व सुखा कचरा के लिये अलग अलग डस्टबिन लगावे। इसके अलावा तालाब उद्यान, चैक-चैराहो, की साफ सफाई कर वहा डस्टबिन लगायेगे, स्वच्छता संबंधी सूचना पटल लगावे तथा नाली व नालो में जाली लगाना सुनिश्चित करेंगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा कि एसएलआरएम सेन्टर में साफ सफाई के अलावा सभी व्यवस्था दुरूस्त रखे, गिला सुखा कचरा पृथकरकरण कार्य में तेजी लावे, कचरा जमा न होने दे, पीठ में खाद बनाने की प्रक्रिया का सुचारू संपादन करे।

देश के टॉप 100 डीएम में शामिल होने पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का विप्र समाज ने किया सम्मान

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला विप्र समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें मोमेंटो भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बालोद जिले को गौरवान्वित करने पर समाज के लोगों ने उनका अभिनंदन किया।गौरतलब है कि फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट एजेंसी द्वारा देश के 800 जिलों में किए गए प्रतिष्ठित सर्वे में बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को देश के 100 सर्वश्रेष्ठ जिला मजिस्ट्रेट्स (डीएम) की सूची में शामिल किया गया है। विशेष बात यह रही कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह सम्मान उन्हें बेहतर प्रशासनिक कार्यशैली, त्वरित निर्णय क्षमता, नवाचार, संकट प्रबंधन तथा आम जनता के प्रति संवेदनशीलता जैसे 10 प्रमुख मानकों पर मिले जनमत के आधार पर प्रदान किया गया है।

दलपत सागर में 'पी-पी' की दुनिया, कमल पत्तों पर चलता यह मेहमान बना आकर्षण का केंद्र

■ **मादा करती है 'राज', नर निभाता है बच्चों की परवरिश; पक्षियों की दुनिया का अनोखा किरदार**

अनिल सामंत

जगदलपुर/ नवप्रदेश। शहर के बीच बसे दलपत सागर की शांत जलराशि इन दिनों एक ऐसे पक्षी की वजह से लोगों का ध्यान खींच रही है, जिसे स्थानीय लोग प्यार से 'पी-पी' कहकर पुकारते हैं। कमल और जलकुंभी के पत्तों पर बिना डूबे इत्मीनान से चलते हुए भोजन तलाशता यह पक्षी लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। इसकी पहचान कांसे जैसे चमकदार पंखों और बेहद लंबी उंगलियों वाले जकाना पक्षी के रूप में होती है, जो दलपत सागर के वेटलैंड क्षेत्र की जीवंत तस्वीर पेश करता नजर आता है।

स्थानीय बोली में इसे 'पी-पी' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इसकी आवाज बिल्कुल पी-पी जैसी सुनाई देती है। सुबह और शाम के समय दलपत सागर में यह बड़ी संख्या में दिखाई देता है। पानी के ऊपर तैरते कमल पत्तों पर इसका संतुलन देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। दरअसल इसकी असामान्य रूप से लंबी उंगलियां और पंजे शरीर के वजन को पत्तों पर समान रूप से बांट देते हैं,

जिससे यह आसानी से बिना डूबे भोजन की तलाश करता रहता है। कीट-पतंगों, छोटे जीवों और जल वनस्पतियों के बीच इसकी सतत गतिविधि दलपत सागर के जैव विविधता तंत्र को भी जीवंत बनाए रखती है।

इस पक्षी की दुनिया सामान्य पक्षियों से काफी अलग है। यहां परिवार की जिम्मेदारी का समीकरण उल्टा दिखाई देता है। जहां अधिकतर पक्षियों में मादा अंडों और बच्चों की देखभाल करती है, वहीं जकाना में नर पक्षी अंडों को सेने से लेकर चूजों के पालन-पोषण तक की पूरी जिम्मेदारी निभाता है। किसी खतरे का आभास होते ही नर अपने नन्हे चूजों को पंखों के भीतर छिपाकर सुरक्षित स्थान की ओर निकल पड़ता है। वहीं मादा आकार में नर से बड़ी होती है और एक साथ कई नर साथियों के बीच अपना प्रभुत्व बनाए रखती है।

दलपत सागर का 'अजब-गजब' मेहमान

कमल के पत्तों पर चलने वाला यह जकाना पक्षी केवल अपनी बनावट के कारण ही खास नहीं है, बल्कि इसकी पारिवारिक व्यवस्था भी लोगों को चौंकाती है। सामान्य प्रकृति नियमों से उलट यहां मादा का दबदबा दिखाई देता है, जबकि नर घर-परिवार की जिम्मेदारी संभालता है। खतरा महसूस होने पर नर अपने चूजों को पंखों के भीतर छिपाकर बचाता है। स्थानीय लोगों के बीच 'पी-पी' नाम से प्रसिद्ध यह पक्षी दलपत सागर की जैव विविधता और प्राकृतिक सुंदरता का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100104

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी ओमप्रकाश पिता/पति स्व. झुमुकलाल पता चांदमारी डिपरापारा दुर्ग, अंगेश्वर पिता/पति स्व. झुमुकलाल पता चांदमारी डिपरापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 133(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता माधुरी सिन्हा पिता/पति स्व. अंगेश्वर सिन्हा पता मकान नं. 321 चांदमारी डिपरापारा वार्ड 37 दुर्ग, ओमप्रकाश पिता/पति स्व. झुमुकलाल पता चांदमारी डिपरापारा दुर्ग, रेणु सिन्हा पिता/पति स्व. अंगेश्वर सिन्हा पता मकान नं. 321 चांदमारी डिपरापारा वार्ड 37 दुर्ग, ललिता बाई सिन्हा पिता/पति स्व. अंगेश्वर सिन्हा पता मकान नं. 321 चांदमारी डिपरापारा वार्ड 37 दुर्ग, पायल सिन्हा पिता/पति स्व. अंगेश्वर सिन्हा पता मकान नं. 321 चांदमारी डिपरापारा वार्ड 37 दुर्ग, वर्षा जायसवाल पिता/पति स्व. अंगेश्वर सिन्हा पता कसारीडीह दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं कोरा गुप्ता आ. के. टाटा राव उम्र-42 वर्ष मेरे पुत्र का पुराना नाम के. दीपक (K.Deepak) निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग, छ.ग. में (पुराना नाम) से बदलकर कोरा दीपक (Kora Deepak) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कोरा गुप्ता आ. के. टाटा राव
निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

डिब्बे में डीजल नहीं मिलने से नाराज किसान

जगदलपुर/ नवप्रदेश। बस्तर संभाग के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 8 दिनों के भीतर उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को उठाते हुए कहा कि लगातार बढ़ती खेती लागत, महंगा डीजल, खाद संकट और सिंचाई संबंधी परेशानियों ने किसानों की स्थिति कमजोर कर दी है। किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों के कई पेट्रोल पंपों में डिब्बे में डीजल नहीं दिया जा रहा, जिससे खेतों में सिंचाई पंप, ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों के संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इससे खेती का काम प्रभावित हो रहा है और किसान परेशान हैं।

किसानों ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को भी खेती की बढ़ती लागत का प्रमुख कारण बताया। उनका कहना है कि ट्रैक्टर, थ्रेसर, पंप एवं अन्य कृषि यंत्रों के संचालन में पहले की तुलना में अधिक खर्च आ रहा है, जबकि उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने से आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि डिब्बे में डीजल उपलब्ध कराने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि खेती कार्य प्रभावित न हो।

नाम-परिवर्तन

मैं प्रमिला पंडित पति भीम पंडित उम्र 36 वर्ष पता एम आई जी 92 फेस 1 कबीर नगर टाटीबंध तह व जिला रायपुर (छ.ग.) 492099 का हुँ। मेरा वर्तमान नाम प्रमिला देवी (PRAMILA DEVI) का भविष्य मे नाम प्रमिला पंडित (PRAMILA PANDIT) रखाना चाहती हूँ तथा उक्त नाम प्रमिला देवी (PRAMILA DEVI) का अंगीकार करना चाहती हूँ। यह कि मेरा नाम प्रमिला देवी (PRAMILA DEVI) स्थान पर प्रमिला पंडित (PRAMILA PANDIT) के नाम पर पुकारा जावे व जाना जावे व पहचाना जावे न की पूर्व नाम प्रमिला देवी (PRAMILA DEVI) यदि भविष्य मे इस संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरी होगी।

शपथकर्ती
नाम प्रमिला पंडित
निवासी एम आई जी 92 फेस 1 कबीर नगर टाटीबंध तह व जिला-रायपुर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रकाश घोरपडे पिता मारूती घोरपडे निवासी-मकान नं. 0288/30 न्यू सराफा लाईन पुरोहित लॉज के सामने जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन नं. 491001 का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुराना नाम प्रकाश मारूती घोरपडे पिता मारूती घोरपडे है जिसे त्यागकर नया नाम प्रकाश घोरपडे पिता मारूती घोरपडे रख लिया हूं तथा आज से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में प्रकाश घोरपडे पिता मारूती घोरपडे के नाम से जाना व पहचाना जाये। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
प्रकाश घोरपडे
पिता मारुति घोरपडे
निवासी-मकान नं. 0288/30 न्यू सराफा लाईन पुरोहित लॉज के सामने जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन नं. 491001

कार्यालय राजस्व निरीक्षक दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)
-: सूचना-सीमांकन :-

प्रति,
तन्मय वर्मा पिता सेवकराम वर्मा निवास दुर्ग।
संदर्भ : तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 342/अ-12/2026 दिनांक 18.05.2026

उपरोक्त ज्ञापन के परिपालन में ग्राम फूलगांव के आवेदक/भूमिस्वामी तन्मय वर्मा पिता/पति सेवकराम वर्मा के द्वारा ग्राम फूलगांव प.ह.नं. 20 रा.नि.म. दुर्ग तहसील-दुर्ग जिला दुर्ग स्थित भूमि का सीमांकन हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 47/95 रकबा 3.000 का सीमाकन/ स्थल जांच मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नंबर से अभिलेखानुसार आपकी भूमि लगी हुई या आपके द्वारा बेची गई है।

अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (रजिस्टी ले आन्ट अन पुस्तिका इत्यादि) के साथ 01.06.2026 को समय 4.00 बजे उपस्थित रहे। हल्का पटवारी द्वारा चौहदी का मिलान अभिलेखों से कर तारीख तय की गई, हल्का पटवारी रिकार्ड के साथ उपस्थित रहे।

चौदही कृषक का नाम/खसरा नं. :- 1. अजय पि. कपिला नारायण, 2. सेवतराम पि. हृदयराम वर्मा, 3. अजय चौहान पि. विपत चौहान, 4. मोहनलाल पि. रोशनलाल, 5. राजेन्द्र सुराना पि. मांगीलाल, 6. द्वारिका पल्लव पि. दिलीप कुमार, 7. आलोक राठौर पि. के.के. राठौर, 8. सुनील चंद्राकर पि. शिव चंद्राकर।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202605100800068 /ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम दारगांव, प.ह.न. 23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दुकलु पिता स्व. बघवा अन्य 1 निवासी ग्राम् दारगांव तहसील धमधा जिला दुर्ग विरूद्ध अनावेदक संतोष पिता स्व. भुरवा साकिन दारगांव के आवेदन में ग्राम दारगांव प.ह.नं. 23 स्थित भूमि कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 1. 06 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक गण एवं अनावेदक के नाम पर शामिलात खाता में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का आवेदक गण एवं अनावेदक के मध्य खाता विभाजन किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 12.06.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक प्रदीप कुमार वर्मा अन्य 01 आ. उमाशंकर वर्मा निवासी वार्ड 4 सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि पुराना खसरा नं. 293/101 नया खसरा नं. 2735 रकबा 2400 वर्गफीट हे. है। भूमिस्वामी बी.एल. वर्मा पिता भोलाराम वर्मा के नाम पर दर्ज है । जिसमें भूमिस्वामी अपने पुत्र प्रदीप कुमार वर्मा अन्य 01 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पाति किया गया है। इस आधार पर वसीयत प्राप्तकर्ता अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202605104700045 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण दक्क्षेस हिरवानी पिता श्री राजेश कुमार हिरवानी एवं अनिरूद्ध हिरवानी पिता श्री राजेश कुमार हिरवानी दोनों निवासी बी-116, सड़क नंबर 13, फुटबॉल ग्राउन्ड स्मृति नगर मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.सं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 434/40 रकबा 0.0200 हे0 भूमि है। जो कि आवेदकगण की माता के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्रीमती निर्मला बाई पति श्री राजेश कुमार हिरवानी का स्वर्गवास दिनांक 15/09/2025 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम 1. दक्क्षेस हिरवानी (पुत्र) 2. अनिरूद्ध हिरवानी (पुत्र) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं कोरा गुप्ता आ. के. टाटा राव उम्र-42 वर्ष मेरी पुत्री का पुराना नाम के. कल्पना (K.Kalpana) निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग, छ.ग. में (पुराना नाम) से बदलकर कोरा कल्पना (Kora Kalpana) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कोरा गुप्ता आ. के. टाटा राव
निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कोरा ज्योति पति-कोरा गुप्ता उम्र-40 वर्ष मेरा पुराना नाम के. ज्योति (K Jyoti) निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग, छ.ग. में मेरा (पुराना नाम) से बदलकर कोरा ज्योति (Kora Jyoti) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
कोरा ज्योति पति कोरा गुप्ता
निवासी-सेक्टर-5, सड़क नं-9, ब्लाक नं-13ए, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं रामकुमार यादव पिता श्री रामाधार यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी-वार्ड नं. 03, अकलोरडीह, पो. सुरडुंग, जामुल, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैं अपनी पुत्री का पुराना नाम टिकेश्वरी यादव (TIKESHWARI YADAV) पिता श्री राज कुमार यादव को बदलकर नया नाम गरिमा यादव (GARIMA YADAV) पिता श्री रामकुमार यादव रख लिया है।

शबाना परवीन
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतलाल पिता बुधेलाल जाति सतनामी निवासी ग्राम कोहकाबोड़ तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कोहकाबोड़ में दिनांक 05.07.2012 को आवेदक के पिता/ पति / माता / पत्नी /पुत्र / पुत्री बुधेलाल की जन्म / मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म / मृत्यु / प्रमाण पत्र जरी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष /दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 05.06.2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया ।

दिनांक ....
स्थान - देवकर — **तहसीलदार**
मुहर — **देवकर, जिला- बेमेतरा**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202605100700108 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती पूनम सुरेखा गोपाल पति बी. वेणु गोपाल निवासी म.नं. 753, आदर्श नगर चरोदा, पोस्ट-चंदौरी तहसील भिलाई-03 जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तितुरडीह प.ह.नं. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 125/34 रकबा 0.0160 हे./1700 वर्गफीट / 157.99 वर्गमीटर लगान अभिलेखानुसार भूमि बयनामा कीमत तथा बाजार मूल्य 81,10,000/- रूपये भूमि को विक्रेता शिवशंकर लाल कर्ण पिता जिबनाथ लाल दास निवासी ए.डी. 174, समर सरनी, केम्प-03 के पास, कृष्णापुर, राजहांत गोपालपुर (म.प्र.) से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29/04/2026 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर केता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202605101000039/अ-6अ/सन्- 2025-26
मामले की श्रेणी-राजस्व
कोहका प.ह.न. 00045 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- सिद्धार्थ प्रधान /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धार्थ प्रधान पिता/पति/ विभाग-श्री कुमार सूरज प्रधान पता-भिलाई द्वारा ग्राम-कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 56/229 रकबा 0.01 हे./1170 वर्गफीट आवेदिका के नाम पर दर्ज था किन्तु उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में 56/229 रकबा 0.01 हे./1170 वर्गफीट के स्थान पर 56/229 रकबा 0.0062 हे. प्रदर्शित हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 29.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं नीतु चौधरी (NEETU CHOUDHARY) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री जयराम प्रसाद, निवासी- मकान नं.- 144/के-5, जो-2, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम नीतु चौधरी (NEETU CHOUDHARY) (पुराना नाम) से बदल कर नीतु NEETU) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
नीतु चौधरी
सुपुत्री जयराम प्रसाद
निवासी- मकान नं.- 144/ के-5, जो-2, खुर्सीपार, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती पलक प्रकाश घोरपडे पिता प्रकाश घोरपडे निवासी-मकान नं. 0288/30 न्यू सराफा लाईन पुरोहित लॉज के सामने जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन नं. 491001 की निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा पुराना नाम पलक घोरपडे पिता प्रकाश घोरपडे है जिसे त्यागकर नया नाम पलक प्रकाश घोरपडे पिता प्रकाश घोरपडे रख ली हूं तथा आज से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में पलक प्रकाश घोरपडे पिता प्रकाश घोरपडे के नाम से जाना व पहचाना जाये। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
पलक प्रकाश घोरपडे
पिता प्रकाश घोरपडे
निवासी-मकान नं. 0288/30 न्यू सराफा लाईन पुरोहित लॉज के सामने जवाहर चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. पिन नं. 491001

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800122

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी एम. ए.एन. मूर्ति पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63, सिविक सेंटर भिलाई, एन. सांईलक्ष्मी पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63, सिविक सेंटर भिलाई, एम. व्ही. एस. रमेश पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63, सिविक सेंटर भिलाई, एम. व्ही. प्रभाकर पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणापता पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 511/27 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता एम.व्ही.एस. रमेश पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, एम.वी.एस. प्रशांत पिता/पति स्व. एम.ए.एन. मूर्ति पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, एम. सांईचरण पिता/पति स्व. एम.ए.एन. मूर्ति पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, एन. सांईलक्ष्मी पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, एम. गायत्रीदेवी पिता/पति स्व. एम.ए.एन. मूर्ति पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, एम.व्ही. प्रभाकर पिता/पति स्व.एम. व्ही. रमणा पता-मं.नं. 05 फेस 06 मैत्रीनगर रिसाली वार्ड 63 सिविक सेंटर भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं अब्दुल हसीब खान (ABDUL HASEEB KHAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र अब्दुल बारी खान, निवासी फ्लैट नं 320, ऑर्चिड ब्लाक बी, तालपुरी सी.जी. हाउसिंग बोर्ड भिलाई तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम अब्दुल हसीब खान (ABDUL HASEEB KHAN) (पुराना नाम) से बदल कर भारत कुमार (BHARAT KUMAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
अब्दुल हसीब खान
सुपुत्र अब्दुल बारी खान
निवासी फ्लैट नं 320, ऑर्चिड ब्लाक बी, तालपुरी सी.जी. हाउसिंग बोर्ड भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/दिनांक / सिस्टम क्रमांक 14/30-04-2026/190062, 15/30-04-2026/190064, 16/30-04-2026/190066, 17/30-04-2026/190067, 18/30-04-2026/190068, 19/30-04-2026/190069, 20/30-04-2026/190070 (जी क्रमांक 262700518) में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नही लेने से निविदाओं के कारण शुन्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

जी-262701000/4

कार्यालय नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

फोन न. 07701-233830, 234830 Email-cmognawapara@gmail.com
क्रमांक /370/ रा.वि/न.पा. परि./ 2026 — **गोबरा नवापारा दिनांक 26/05/2026**

// ईश्तहार //

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका के अधिनस्थ निम्नलिखित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिसका विवरण इस प्रकार है-

क्र.	निकाय का नाम	तालाब का नाम	खसरा नं.	रकबा
1	नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा	अमहा तालाब	195, 196	10.86 एकड़
2		नवातरिया	531	3.34 एकड़
3		तेलीन डबरी	719	2.76 एकड़
4		अस्पताल डबरी	834	1.84 एकड़
5		कांदा डबरी	9, 130	2.68 एकड़

पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगा -

1. पंजीकृत मतस्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केवट, कहार, कहरा, मल्लाह के पंजीकृत मतस्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूह को प्राथमिकता एवं अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पंजीकृत मतस्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूह को प्राथमिकता) होगी।
2. स्थानीय महिला स्व सहायता समूह (सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केवट, कहार, कहरा, मल्लाह के स्व. सहायता समूहों को प्राथमिकता एवं अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व. सहायता समूह व छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व. सहायता समूह) को प्राथमिकता होगी।
3. मछुआ व्यक्ति/मतस्य कृषक - ऐसे मछुआ समूह व्यक्ति / बेरोजगार युवा जो मछली पालन में डिप्लोमा / स्नातक/ स्नातकोत्तर हो।
4. ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गये हो, ऐसे व्यक्तियों / परिवारों या उनके समूह / समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे पर दिये जाने हेतु प्राथमिकता दी जावेगी।
5. योजनाओं में चयनित हितग्राही की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजो की सूची -

1. पंजीकृत मतस्य सहकारी समिति पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलाज, सदस्यों की सूची, बैंको से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षो की आडिट रिपोर्ट।
2. मछुआ समूह/एस.जी.एस.वाय समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव व ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
3. व्यक्तिगत हितग्राही / मछुआ/अनु. जाति/अनु.जन. जाति / पि.वर्ग / सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण प्रस्तुत करें।

उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 10-06-2026 तक नगर पालिका कार्यालय गोबरा नवापारा में जमा कर पावती प्राप्त करें।

अपूर्ण आवेदन पत्रों पर नगर पालिका की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पलिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

सेटलिंग टैंक सफाई के लिए पानी पर 'ब्रेक'

जगदलपुर/नवप्रदेश । शहरवासियों को बुधवार दोपहर पेयजल आपूर्ति को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगरपालिक निगम जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा द्वारा पावर हाउस स्थित फिल्टर प्लांट में सेटलिंग टैंक की सफाई का कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते 27 मई 2026, बुधवार को शहर के कुछ वार्डों में अस्थायी रूप से पेयजल सप्लाई बंद रहेगी। निगम प्रशासन ने इसे नियमित जल गुणवत्ता और व्यवस्था सुधार से जुड़ा जरूरी कार्य बताया है।

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय वर्मा पिता स्व. कलाराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम जानों तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जानों में दिनांक 03/02/2015 को आवेदक के पिता/ पति / माता / पत्नी /पुत्र / पुत्री भगैया की जन्म / मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म / मृत्यु / प्रमाण पत्र जरी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष /दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 28/05/2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया ।

दिनांक ....
स्थान - देवकर — **तहसीलदार**
मुहर — **देवकर, जिला- बेमेतरा**

समक्षः श्रीमान् अनुविभागीय / कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
- शपथ-पत्र -

मैं टेश्वर लाल पिता श्री रघ्घु यादव निवासी - कोपरा वि.खं.-फिंगेश्वर तहसील-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं -

(1) यह कि, मेरा नाम, पिता का नाम, एवं पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि, मेरी पुत्री भाग्यलक्ष्मी का आधार क्र.-4770 2380 8213 है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम भावना यादव दर्ज है, जो गलत है।
(3) यह कि मेरी पुत्री के अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम भाग्यलक्ष्मी दर्ज है, जो सत्य व सही है।
(4) यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम भाग्यलक्ष्मी है, मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावें, एवं उनके सभी दस्तावेज में उनका सही नाम दर्ज किया जावे।
(5) यह कि शासकीय गजट प्रकाशन में मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम भाग्यलक्ष्मी दर्ज करवाना चाहता हूँ।
(6) यह कि शपथ पत्र श्रीमान् समक्ष अधिकारी महोदय राजिम छ0ग0 के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन - मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका-1 से 6 के कथन सत्य है। अतः शपथ पत्र को पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

दिनांक- 04/05/2026

शपथकर्ता
टेश्वर लाल

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र सिंह राजपूत पिता विजय सिंह राजपूत जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम जामगांव तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जामगांव में दिनांक 19.11.2024 को आवेदक के पिता/ पति / माता / पत्नी /पुत्र / पुत्री दीपा बाई राजपूत की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म / मृत्यु / प्रमाण पत्र जरी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष /दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 28.05.2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया ।

दिनांक ....
स्थान - देवकर — **तहसीलदार**
मुहर — **देवकर, जिला- बेमेतरा**

कार्यालय नगरपालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/128/राज.शा./न.पा.परि./2026-27 — बीजापुर, दिनांक 06/05/2026

- नामांतरण सूचना -

सर्वसाधारण एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नीचे दर्शित आवेदक के सम्मुख उल्लेखित दुकान का आबंटिती की मृत्यु हो जाने के दशा में इनके वारिस के नाम से नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

क्र.	आबंटिती का नाम (मृतक)	जिनके नाम से नामांतरण होना है (वारिस)	दुकान जहां स्थित है	दुकान क्रमांक
01	शेख अब्दुल्ला खान पिता हाफिज नन्जू खान	जरीना खान पिता स्व. शेख अब्दुल्ला खान	इंदिरा मार्केट दुकान	19

उपरोक्तानुसार उक्त दुकान का नामांतरण हेतु आवेदन के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति सुझाव हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

स्व. धनी राम ताम्रकार के तेरहवीं में पहुंचे अमित जोगी

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। लवन नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायीक तथा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अजय ताम्रकार व पार्षद प्रकाश ताम्रकार के पिता स्व. श्री धनी राम ताम्रकार जी के तेरहवीं कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छग के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी पहुंच शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार जनों से मुलाकात कर अपनी शोक प्रकट किए। इस अवसर पर पाटी के सुशील बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत जोगी युवा मोर्चा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अमित साहू, कन्हैंया कोसले, राबिन साहू,गन्नू यादव,नितेश निक्कू टंडन आदि उपस्थित थे।

जिले के 49 हजार किसानों को 262 करोड़ से अधिक ऋण राशि वितरित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य शासन की शून्य ब्याज योजना खरीफ खेती में किसानों के लिये संबल बन रही है। किसान सहकारी समिति एवं जिला सहकारी बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड के द्वारा शून्य ब्याज में ऋण राशि प्राप्त कर खरीफ खेती के लिये खाद -बीज सहित अन्य कृषि कार्य में उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सहकारिता विभाग में अधिकारियो को केसीसी से अधिक से अधिक किसानों को शून्य ब्याज ऋण का लाभ देने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफवर्ष 2026-27 में जिले के 56981 को 515 करोड राशि शून्य ब्याज में वितरित करने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 49492 किसानों को 262 करोड़ 77 लाख रुपए वितरित किया जा चुका है। विगत वर्ष 470 करोड़ रुपए वितरित करने का लक्ष्य मिला था। इसीतरह इस वर्ष समितियो में उर्वरक भण्डारण हेतु 58350 मेट्रिक टन का लक्ष्य हैं जिसके विरुद्ध 24299 मेट्रिक टन भण्डारण एवं समितियो के द्वारा 4102 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है एवं समितियों में 20197 मेट्रिक टन खाद शेष है।बीज भण्डारण लक्ष्य 32690 क्विंटल के विरुद्ध 6593 क्विंटल भण्डारण एवं 3338 क्विंटल वितरण किया गया है।

कलेक्टर ने दिव्यांग को प्रदान किया कृत्रित पैर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सलौनी निवासी दिव्यांग अल्लू यादव को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से कृत्रित पैर प्रदान किया। दिव्यांग अल्लू यादव ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृत्रिम पैर मिलने से सम्मान की अनुभूति हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुसासर जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग एवं वृद्धजनों का हर संभव मदद किया जा रहा है।

आकाशवाणी में गूंजेंगी बिहारी साहू की बाल कविताएं, 28 मई को प्रसारण : उत्तम साहू

छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य, प्रादेशिक भाषा के संरक्षण और सामाजिक जनजागरण की दिशा में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्राम धारिया को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि बिहारी साहू सेलोकर' की तीन सुंदर व ज्ञानवर्धक बाल कविताओं का चयन आकाशवाणी रायपुर के लोकप्रिय कार्यक्रम ÷बालवाटिका÷ के लिए किया गया है। इन कविताओं की रिकॉर्डिंग बीते शुक्रवार, 22 मई को आकाशवाणी स्टूडियो में सफ्लतापूर्वक संपन्न हो गई, जिसका प्रसारण आगामी 28 मई को सुबह 8:30 बजे किया जाएगा। दुबेलिया तेली साहू समाज के युवा साथी व साहित्यकार मनोज साहू से मिली जानकारी के अनुसार, इस पूरे रिकॉर्डिंग कार्य को सम्माननीय बीरभान साहु के मार्गदर्शन में सफ्लतापूर्वक पूरा किया गयाआकाशवाणी के माध्यम से सेलोकर जी की तीन प्रमुख रचनाएं प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचेंगी।

जरिकेन में डीजल लेने के लिए केसीसी कार्ड या किसान किताब दिखाना होगा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मंगलवार को समय सीमा की बैठक में कुलदीप शर्मा ने विभागीय कार्यों के साथ जिले में पेट्रोल, ड़ीजल एवं रसोई गैस आपूर्ति व वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी खरीफ सीजन में कृषि कार्य हेतु ट्रेक्टर एवं पम्प के लिये आवश्यकता अनुसार पेट्रोल पम्प से डीजल प्रदाय किये जाने तथा डीजल जरिकेन में लेने पर किसान को केसीसी कार्ड या किसान किताब पेट्रोल पम्प में दिखाना होगा।कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी, एसडीएम एवं तहसीलदारो को स्पष्ट निर्देशित किया कि कृषि, अस्पताल, मोबाइल टावर, शासकीय निर्माण कार्य में लगे मशीनरी, मुर्गी फार्म के जनरेटर आदि के लिये पेट्रोल पम्प द्वारा डीजल आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिये किसानों को अपने विकासखण्ड अंतर्गत स्थित पेट्रोल पम्प से ही डीजल दिया जाए। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट वाले भारी वाहनो को भी डीजल देने में कोई प्रतिबन्ध नहीं है। डीजल- पेट्रोल एवं रसोई गैस के अवैध भंडारण, जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के लिये खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारियो को लगातर जांच व निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क केन्द्र के मोबाइल नंबर 9201899925 को कंट्रोल रुम नंबर के रूप में 24 घण्टे संचलित करने के निर्देश दिये ताकि आमजन किसी प्रकार की शिकायत य सूचना दें सकें। कलेक्टर श्री शर्मा ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 6 से 9 माह एवं 3 से 6 माह तक लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण कराएं।इसीतरह त्रुटि सुधार के लगभग 4 हजार आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।

नियमों को ताक पर रखकर शिक्षक को बनाया एबीईओ , अब कुर्सी पर लटकी तलवार

■ डीपीआई को भेजी गई रिपोर्ट

पिथौरा/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में नियमों के विरुद्ध कार्यभार सौंपने का एक गंभीर मामला सामने आया है, जो पूरे प्रदेश के शिक्षा हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि विकासखंड पिथौरा में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण 'राजपत्रित' पद पर, योग्यता और वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए, बसना ब्लॉक के एक 'अराजपत्रित' शिक्षक को बिठा दिया गया है।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर ने अब स्कूल शिक्षा संचालनालय को पत्र लिखकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने की अनुशंसा की है,

क्या है पूरा मामला

उपलब्ध सरकारी आदेशों की प्रतियो से पता चलता है कि 27 मार्च 2026 को जारी एक

आदेश क्रं./2107 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार, विकासखंड पिथौरा में ABEO का पद रिक्त होने के कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसके समाधान के रूप में, पूर्णानन्द मिश्रा, शिक्षक, पूर्व

माध्यमिक शाला मोहका (विकासखंड बसना) को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से विकासखंड पिथौरा में ABEO के पद पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया।

इस आदेश के खिलाफ नगर के जागरूक नागरिक लोचन कुमार चौहान ने 8 मई 2026 को संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, रायपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर ने 12 मई 2026 को पत्र क्रं./2211 जारी किया। यह पत्र संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय (DPI), नया रायपुर को भेजें पत्र में स्पष्ट रूप से विषय लिखा गया हैः ÷सहायक वि.ख. शिक्षा अधिकारी जैसे राजपत्रित पद पर नियम विरुद्ध स्थापित अयोग्य अराजपत्रित शिक्षक पूर्णानंद मिश्रा को हटाकर योग्य और राजपत्रित सहायक वि.ख. शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया जाये ।

गौरतलब हो की इस नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया वैधानिक मानदंडों के विपरीत है एबीईओ का पद एक राजपत्रित पद है। पूर्णानन्द मिश्रा केवल एक 'अराजपत्रित' शिक्षक हैं और उनकी योग्यता इस पद के अनुरूप नहीं है। अब प्रशासन की इस नियुक्ति पर बड़ा सवाल यह उठाया जा रहा है कि जब कोई अयोग्य व्यक्ति राजपत्रित पद पर बैठता है, तो क्या उसके द्वारा विभागीय कार्यों में राजपत्रित पदनाम के साथ किए गए हस्ताक्षर वैधानिक रूप से मान्य होंगे?

विदित हो की पिथौरा ब्लॉक के हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कई वरिष्ठ, योग्य और राजपत्रित स्तर के कर्मचारी पदस्थ हैं। सिस्टम की गलत नीतियों के कारण, उन्हें अब एक 'अराजपत्रित' व्यक्ति से मार्गदर्शन लेना पड़ रहा है, जिससे विभागीय स्तर पर शिक्षकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

गांव-गांव तक फैल रहा जुआ नेटवर्क, युवाओं का भविष्य खतरे में!

सरसींवा थाना क्षेत्र में बेधड़क चल रहा 52 परियों का खेल, जुआरी गैंग सक्रिय

■ अमलीडीह बना कथित जुआ हब, हर दिन लाखों के दांव की चर्चा!

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। सरसींवा थाना क्षेत्र इन दिनों कथित रूप से बढ़ते अवैध जुआ कारोबार को लेकर गंभीर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में खुलेआम लाखों रुपये के दांव लगाए जाने की लगातार सूचनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक ऐसी कोई बड़ी और स्थायी कार्रवाई नजर नहीं आई जिससे इन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगती दिखाई दे। हालात यह हैं कि गांवों से लेकर बाजार तक अब लोग खुले तौर पर यह सवाल उठाने लगे हैं कि आखिर इतने बड़े

स्तर पर संचालित हो रहे जुआ नेटवर्क पर पूर्ण नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरसींवा से सरायपाली मार्ग पर लगभग 7-8 किलोमीटर दूर स्थित अमलीडीह गांव लंबे समय से कथित रूप से बड़े जुआ अड्डे के रूप में चर्चाओं में बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि यहां प्रतिदिन 40 से 50 सक्रिय जुवारी पहुंचते हैं और लाखों रुपये का खेल चलता है। चर्चाओं के अनुसार एक दिन में 10 लाख रुपये से अधिक तक का दांव लगाए जाने की बातें कही जा रही हैं। सबसे गंभीर बात यह मानी जा रही है कि समय-समय पर कार्रवाई और कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बावजूद यह कथित कारोबार लगातार जारी है और पूरी तरह बंद होने का नाम नहीं ले रहा।

क्षेत्रवासियों के बीच यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि यदि कार्रवाई वास्तव में प्रभावी होती तो वर्षों से लगातार चल रही ऐसी गतिविधियां दोबारा उसी स्तर पर सक्रिय नहीं हो पातीं। लोगों का कहना है कि छोटे स्तर पर कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, जबकि जुआ संचालन से जुड़े बड़े चेहरे और पूरा नेटवर्क अब भी सक्रिय दिखाई देता है। यही कारण है कि जुवारी तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चिंता गहराने लगी है। सिर्फ अमलीडीह ही नहीं बल्कि बालोदी मे भी बड़े स्तर पर जुआ संचालन की चर्चाएं आम हो चुकी हैं।

झीरम घाटी के शहीद कांग्रेस नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा ग्राम दिवानझिटिया में झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं की पुण्यतिथि को ÷शहादत दिवस÷ के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान झीरम घाटी हमले में शहीद सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके त्याग, बलिदान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, मंडल एवं सेक्टर पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग तथा सेवादल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीद नेताओं का बलिदान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। पार्टी सदैव उनके आदर्शों पर चलकर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

बजरंग चौक पर सुशासन तिहार सम्पन्न, 1079 मिला आवेदन

■ कई प्रकरण पर त्वरित हुआ निराकरण, नपा अध्यक्ष ने नगर में शराब बिक्री पर रोक लगाने अधिकारियों को कहा

कसडोल/नवप्रदेश। सोमवार को कसडोल नगर में द्वितीय चरण की सुशासन तिहार का आयोजन नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के अध्यक्ष सनम जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया तथा सुशासन एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो तथा प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से पहुंचें। उन्होंने नगर के सभी वार्डों में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता पड़ने पर समय पर पानी टैंकर उपलब्ध कराने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

समय के साथ सामाजिक रीति-नीति में परिवर्तन जरूरी: मोहन

कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे हैं संगठन विस्तार एवं सामाजिक रीति नीति में परिवर्तन तथा प्रत्येक सोमवार को बाबा गुरु घासीदास जी के जैतखाम एवं गुरुद्वारे में संध्या आरती का आयोजन किया गया।गांव गांव में ग्रामीण कमेटियों का गठन करके सामाजिक रीतिनीति में 15 बिंदुओं पर प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में पारित प्रस्ताव को गांव-गांव तक लागू करने के लिए प्रदेश भर में बैठक का दौरा चल रहा है।

झइसी कड़ी में लवन ब्लॉक के प्रमुख ग्राम कोहरौद में सोमवार को संध्या आरती कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, गणेश बघेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ,पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, जिला सचिव सुशील बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र डहरिया ,जिला कोषाध्यक्ष लेखराम गनहरे, नरोत्तम बघेल के आतिथ्य में ग्राम कोहरौद के समाज प्रमुखों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रथम पेज का शेष

गुजरात में पांच शावकों...

है। मोढवाडिया ने बताया कि बाबेसिया वायरस टिक यानी किलनी के जरिए फैलता है। इससे संक्रमित जानवरों में कमजोरी, खांसी और नाक से स्राव जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग और पशु चिकित्सकों की टीमें वायरस के फैलाव को रोकने में जुटी हैं। संदिग्ध शेरों की पहचान की जा रही है, उनके सैंपल लिए जा रहे हैं और इलाज भी किया जा रहा है। इससे पहले 2018 में बेबेसिया वायरस से ही एक महीने के भीतर 11 शेरों की मौत हुई थी।

खैरागढ़ जंगल में मोर, सिवेट...

मुताबिक, वन्यजीव और प्रकृति प्रेमी मुकेश वर्मा दोपहर बर्ड वॉचिंग और नेचर फोटोग्राफी के लिए दल्लीखोली जंगल पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें सबसे पहले एक ग्रेटर रैकेट-टेल्ड ड्रोंगो मृत अवस्था में मिला। यह सभी मौत कक्ष क्रमांक 322 में झिरिया के पास हुई है। शुरूआती जांच में जानवरों को गर्मी के चलते डिहाइड्रेशन बढ़ने और गर्मी से मौत होने की जानकारी सामने आई है। मामले की जांच करने मौके पर दुर्ग सीसीएफ, डीएफओ, एसडीओ सहित रेंजर और डिप्टी रेंजर भी मौके पर पहुंचे। शाम को कार्यवाही पूरी करने के बाद वन अमला मौके से वापस लौटा गया।

वन्य पक्षियों और जंगली जीवों के शव दिखे

आसपास तलाश करने पर जलस्रोत के पास कई अन्य पक्षियों और जंगली जीवों के शव पड़े दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो तेजी से वायरल हो गया।

ये दुर्लभ जीव मृत मिले

वायरल वीडियो में नर मोर, मादा मोर, तीन एशियन पाम सिवेट समेत कई दुर्लभ पक्षियों के शव दिखाई दे रहे हैं। मृत पक्षियों में रुफस ट्रीपाई, ओरिएंटल मैगपाई रॉबिन और जंगल आउलेट जैसी प्रजातियां भी शामिल हैं। एक ही स्थान पर इतने वन्यजीवों की मौत ने मामले को बेहद गंभीर बना दिया है।

आईएएस, आईपीएस और...

समस्त विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों और कलेक्टर्स को जारी पत्र के अनुसार, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) द्वारा 22 अप्रैल, 2026 को जारी ज्ञापन के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय सेवायें (महंगाई भत्ता) नियम, 1972 के नियम-3 के तहत ये पुनरीक्षित दरें राज्य में कार्यरत अधिकारियों पर भी स्वतः लागू हो गई हैं।

नितिन नबीन का पीए...

मोबाइल छीनकर भाग निकले थे। लगातार इन घटनाओं पर कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने कहा कि अपराधी भाजपा सरकार से भी नहीं डर रहे हैं।

दो बार ट्रांसफर किए रुपए

विधायक पुरंदर मिश्रा के मुताबिक, 25 मई को आरोपी ने विधायक पुरंदर मिश्रा को कॉल किया। सामने वाले ने खुद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पीए बताया। बातचीत के दौरान उसने गाड़ी में फौरन डीजल डलवाने की बात कहते हुए पैसों की मांग की। राजनीतिक पहचान और भरोसे का फायदा उठाकर आरोपी ने विधायक को अपने जाल में फंसा लिया। आरोपी ने दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में रकम ट्रांसफर करवाई। पहले 4500 रुपए और फिर 5500 रुपए खाते में डलवाए गए।

दोबारा पैसों की मांग की

विधायक ने अपने जगन्नाथ मंदिर के सेवक नारायण मिश्रा को पैसे भेजने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सेवक ने बताए गए बैंक खाते में कुल 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने दोबारा पैसों की मांग की। लगातार रकम मांगने और बातचीत में शक होने पर मामले की जांच की गई। इसके बाद पता चला कि फोन करने वाला व्यक्ति फ्रॉड है।

जांच के दौरान पुलिस को...

पर पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

बालोद का है व्यापारी

बताया जा रहा है कि कार में मौजूद युवक बालोद शहर का व्यापारी अमित जैन है। पुरुर थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने बताया कि जांच के दौरान वाहन से करीब 65 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं। नोटों की गिनती में करीब तीन घंटे का समय लगा।

वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका

पुलिस के अनुसार, संदिग्ध युवक अब तक रकम से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया है। इसके चलते पूरी राशि को जब्त कर लिया गया है। मामले की सूचना एसडीएम, तहसीलदार और आयकर विभाग को भी दी गई है।

आयकर विभाग को सौंपने की तैयारी

फिलहाल पुलिस जब्त रकम को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंपने की तैयारी कर रही है। वहीं यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि इतनी बड़ी नकदी कहां से लाई जा रही थी और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य के लिए होना था।

शीर्ष अदालत ने कचरा...

देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

कोर्ट ने रेलवे से पूछा- कचरा कैसे संभालेंगे

यह आदेश भोपाल के डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कचरा प्रबंधन की अहमियत बताते हुए महात्मा गांधी के कथन 'जो शारीरिक श्रम किए बिना खाता है, वह चोरी का अन्न खाता है' का जिक्र किया। कोर्ट ने पहली बार रेलवे को दायरे में लिया। कहा- रेलवे स्टेशनों, ट्रैक और प्लेटफॉर्म में रोज बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। मॉनिटरिंग कमेटी रेलवे से जवाब लेकर बताए- अभी क्या व्यवस्था है, आगे क्या कदम उठाएंगे।

बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री...

थी। तब 3 आरएसी और 13 ग्रेनेडियर के जवानों ने हमला कर सांचू को भारत की सीमा में रखने का काम किया था। जवानों ने यह जिम्मेदारी निभाई और पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा था। सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है, लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शाह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हेलिकॉप्टर से सांचू पहुंचे थे। उनके साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी थे।

'पीएम मोदी के 12 वर्ष सेवा...

ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को केवल नारा नहीं, बल्कि नीति का आधार बनाया।

सकारात्मक परिवर्तनः गरीब, किसान, महिला, युवा, वंचित और जनजातीय समाज के जीवन में आज स्पष्ट और सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थानः भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है, बल्कि देश में सांस्कृतिक आत्मगौरव और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी नई ऊर्जा मिली है।

छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धताः छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाने और केंद्र की योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' का संकल्प

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, यशस्वी और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने अटूट विश्वास जताया कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को अवश्य सिद्ध करेगा।

सराफा व्यापारी की गोली...

के अनुसार, मंगलवार रात करीब 7 बजे 3 आरोपी एक पल्सर पर सवार होकर आए थे। बदमाशों ने प्रदीप सोनी को बेहद करीब से गोली मारी है। सूचना मिलते ही कोटमी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल प्रदीप सोनी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल को सील कर दिया है। मौके से खून के धब्बे और खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इलाके की नाकाबंदी कर दी है और फरार पल्सर सवारों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

बांग्लादेश में सेना के ठिकानों पर 'यासीन बाहिनी' का अटैक, सड़कें खोदकर रास्ते किए बंद

बांग्लादेश के चिटगांव (चट्टोग्राम) जिले के जंगल सलीमपुर इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर बड़ा तनाव देखने को मिला. देर रात हथियारबंद बदमाशों ने बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन के एक ट्रेनिंग कैंप और अन्य ढांचों पर हमला कर दिया. आरोप है कि हमलावरों ने बुलडोजर से कैंप के हिस्सों को नुकसान पहुंचाया और सुरक्षाबलों को रोकने के लिए कई जगह सड़कें भी खोद डालीं।

■ RAB बोला- कैंप को निशाना बनाकर की गई फायरिंग

नई दिल्ली। यह घटना रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब 2 बजे चिटगांव के सीतकुंड उपजिला के जंगल सलीमपुर के अलीनगर इलाके में हुई. रैपिड एक्शन बटालियन के मुताबिक हमला पहले से सुनियोजित था और इसके पीछे 'यासीन बाहिनी' नाम का हथियारबंद गिरोह शामिल था. घटना के बाद आरएबी, पुलिस और आर्म्ड पुलिस बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें कई लोगों को हिरासत में लिया गया.

प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश आरएबी-7 के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हाफिजुर रहमान ने बताया कि बदमाशों ने अचानक कैंप को निशाना बनाकर गोलीबारी शुरू कर दी. उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा में जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की. उनके मुताबिक हमलावरों ने अतिरिक्त सुरक्षाबलों को मौके तक पहुंचने से रोकने के लिए कम से कम जगह सड़कें और पुलिया खोद डाली थीं. रहमान ने बताया कि तमाम बाधाओं के बावजूद कानून-व्यवस्था बलों ने 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पा लिया. बांग्लादेश ट्रिब्यून के अनुसार, हालांकि कई हमलावर भागने में सफल रहे, लेकिन 15 लोगों को हिरासत में लिया गया.

लंबे समय से अपराधियों का गढ़ रहा है जंगल सलीमपुर

जंगल सलीमपुर को लंबे समय से हथियारबंद गिरोहों और जमीन कब्जाने वाले समूहों का मजबूत ठिकाना माना जाता रहा है. जिला प्रशासन के अनुसार इस इलाके में करीब 3,100 एकड़ सरकारी जमीन मौजूद है. वर्षों से यहां आपराधिक गिरोहों का प्रभाव बना हुआ है. इसी इलाके को काबू में करने के लिए बांग्लादेश सरकार लंबे समय से कोशिश कर रही है. 2017 और 2022 में भी इलाके को खाली कराने की कोशिशें की गई थीं, लेकिन स्थानीय विरोध और अन्य बाधाओं की वजह से वे अभियान सफल नहीं हो पाए थे।

मार्च में भी चला था बड़ा अभियान

इसी साल 9 मार्च को सेना, आरएबी, पुलिस और बीजीबी के करीब 3,200 जवानों ने इलाके में संयुक्त अभियान चलाया था. उस दौरान भी अलीनगर में प्रवेश से पहले सड़क पर एक ट्रक खड़ा कर रास्ता रोक दिया गया था. बाद में सुरक्षाबलों ने ट्रक हटाया, लेकिन कुछ दूरी आगे बढ़ने पर पता चला कि सड़क की पुलिया तोड़ दी गई थी. हालांकि अभियान के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था। इसके बाद वहां आरएबी और पुलिस के दो ट्रेनिंग सेंटर तथा कैंप बनाने की योजना शुरू की गई थी. अधिकारियों के मुताबिक ताजा हमला उसी निर्माणाधीन कैंप को निशाना बनाकर किया गया।

बकरीद से पहले हमलों पर बिफरा ईरान

पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना को कहीं पनाह नहीं

नई दिल्ली/ए.। शांति की बात करते-करते अमेरिका ने बकरीद से ठीक पहले एक बार फिर ईरान पर हमला किया है। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका को बेहद कड़ी चेतावनी दी है। पद संभालने के बाद से वह कभी वीडियो या कैमरे के सामने नहीं आए हैं। वह सिर्फ सरकारी टेलीविजन के माध्यम से अपने बयान जारी कर रहे हैं। इस बार उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका और उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

अमेरिकी ठिकानों को नहीं मिलेगी ढाल : खामेनेई

सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने साफ-साफ कहा कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी। उन्होंने कहा कि अब इस पूरे इलाके में अमेरिकी सेना के लिए कोई भी 'सुरक्षित पनाहगाह' नहीं बचेगी। युद्ध की शुरुआत से ही ईरान का यही मुख्य तर्क रहा है। ईरान चाहता है कि क्षेत्र के सभी देश मिलकर अमेरिकी मौजूदगी को पूरी तरह खत्म करें। खामेनेई ने दुनिया के सभी इस्लामी देशों से अपने साझा हितों के लिए एक साथ आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यही एकजुटता भविष्य के नए आदेश को तय करेगी। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'मैं पूरी ईमानदारी और पवित्रता के साथ सभी इस्लामी देशों और सरकारों को दोस्ती और सहयोग का निमंत्रण देता हूं।' बताते चलें कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच यह भीषण सैन्य टकराव इसी साल 28 फरवरी 2026 को तब शुरू हुआ, जब अमेरिका और इस्राइल ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत ईरान पर लगभग 900 हवाई हमले कर उसके सर्वोच्च नेता अली खामेनेई सहित कई टॉप कमांडरों को ढेर कर दिया और उसके परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इसके जवाब में ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों, इस्राइल और खाड़ी देशों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे।

पाकिस्तान ने ठुकराई राष्ट्रपति ट्रंप की मांग, अब्राहम समझौते से नहीं जुड़ेंगे



इस्लामाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुस्लिम देशों से अब्राहम समझौते में शामिल होने की मांग की थी। वहीं, पाकिस्तान ने अब्राहम समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद किसी भी ऐसे समझौते का समर्थन नहीं करेगा जो देश की मौलिक विचारधाराओं के खिलाफ हो। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, यह बयान पाकिस्तानी प्रसारक समा टीवी के साथ एक साक्षात्कार के दौरान दिया गया।

रक्षा मंत्री आसिफसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दबाव और कूटनीतिक संकेतों के बाद पाकिस्तान के अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना के बारे में पूछा गया था। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, ÷निजी तौर पर मुझे नहीं लगता कि हमें ऐसे किसी भी समझौते में शामिल होना चाहिए जो हमारी मौलिक विचारधाराओं से टकराता हो।"

ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि ईरान के साथ समझौता होने के बाद सऊदी अरब और कतर को तुरंत अब्राहम एकॉर्ड्स में शामिल होना चाहिए और अन्य देशों को भी इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अगर अमेरिका के साथ समझौता सफलतापूर्वक पूरा होता है, तो ईरान खुद इस ढांचे का हिस्सा बन सकता है।

अब्राहम समझौता 2020 में हस्ताक्षरित अमेरिकी-मध्यस्थता वाला ऐतिहासिक समझौता है, जिसकी वजह से इस्राइल और कई अरब देशों के बीच राजनयिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंध सामान्य हुए हैं। हालांकि, पाकिस्तान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी मौलिक विचारधाराओं के विपरीत किसी भी समझौते का हिस्सा नहीं बनेगा।

मुस्लिम देशों से अपील

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते से जुड़े एक व्यापक क्षेत्रीय समझौते के हिस्से के रूप में कई मुस्लिम और अरब देशों से अब्राहम एकॉर्ड्स में शामिल होने का आग्रह किया था। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा था कि प्रस्तावित व्यवस्था मध्य पूर्व के लिए एक ऐतिहासिक घटना बन सकती है। उन्होंने सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन सहित देशों से एक साथ अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने का आह्वान किया था।

इस्राइल पर नहीं कर सकते भरोसा : ख्वाजा

इस्राइल के साथ जुड़ाव की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आगे कहा, आप उन लोगों के साथ कैसे बैठेंगे जिन पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? उन्होंने इस्लामाबाद के इस मुद्दे पर लंबे समय से चले आ रहे रुख को दोहराते हुए कहा, हमारा रुख बहुत साफहै कि यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। आसिफने इस्राइल के बारे में पाकिस्तान की पासपोर्ट नीति का भी जिक्र किया, जो यहूदी राज्य को मान्यता देने से देश के इनकार को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, और दूसरी बात, हमारे पासपोर्ट पर, हम एकमात्र देश हैं जिनके पासपोर्ट पर इस्राइल का नाम भी शामिल नहीं है।

सऊदी अरब ने भी बनाई दूरी

सऊदी अरब ने भी डोनाल्ड ट्रंप की अपील को खारिज कर दिया है। सऊदी अरब ने कहा है कि जब तक फलिस्तीन को देश के तौर पर मान्यता नहीं मिलती है, तब तक इस्राइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

विधानसभा के पहले ही सत्र में यूसीसी बिल पेश

■ महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हमारी प्राथमिकता : सरमा

गुवाहाटी/ए.। असम विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य की अर्थव्यवस्था, समान नागरिक संहिता (UCC) और हालिया चुनाव नतीजों को लेकर कई अहम बयान दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 2028 तक असम को 10 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के क्षेत्र में बड़े स्तर पर योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे राज्य की आर्थिक ताकत लगातार बढ़ रही है। सदन में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने अपने वादे के मुताबिक पहले ही सत्र में UCC विधेयक पेश किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम इस बात का प्रमाण है कि सरकार अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरमा ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने हालिया असम चुनाव परिणामों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि जनता ने व्यक्तिगत हमलों और प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की मौत के राजनीतिकरण को पूरी तरह नकार दिया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों ने विकास और सकारात्मक राजनीति को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए ने 102 सीटों तक पहुंच बनाई और गठबंधन के उम्मीदवारों को पिछले चुनाव की तुलना में 15 लाख अधिक वोट मिले। उन्होंने बताया कि बीजेपी उम्मीदवारों को 81.92 लाख से ज्यादा वोट मिले, जबकि एजीपी को 14 लाख और बीपीएफ को 8 लाख वोट प्राप्त हुए। कुल मिलाकर एनडीए ने एक करोड़ वोटों का आंकड़ा पार कर लिया। सरमा ने कहा कि एनडीए ने सभी अनुसूचित जनजाति (ST) आरक्षित सीटों और चाय जनजाति बहुल सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि अनुसूचित जाति (SC) के लिए आरक्षित सीटों में से सिर्फ एक सीट छोड़कर बाकी सभी पर गठबंधन ने कब्जा जमाया।

दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

नई दिल्ली/ए.। देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में वैश्विक कूटनीति की एक नई और मजबूत तस्वीर सामने आई है। इस उच्च स्तरीय मंच पर भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि को लेकर बेहद महत्वपूर्ण और ठोस बयान दिए हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने बैठक की शुरुआत में साफ किया कि इस बार हमारा पूरा ध्यान सामूहिक गतिविधियों को तय करने और दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान ढूंढने पर है। उन्होंने कहा कि क्वाड का प्राथमिक कार्यक्षेत्र हिंद-प्रशांत ही रहेगा। जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, कनेक्टिविटी के रास्ते में आने वाली रुकावटों, मैन्युफैक्चरिंग और संसाधनों के एक ही जगह सीमित होने जैसी बड़ी दिक्कतों पर चिंता जताई। विदेश मंत्री ने कहा कि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के गैप को भरने के लिए नई साझेदारियों और मजबूत आर्थिक विकास की जरूरत है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक भरोसा बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए एक पारदर्शी और भरोसेमंद पार्टनरशिप बेहद जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्वाड के सदस्य देश एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत की तारीफकरते हुए इसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और हिंद-प्रशांत को आकार देने वाली एक बेहद महत्वपूर्ण महाशक्ति बताया।

भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम जापान के लिए हुई रवाना

नई दिल्ली/ए.। भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें 29 मई से 6 जून तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए जापान के काकामिगाहारा के लिए रवाना हो गई हैं। पुरुषों की टीम सोमवार शाम को नई दिल्ली से रवाना हुई जबकि महिलाओं की टीम मंगलवार सुबह रवाना हुई।

दोनों टीमों ने भोपाल में भारतीय खेल प्राधिकरण के उद्धव दास मेहता सेंटर में एक महीने तक चले नेशनल कोचिंग कैंप में हिस्सा लिया। पुरुषों की टीम ने कोच सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा के अंडर ट्रेनिंग की जबकि भारत की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला टीम के कैंप को अधीक्षण किया।

अपनी आखिरी तैयारियों के हिस्से के तौर पर भारत की जूनियर टीमों ने भोपाल में मेहमान ऑस्ट्रेलियाई अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार मुकाबलों की एक्सपोज़र सीरीज खेली। भारतीय पुरुष टीम ने एक मैच में जीत दर्ज की, तो एक में टीम को हार झेलनी पड़ी है। वहीं, दो मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए। महिलाओं की टीम ने एक शानदार जीत के साथ अपनी सीरीज का अंत किया। इन मैचों से महाद्वीप टूर्नामेंट से पहले कीमती इंटरनेशनल अनुभव मिला।

मकबरा और मंदिर विवाद : लखनऊ में विवादित ढांचे के पास पुलिस फोर्स तैनात

लखनऊ/ए.। मलिहाबाद के कसमंडी कलां गांव में बड़े मंगल को देखते हुए प्रशासन विवादित ढांचों की सुरक्षा बढ़ाते हुए बागों में पुलिस कर्मी तैनात किए हैं। साथ ही ढांचों के पास जाने से पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। बीते शनिवार को सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी शाम लगभग साढ़े छह बजे दो पुराने ढांचे के पहुंच कर हनुमान चालीसा पढ़ने की कोशिश की थी। साथ ही मंगलवार को फिर आकर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। जिसके बाद से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। किसी प्रकार माहौल खराब करने वाली गतिविधियां न हो सके। मंगलवार को पुरातत्व की टीम पहुंचने की उम्मीद है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस बल सभी रास्तों के साथ बागों में भी तैनात है। सभी गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है। लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने सोमवार को मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी, अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, मछली शहर सांसद पप्रिया सरोज, कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज से राज पासी राजा कंस पासी का किला बचाने के लिए वीडियो जारी साथ मांगा था। साथ ही हरदोई , सीतापुर जिलों में ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ सभा कर किला बचाने के लिए साथ मांगा।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, सुकमा (छ.ग.)
(शुद्धि पत्र क्रमांक - 01)

उल्लेखित निविदाओं के Tender Document For Item Rate Tender, Form-B (Envelope-'C') के **कंडिका 2.1.1 SUBMISSION OF TENDER WITH PREQUALIFICATION OF TENDERERS के Envelope "A" should contain scanned copies of the following** में प्रावधानित नोट-2 एवं **कंडिका 2.6.** को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 4211220 / नि. / सर्कु./2023-24/4212, दिनांक 21.05.2026 के अनुसार संशोधित कर विलोपित किया जाता है-

क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	सिस्टम नं.	जी नम्बर
1	01/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190449	262700671
2	02 / व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190452	262700672
3	03/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190453	262700675
4	04/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190454	262700676
5	05/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190455	262700677
6	06/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 12.05.2026	190457	262700678
7	07/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 13.05.2026	190518	262700693

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग सुकमा

जी- 262700995/3

कार्यालय नगर पंचायत कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/338 /न.पं./ लो.नि.शा./2026-27 — कसडोल, दिनांक 25/05/2026

प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत कसडोल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	एस.ओ.आर.	अमानत राशि	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	191518	वार्ड क्र. 06 में मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य	47.08	CG PWD Building SOR 01.01.2015, Road SOR 01.01.2025 & Electrical SOR 01.06.2020	35400.00	17/06/2026 17:00:00

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कसडोल
जिला-ब.बा.भाटा. (छ.ग.)

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION
Raipur (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

NIT NO: 63/...../RMC/2025 — **RAIPUR DATED: 25.05.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **17.06.2026 at 17:30 hours**.

System Tender No.	Name of Work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor /firm	Time allowed for Completion
191628	शहीद स्मारक भवन में लिफ्ट निर्माण कार्य।	16.42 Lacs Without GST	5000.00	13000.00	"D" and Above	06 Months

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 2**5.05.2026, 11:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.
Mob- 9098120004

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की हुंकार, संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

■ **जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मासिक बैठक संपन्न, पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

गरियाबंद/नवप्रदेश। देश में लगातार बढ़ रही महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों सहित आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार आवाज बुलंद की।जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला,बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव,जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम मुख्य रूप से शामिल थे। जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी जनआंदोलनों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज आम आदमी महंगाई की मार झेलने को मजबूर है।पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ने से परिवहन खर्च बढ़ गया है,जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री, सब्जी, दाल, सीमेंट, सरिया सहित रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ रहा है। वहीं रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों ने गृहिणियों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

वही बिन्द्रानवागढ़ के

विधायक जनक ध्रुव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज कर केवल बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि किसान,मजदूर,व्यापारी और मध्यम वर्ग सभी महंगाई से परेशान हैं,लेकिन सरकार राहत देने के बजाय टैक्स बढ़ाकर जनता की जेब पर बोझ डाल रही है।

इसके साथ ही बैठक में संगठन मजबूती पर विशेष जोर देते हुए जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का निर्णय लिया।जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुनेंगे तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को लेकर मजबूती से जनता के बीच जाएं और आने वाले समय में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि कांग्रेस संगठन एक समुद्र की तरह है जिसका संगठन मजबूत भी है जिला अध्यक्ष का प्रयास से संगठन आगे बढ़ रहा है,सभी एक मत होकर चल रहे है,हर कार्यकर्ता गांव बूथ स्तर पर पहुंचकर कार्य कर रहा है।आज केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफबहुत बड़े बड़े मुद्दे है जिन्हें हमें भुनाना है,और उनके जनता विरोध कार्य को जनजन तक पहुंचाना है।

महंगाई और खाद संकट को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

गरियाबंद/नवप्रदेश। पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया।जिला कांग्रेस भवन से तिरंगा चौक तक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा निकालकर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता,किसान और आम नागरिक शामिल हुए।हाथों में कांग्रेस की झंडी और तख्तियां और बैनर लेकर कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई,खाद संकट और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता की कमर टूट चुकी है,वहीं किसानों को खेती के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है,जिससे खरीफसीजन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

वही पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि पेट्रोल,डीजल और गैस के दामों में लगातार वृद्धि होने से परिवहन से लेकर दैनिक जरूरत की वस्तुओं तक सब कुछ महंगा हो गया है।

2 चैन माउंटेन मशीन और एक रेत लोड हाईवा जब्त, खनिज विभाग-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफखनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए मशीन और वाहन जब्त किए हैं। खनिज विभाग के अनुसार 24 मई 2026 की रात करीब 2:30 बजे ग्राम पितईबंद स्थित महानदी क्षेत्र में संयुक्त टीम ने दबिश देकर एक चैन माउंटेन मशीन जब्त की। सुरक्षा की दृष्टि से मशीन को ग्राम पंचायत पितईबंद के सरपंच की सुपुर्दगी में दिया गया। वहीं राजिम से फिंगेश्वर मार्ग पर रेत से भरा एक हाइवा भी पकड़ा गया, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए पांडुका थाना में रखा गया है। इसके अलावा 25 मई 2026 को ग्राम नांगझर, तहसील छुरा में अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित मशीन/वाहन को जब्त कर थाना फिंगेश्वर की अभिरक्षा में रखा है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर निगरानी लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी अर्चना ठाकुर (माइनिंग सहायक अधिकारी) और कोमल ध्रुव (माइनिंग इंस्पेक्टर) द्वारा दी गई।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बीमारी का झांसा देकर तीन लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर बीमारी और पारिवारिक परेशानी का झांसा देकर 3 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपीगण प्रार्थी को भावनात्मक बातों में फंसाकर अलग-अलग किश्तों में रकम ट्रांसफर कराते रहे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी की पहचान अप्रैल 2024 में इंस्टाग्राम के जरिए मोनू कुमार चिरावतकर, कविता उर्फ दामिनी और सोनल उर्फ बबीता से हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपीगण लगातार मोबाइल के माध्यम से संपर्क में रहे। इस दौरान उन्होंने स्वयं को ब्लड कैंसर, माइग्रेन सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित बताकर तथा परिवार द्वारा प्रताड़ित किए जाने की कहानी सुनाकर प्रार्थी से सहानुभूति हासिल की। आरोपी कभी इलाज, कभी राशन तो कभी परिवार की मदद के नाम पर पैसों की मांग करते रहे। भावनात्मक रूप से प्रभावित होकर प्रार्थी ने अलग-अलग किश्तों में कुल 3 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर जब उसने अपनी रकम वापस मांगी, तब आरोपीगण ने उसे झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 244/2026 के तहत धारा 318(4), 308, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

द ग्रेट भांडेकर डिजिटल बीमा सेवा केंद्र पुनः शुरू

भाटापारा /नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्र में अपनी मेहनत, ईमानदारी और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष पहचान बना चुके नगर के बीमा अभिकर्ता अमित कुमार ने एक बार फिर ÷द ग्रेट भांडेकर डिजिटल बीमा सेवा केंद्र÷ का पुनः प्रारम्भ किया है। लगातार तीन बार ÷शतकवीर÷ बनने का गौरव प्राप्त कर चुके अमित कुमार की इस नई पहल से क्षेत्र के पॉलिसी धारकों एवं ग्राहकों में खुशी का माहौल है। अमित कुमार लंबे समय से LIC के माध्यम से लोगों को आर्थिक सुरक्षा, बचत और भविष्य की मजबूती का भरोसा दिलाते आ रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि अपने ग्राहकों के बीच भरोसे, पारदर्शिता और समर्पण की मजबूत पहचान भी बनाई है। बीमा क्षेत्र में उनकी कार्यशैली और सेवा भावना ने उन्हें भाटापारा सहित आसपास के क्षेत्रों में अलग पहचान दिलाई है।

धान परिवहन में प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे समिति प्रबंधक, एफआईआर की कार्रवाई शुरू

■ **प्रशासन, मिलर के दबाव में प्रबंधकों से कर रही अन्याय**

धमधा/नवप्रदेश। धान खरीदी के बाद समय पर परिवहन नहीं होने से अब सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। धमधा विकासखंड की 38 सेवा सहकारी समितियों में वर्ष 2025-26 के दौरान किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई थी। खरीदी का कार्य 15 नवंबर 2025 से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चला, लेकिन खरीदी के महीनों बाद भी कई समितियों से धान का पूर्ण परिवहन नहीं हो पाया है।

समिति प्रबंधकों का आरोप है कि प्रशासन की लचर परिवहन व्यवस्था के

कारण धान लंबे समय तक खुले में पड़ा रहा, जिससे भीषण गर्मी और लगातार मौसम के प्रभाव के चलते धान में अत्यधिक सूखत एवं खराबी आई। अब इसी नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

प्रबंधकों ने आरोप लगाया कि परिवहन व्यवस्था लगभग एक माह तक पूरी तरह ठप रही और आज तक कई समितियों का धान पूरी तरह नहीं उठ पाया है। इसके बावजूद प्रशासन अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय समिति कर्मचारियों पर दबाव बनाकर नुकसान की भरपाई कराने का प्रयास कर रहा है।

जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति कोड़ियां के प्रबंधक रियाज खान के खिलाफ एफआईआर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसी प्रकार अन्य समितियों के प्रबंधकों पर भी सूखत से हुए नुकसान की भरपाई करने का दबाव बनाया जा रहा है। प्रबंधकों का कहना है कि धान का सूखत और खराब होना परिवहन में देरी के कारण हुआ है, जिसकी जिम्मेदारी परिवहन व्यवस्था और संबंधित विभागीय अधिकारियों की है, न कि समिति प्रबंधकों की।

प्रबंधकों का कहना है कि एक-एक समिति में 30 से 40 लाख रुपए तक की सूखत सामने आ रही है। यदि पूरे ब्लॉक का आंकलन किया जाए तो यह राशि करोड़ों में पहुंच सकती है। प्रबंधकों ने जिला विपणन अधिकारी राहुल कुमार, जिला खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया, उपपंजीयक सहकारी संस्था सतीश कुमार पाटले और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ सुनील वर्मा सहित संबंधित अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

समिति प्रबंधकों ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि प्रशासन अपनी विफलता छिपाने के लिए उन्हें ÷बलि का बकरा÷ बना रहा है। उन्होंने मांग की है कि पहले परिवहन व्यवस्था में हुई देरी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, उसके बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई की जाए। मामले को लेकर कई प्रबंधकों ने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है।

त्याग-बलिदान का पर्व ईदुल-अजहा 28 मई को विशेष नमाज: रईस अहमद

28 मई को ईदगाह मैदान में तयशुदा वक्त के अनुसार सुबह ठीक 8 बजे ईदुल-अजहा की विशेष नमाज अदा की जायेगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे कुर्बानी को शरीअत के दायरे में रहकर, सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ अंजाम दें।

हाजी रईस अहमद शकील ने कहा कुर्बानी अल्लाह की रजा के लिए की जाती है। इसे किसी भी तरह के सार्वजनिक असुविधा का कारण न बनने दें। उन्होंने समुदाय के नाम अपनी अपील में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। कुर्बानी केवल घरों या प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही करें सड़कों, गलियों या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए। सोशल मीडिया पर कुर्बानी की तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करने से परहेज करें। सफाई का विशेष ध्यान रखें। कुर्बानी का हिस्सा जरूरतमंदों तक अदब और सलीके से पहुँचाएं। कानून व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें। हर हाल में समाज के अन्य धर्मों की भावनाओं का सम्मान करें।

जामा मस्जिद के सदर हाजी

रईस अहमद शकील ने आगे बताया कि उर्दू महीने जिल-हिज्जा के चांद की शरई तस्दीक के बाद ईद-उल-अजहा 28 मई 2026, दिन-गुरुवार को मनाई जायेगी।

नौतपा की शदीद गर्मी की वजह से ईदुल-अजहा की नमाज अदा करने का समय सुबह ठीक 8.00 बजे रखा गया हैं, लिहाजा वक्त का ख्याल रखें। अगर मौसम में बदलाव होता हैं तो शहर की सभी मस्जिदों में ईदुल अजहा की नमाज अदा की जायेगी, जिसकी जमात का वक्त इस तरह होगा। शाहे मदीना मस्जिद, शांति नगर में सुबह 7.30 बजे, नूरी मस्जिद, कन्हारपुरी में सुबह 8.00 बजे, नूरी मस्जिद, गौरी नगर में सुबह 8.00 बजे, मोती मस्जिद, तुलसीपुर में 8.15 बजे, हनफी मस्जिद, गोलबाजार में सुबह 8.30 बजे, जामा मस्जिद, पठानपारा में सुबह 8.45 बजे, उसी तरह अल अजीज मस्जिद इन्दामरा में सुबह 9.15 बजे विशेष नमाज ईदुल अजहा की अदा की जाएगी। लिहाजा गुजारिश है वक्त का ख्याल रखें, चूंकि तयशुदा वक्त पर जमात कायम हो जायेगी। रईस अहमद ने कहा कि ईद-उल-अजहा हमें खुदा की राह में कुर्बानी का पैगाम देती है, मैदाने-अराफात में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने आज ही के दिन अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी, वह उनका इम्तिहान था, इसीलिए ईदुल अजहा पर कुर्बानी करने का हुक्म है। अल्लाह तआला से दुआ है कि यह मुबारक महीना हम सबके लिए रहमत, बरकत और मगफिरत का जरिया बने। ईदुल-अजहा हमें कुर्बानी, इख्लास और तौहीद की याद दिलाता है। दुआ है कि हमारी कुर्बानियां अल्लाह की बारगाह में कुबूल मकबूल हों, ईदुल-अजहा पर आपके घर में सुकून, रिश्तों में मोहब्बत और जिंदगी में बरकतों की बहार हो।

प्रशासन से अपील मुस्लिम समाज के मिडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने कहा स्थानीय प्रशासन और नगर निगम से भी अपील की गई है कि वे ईद-उल-अजहा के मद्देनजर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई के विशेष इंतजामात करें, ताकि कोई असुविधा न हो और त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

इंसानियत की मिसाल: शिक्षक ने अपनी जमीन देकर चौड़ी कर दी गांव की गली

■ **15 साल पहले खरीदी थी झोपड़ियों वाली जमीन, अब बना हजारों लोगों के लिए राहत का रास्ता**

■ **पंचकोशी यात्रा में लगने वाले जाम से परेशान होकर लिया था फैसला, गांव में शुरू हुई नई परंपरा**

महासमुंद/नवप्रदेश। आज के दौर में जहां लोग एक-एक इंच जमीन के लिए विवाद करते नजर आते हैं, वहीं जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम लाफिनकला के एक शिक्षक ने इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। गांव के शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल ने अपनी निजी कमाई से जमीन खरीदकर उसे आम रास्ते के लिए छोड़ दिया, जिससे वर्षों पुरानी सड़क समस्या का समाधान हो गया।

दरअसल, महेंद्र पटेल का घर गांव की बीच बस्ती में स्थित है। उनके घर के सामने से गरियाबंद जिले को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग गुजरता है। इसी रास्ते से हर वर्ष प्रसिद्ध धार्मिक पंचकोशी यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। रास्ता बेहद संकरा होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती थी और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

बद्दुआ को बदला दुआ में: महेंद्र पटेल बताते हैं कि रास्ते की परेशानी से लोग अक्सर गांव की व्यवस्था को कोसते थे। राहगीरों और बुजुर्गों की परेशानी देखकर उन्हें काफी दुख होता था। उन्होंने तय किया कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

इसी दौरान उनके घर के पास स्थित तीन झोपड़ियों के मालिकों ने अपनी जमीन बेचने की इच्छा जताई। महेंद्र ने तत्काल अपने पिता स्वर्गीय शिवचरण पटेल से चर्चा की और जमीन खरीदने का निर्णय लिया। करीब 15 वर्ष पहले उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई से लगभग एक लाख रुपये खर्च कर जमीन खरीदी।

जमीन खरीदने के बाद उन्होंने वहां बनी झोपड़ियों को हटवा दिया और करीब 5 हजार वर्गफुट जमीन आम रास्ते के लिए छोड़ दी। परिणामस्वरूप पहले जहां मात्र तीन फीट चौड़ी संकरी गली थी, वहां आज एक चौड़ा और सुगम चौक बन चुका है।

अब आसानी से गुजरते हैं वाहन: यह मार्ग महासमुंद और गरियाबंद जिले की सीमा से जुड़े दर्जनों गांवों को जोड़ता है। पहले जहां बाइक निकालना भी मुश्किल था, वहीं अब चारपहिया वाहन भी आसानी से गुजर रहे हैं। सड़क चौड़ी होने के बाद यहां सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध हो गई है।

गांव में शुरू हुई नई सोच: महेंद्र पटेल की इस पहल का प्रभाव अब पूरे गांव में दिखाई दे रहा है। उनसे प्रेरित होकर ग्रामीण झलक राम साहू, स्वर्गीय तोरण साहू, विनोद पटेल, गिरीश साहू और चंदूलाल साहू सहित कई लोगों ने मकान निर्माण के दौरान सड़क के लिए अपनी जमीन छोड़ने की पहल शुरू कर दी है।

लोगों को दे रहे नैतिक शिक्षा: महेंद्र पटेल अब ग्रामीणों को अतिक्रमण नहीं करने और सार्वजनिक रास्तों को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि, ÷जो दूसरों का रास्ता रोकते हैं, उनकी तरक्की का रास्ता ईश्वर रोक देता है।

वे नए मकान बनाने वाले लोगों से सड़क के लिए पर्याप्त जगह छोड़ने की अपील भी करते हैं। कई बार जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग देकर भी उन्हें सड़क चौड़ीकरण के लिए तैयार करते हैं।

छोटे शहर से बड़े सपनों तक: गरियाबंद के 'बॉबी' ने ओटीटी की दुनिया में बनाई पहचान

■ **पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने किया सम्मानित**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ते देखना हमेशा गर्व का विषय होता है और जब कोई युवा छोटे शहर से निकलकर मुंबई की चमकती दुनिया में अपनी पहचान बनाने लगे, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन जाता है। ऐसा ही एक गौरवपूर्ण पल तब देखने को मिला जब गरियाबंद के उभरते कलाकार अमन तिवारी उर्फ 'बाबी' का पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अपने निज निवास पर सम्मान किया।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अमन तिवारी को भगवान गणपती की प्रतिमाः , शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य और लगातार सफलता की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी छोटे जिले या ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश की मनोरंजन नगरी मुंबई तक पहुंचना आसान नहीं होता, लेकिन मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण व्यक्ति को बड़ी पहचान दिलाता है।उन्होंने कहा कि अमन तिवारी की उपलब्धि सिर्फ उनके परिवार की नहीं बल्कि पूरे गरियाबंद जिले की उपलब्धि है। आज के समय में जब युवा अक्सर सीमित अवसरों की बात करते हैं, ऐसे में बाबी जैसे कलाकार यह साबित कर रहे हैं कि अगर प्रतिभा के साथ निरंतर प्रयास हो तो मंजिल कहीं भी बनाई जा सकती है।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि गरियाबंद जैसे क्षेत्र से निकलकर मुंबई और OTT प्लेटफॉर्म तक

सफर तय करना वास्तव में काबिले-तारीफहै। उन्होंने कहा कि बाबी की यह सफलता आने वाले समय में जिले के हजारों युवाओं को प्रेरित करेगी कि वे भी अपनी प्रतिभा को पहचानें और बड़े सपने देखने से न डरें।

आज मनोरंजन जगत में अवसरों की कोई कमी नहीं है, लेकिन वहां टिकने के लिए प्रतिभा, अनुशासन और लगातार मेहनत की जरूरत होती है। अमन ने शुरुआती दौर में ही जो पहचान बनाई है, वह बताती है कि उनका भविष्य उज्ज्वल है और आने वाले समय में वे बड़े मंचों पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

वर्तमान में अमन तिवारी उर्फ बाबी मुंबई और दिल्ली में अपनी आगामी वेब सीरीज़ ÷रेंट वाला घर÷ की शूटिंग में व्यस्त हैं। लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम करते हुए उनका अगला लक्ष्य बड़े बैनर की फिल्मों में अपनी मजबूत पहचान बनाना है। जिस गति से वे आगे बढ़ रहे हैं, उसे देखकर मनोरंजन जगत में उनके लिए संभावनाएं लगातार बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

इस मौके पर गरियाबंद के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेश तिवारी ने बेटे की सफलता पर भावुक होते हुए अपनी सोच साझा की। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं करना चाहिए बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने हमेशा अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ ड्रामा, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञानेश तिवारी ने कहा कि हर बच्चे की अपनी अलग रुचि और पहचान होती है। माता-पिता का काम केवल दिशा देना है, दबाव बनाना नहीं। जब बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार आगे बढ़ने दिया जाता है और परिवार का समर्थन मिलता है, तब वे अपनी वास्तविक क्षमता तक पहुंचते हैं।

उन्होंने कहा कि आज बाबी की सफलता इसी सोच का परिणाम है, जिसने यह साबित कर दिया कि जुनून को सही दिशा और परिवार का साथ मिले तो छोटे शहर का युवा भी बड़े मंच पर अपनी चमक बिखेर सकता है।

गरियाबंद जैसे छोटे जिले से निकलकर हुञ्ञ प्लेटफॉर्म तक पहुंचना सिर्फ एक कलाकार की सफलता नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक संदेश है—सपने बड़े देखो, मेहनत करो और अपनी पहचान खुद बनाओ।

अब सभी की नजर उनकी आने वाली वेब सीरीज़ ÷रेंट वाला घर÷ पर टिकी है। देखने वाली बात होगी कि क्या बाबी आने वाले समय में हुञ्ञ की दुनिया के नए चमकते सितारे बनकर उभरते हैं।

विकास और विश्वास का नया मॉडल, बस्तर के नक्सलमुक्त गांवों में बनेंगे आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित और तेजी से विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे जिलों में बच्चों और माताओं के भविष्य को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है।

राज्य सरकार ने बस्तर संभाग के 506 भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पक्के भवन निर्माण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश जारी किए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अभिसरण से बनने वाले इन भवनों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचा तैयार करना नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, मातृ स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को नई मजबूती देना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि नक्सल मुक्त घोषित जिलों में कोई भी आंगनबाड़ी भवनविहीन न रहे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गांवों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की मजबूत नींव हैं। विशेष रूप से दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में इन केंद्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

अच्छी खबर

- नक्सल मुक्त बस्तर में विकास की नई इबारत
- 506 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेंगे पक्के भवन
- मातृ-शिशु सुविधाओं को मिलेगी मजबूती
- साय सरकार की विकास पर बड़ी पहल

11.69 लाख रुपए प्रति भवन की स्वीकृति

प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन के निर्माण पर 11 लाख 69 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें—महिला एवं बाल विकास विभाग से 2 लाख रुपये। महात्मा गांधी नरेगा से 8 लाख रुपये। शेष 1.69 लाख रुपये डीएमएफ, सीएसआर और अन्य स्थानीय संसाधनों से जुटाए जाएंगे। सरकार ने मार्च 2027 तक सभी निर्माण कार्य पूरे करने का लक्ष्य तय किया है।

मुख्य बातें एक नजर में

- 506 भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्रों को पक्के भवन
- महिला एवं बाल विकास विभाग + मनरेगा से निर्माण
- प्रति भवन 11.69 लाख रुपये खर्च
- बाला कॉन्सेप्ट के तहत आकर्षक शिक्षण वातावरण
- मार्च 2027 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य
- बस्तर संभाग के 6 जिलों को प्राथमिकता

बस्तर में विकास और विश्वास की नई पहल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत आंगनबाड़ी अवसंरचना गांवों में सामाजिक परिवर्तन का आधार बनेगी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास, विश्वास और सुशासन को और मजबूती देगी। बस्तर का विकास सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में मिली बड़ी सफलता, दुर्ग में 132 केवी का नया सब-स्टेशन किया गया ऊर्जीकृत

ट्रांसमिशन कंपनी ने एक साल में बनाए 132 केवी के छह अति उच्चदाब उपकेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग की आपूर्ति करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी नई ट्रांसमिशन लाइनों के साथ ही नए सब-स्टेशन का निर्माण कर रही है। इसी कड़ी में ट्रांसमिशन कंपनी ने 132 केवी के एक और नए अतिउच्चदाब उपकेंद्र को ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की।

इस तरह प्रदेश में बीते एक साल में अतिउच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या 135 से बढ़कर 141 हो गई है। एक साल के भीतर छह अतिउच्चदाब उपकेंद्रों को ऊर्जीकृत किया गया है। राज्य गठन के समय अतिउच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या केवल 27 थी।

ट्रांसमिशन कंपनी ने आज दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की, जिसमें पहला दुर्ग जिले के अंडा गांव में 132 केवी अतिउच्चदाब उपकेंद्र का निर्माण पूर्ण किया गया तथा दूसरा राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ स्थित 132 केवी अतिउच्चदाब उपकेंद्र में 63 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर इन्हें ऊर्जीकृत किया।

श्री शुक्ला ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

इसी के तहत ग्राम अंडा में 132/33 के.वी. के नए उपकेंद्र की स्थापना की गई है, जिसमें 40 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसकी अनुमानित लागत लगभग 30 करोड़ 50 लाख रुपए है। इस उपकेंद्र से 33 केवी के 5 फीडर से बिजली सप्लाई होगी। इस उपकेंद्र के निर्माण से मुख्य रुप से अंडा, विनायकपुर, चंद्रखुरी, तिरगाझोला, कुथरेल, हनोदा, अंजोरा, मोहंदीपाट, निकुम, आलबरस, सकरौद, खप्परवाड़ा, रिसामा, चिंगरी, परसदा, ओटेबंद एवं देवरी सहित लगभग 38 ग्रामों को लाभ मिलेगा।

इसे साथ ही राजनांदगांव जिले के 132/33 केवी अतिउच्चदाब उपकेंद्र में 63 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया। इससे वहां की क्षमता 40 एमवीए से बढ़कर 103 एमवीए हो गई है। इस सब-स्टेशन से छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के 33 केवी के पांच फीडर मंडला, भैयाटोला, अतरिया, मुढ़ीपार और सिविल लाइन राजनांदगांव को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशकगण श्री शिरीष शैलेट राजनांदगांव, श्री संजय खंडेलवाल दुर्ग, ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता सर्व श्री अब्राहम वर्गीस, श्री संजय तिवारी, प्रसन्ना गोसावी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता श्री एस.के.भूआर्य, श्री एस कंवर, आर.के.मिश्रा, विक्रम मंधान, कार्यपालन अभियंता श्री छगन शर्मा, श्री सिद्धार्थ भवसार, वीरेंद्र कुमार, श्री जेएल साहू, श्री एमआर शेरके, श्रीमती रूबी सारिका चंद्राकर, सहायक अभियंता भूषण वर्मा, प्रवीण शुक्ला एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गढ़फुलझर धान संग्रहण केंद्र में भीषण आग 90 हजार रुपए की सामग्री जलकर खाक

खेत में लगाई गई आग तेज हवा से फैली, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बसना स्थित गढ़फुलझर धान संग्रहण केंद्र में रविवार 25 मई को आग लगने की घटना में लगभग 90 हजार रुपए की क्षति हुई। मामले में धान संग्रहण केंद्र बसना के केंद्र प्रभारी ने थाना बसना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

केंद्र प्रभारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में लगाई गई आग तेज हवा के चलते फैलते हुए धान फड़ की बाउंड्री तक पहुंच गई। आग की चपेट में आने से संग्रहण केंद्र के किनारे रखी अनुपयोगी सामग्री जलकर नष्ट हो गई।

घटना में लगभग 1 लाख 75 हजार नग अनुपयोगी एवं सड़ी-गली डनेज प्लास्टिक बोरियां जल गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा लगभग 20 नग अनुपयोगी कैप कवर भी आग में जलकर खाक हो गए, जिनकी कीमत लगभग 10 हजार रुपए आंकी गई है। इस तरह कुल मिलाकर करीब 90 हजार रुपए की क्षति हुई है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि दिन पाली में कार्यरत चौकीदार ने दोपहर करीब 3 बजे आग लगने की सूचना दी।

इसके बाद कर्मचारियों ने प्रारंभिक स्तर पर बोरों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी। स्थिति गंभीर होने पर सरायपाली से दमकल वाहन बुलाया गया, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि खेतों में आग लगाने से बचें और पर्याप्त सावधानी बरतें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

खेत में आग बुझा रहे किसान से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारीबाहरा में खेत में लगी आग बुझा रहे एक किसान के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई–निविदा सूचना

क्रम सं.(1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम-इंजी-ओएसयू-बीएसपी-03-26-27, दिनांकः 13.05.2026

कार्यः "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में (i) अमृत भारत स्टेशन योजना चरण-II के माध्यम से CPH, KRBA, AKT, NIA और BUA स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन (ii) अमृत भारत स्टेशन योजना चरण-II के माध्यम से BRJN और BPH स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य (iii) उसलापुर रेलवे स्टेशन पर दूसरी एंट्री का विकास और सभी प्लेटफॉर्मों के साथ-साथ सभी संबंधित सुविधाओं का आधुनिकीकरण। (iv) AKT, NIA, CPH, BUA, RIG, BPH, BRJN और KRBA रेलवे स्टेशनों के सभी प्लेटफॉर्मों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन।"

निविदा मूल्य (रू): 65,23,75,037.86/-, अमानत राशि (रू) 1,30,47,500.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह। निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः दिनांक 04.06.2026 से, निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः दिनांक 18.06.2026 के 15:30 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in, वेबसाइट पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति
सीपीआर/10/123 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No.: 0771-2574581 e-mail: ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No.: 0771-2574146 Website: www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/715 Raipur, dtd.25.05.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/19, Rfx No.-8100048995, Painting work of Vidyut Sewa Bhawan situated at Power Companies premises Danganiya Raipur.; **NIT Value:**-Rs. 18.49 Lakhs **EMD:**- Rs. 18,500/, **Completion Period:- 03 Months.2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/20, Rfx No.- 8100051700,** Providing services of 01 No. Technical diploma holder (High Skillied Labour), 04 No. Computer Operator (High Skilled Labour) & 16 No. Semi-skilled Labour for one year for the O/o E.E. (Civil) HQ.Dn. CSPTCL, Raipur.; **NIT Value:**-Rs. 44.17 Lakhs **EMD:**-Rs. 44,200/, **Completion Period:- 12 Months.3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/21, Rfx No.- 8100048302,** Various internal & external painting works (Cement godown of Area Store, SE (EHT: Const.) Circle and EE (EHT:Dn.), Boundary wall of area store) at Tifra Bilaspur.; **NIT Value:**-Rs. 14.81 Lakhs **EMD:**-Rs. 14,900/, **Completion Period:- 04 Months.4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/22, Rfx No.-8100051843,** Construction of 01 No. additional 33 KV dedicated feeder bay at 132/33 KV S/s Balod for providing 200 KVA HT connection in respect of M/s PHE Deptt. C.G. Govt. Tehsil-Dondi, Distt.- Balod.; **NIT Value:**-Rs. 5.98 Lakhs **EMD:**-Rs. 6,000/, **Completion Period:- 02 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 03, 04 is Rs.2000/- (i/c GST); Sl. No.- 02 is Rs. 5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 17.06.2026 for Sl. No.- 01 & 04; dt. 18.06.2026 for Sl. No.- 02; dt. 19.06.2026 for Sl. No.- 03.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

S- 47931/2 (Sanjay Tiwari)
SAVE ELECTRICITY Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

एसआईआर में जीवित मतदाताओं के नाम काटे गए, कांग्रेस ने लगाया वोट चोरी का आरोप

कलेक्टर से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने की शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रहीं हैं। जैसा की कांग्रेस ने शुरु से कहा है, यह वोट चोरी का सुनियोजित और संगठित प्रयास है ताकि भाजपा को इसका लाभ मिल सके। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश सचिव मेहुल मारु ने इस संबंध में पत्रकारवार्ता लेकर निर्वाचन आयोग पर एसआईआर में मतदाताओं का नाम हटाकर चुनावों के परिणाम प्रभावित करने के सुनियोजित षड़यंत्र के आरोप लगाए हैं। पत्रकारवार्ता के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर जितेंदर यादव से मुलाकात की और मामले को उनके सामने रखा। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि प्रकरण की जांच की जाएगी और जो भी इसके लिए दोषी पाया जाएगा उस पर कठोर कार्रवाई होगी।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में जो गड़बड़ियां हैं उनके अनुसार कई जीवित मतदाताओं को मृत बताकर उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारु का नाम भी मतदाता सूची से हटा दिया गया जबकि उनके परिवार के सदस्यों का नाम इसमें शामिल है।

प्रभावित मतदाताओं द्वारा जानकारी दी जा रही है कि एसआईआर के दौरान उन्होंने बीएलओ को समस्त दस्तावेज दिए थे। तब सभी जानकरी पर्याप्त और सही बताई गई थी। लेकिन अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। कई मतदाताओं ने तहसील कार्यालय में पेशी में भी अपना पक्ष रखा था। बसंतपुर निवासी श्रीमती कुसुम जायसवाल को मृत बताते हुए मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया गया है।

गरियाबंद भाजपा सोशल मीडिया की नई कार्यकारिणी घोषित, जिला एवं मंडल स्तर पर मिली नई जिम्मेदारियां

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद सोशल मीडिया की नई कार्यकारिणी, जिला एवं मंडल टोली के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों की घोषणा की गई। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी, संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखारिया के मार्गदर्शन में की गई।

नई टीम के गठन के साथ संगठन को डिजिटल माध्यमों में और अधिक मजबूती प्रदान करने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की विचारधारा को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में जिले एवं मंडलों के सक्रिय, ऊर्जावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नई सोशल मीडिया टीम संगठन की नीतियों, उपलब्धियों एवं जनहित के कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से मजबूती के साथ जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही संगठन विस्तार, जनसंपर्क एवं डिजिटल अभियान को नई गति मिलेगी।

शिव शौर्य को रंगमंच पर उतारने की कोशिश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य पर आधारित हिंदी नाटक 'शिव शौर्य' के छह जून को होने वाले मंचन की तैयारियां पूरे शबाब पर हैं। महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर रंगमंच पर होने वाले प्रयोग को लेकर लेखक, निर्देशक अभिषेक बक्षी के मार्गदर्शन पर लगभग हर आयुवर्ग के 25 कलाकार प्रतिदिन घंटों रिहर्सल कर रहे हैं। चूंकि नाटक ऐतिहासिक और शौर्य गाथा वाला है और इसके हर एक पात्र का अपना महत्व है, इसलिए शिव शौर्य में काम करने वाला हर एक ऊर्जावान रंगसाधक अपनी भूमिका में जान डालने का हरसंभव प्रयास कर रहा है।

अभी हाल ही में पुणे स्थित 'शिव सृष्टि' का भ्रमण करके लौटे अभिषेक बक्षी कहते हैं कि वहां जाने के बाद बहुत सी जानकारियां जुटाने का अवसर मिला। इससे हमारे नाटक को भी मजबूती मिलेगी, खासकर संवाद व कास्ट्यूम से लेकर उन्हें अपनी केंद्रीय भूमिका शिवाजी महाराज को मंच पर साकार करने में मदद मिलेगी। रंगमंच की दुनिया में अनिकेत के रूप में तहलका मचा रहे शशि वरवंडकर इस नाटक में अफजल खान की बेहद क्रूर भूमिका में जान डालते हुए दिखाई देंगे। इसके लिए उनकी दमदार भारी आवाज में डायलॉग डिलीवरी नाटक की बड़ी विशेषता होगी। चेतन दंडवते का लंबा रंगमंचीय अनुभव बाजी प्रभु देशपांडे की महत्वपूर्ण भूमिका को साकार करने में सहायक होगा। आकाशवाणी के प्रसिद्ध उद्घोषक दीपक हटवार नाटक 'शिव शौर्य' के सूत्रधार होंगे। भारती पलसोदकर जिजाऊ माता और कीर्ति हिशीकर शिवाजी महाराज की पत्नी सई बाई की संवेदनशील किरदार में आंखें नम करेंगी।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

NOTICE INVITING TENDER THROGH E-BIDDING

E-tenders are invited **experience & Eligible Contractors** for Hiring of Vehicle **(Three Years)** new SUV (Earlier Jeep) category and Equivalent with of Driver or maximum 3 year old and having total run not exceeding 60000 Km. The vehicle required on hire should be white in color and well maintained, will constructed with good quality of seat cover, foot mating & interiors etc. Hired Vehicle should be registered & shall have comprehensive Insurance. The maintenance cost, commercial Tax and insurance, wages of drive, cost of fuel-Lubricants, repair and maintenance and other liabilities shall be on the contractor side but excluding GST.

S. N	Tender No.	Name of work	Value of contract (Without GST)	EMD Amount (online)	Last date & Time of submission of bids	Due date of Opening
1.	TR-2026_16 Dt.26.05.2026 RFX No. 8100051845	Hiring of Vehicle for EE City Dn. Construction CSPDCL Raipur. 1. Rate for Monthly run 1st 1500 Km. 2. Rate for extra run beyond 1500 Km. (Rs. Per Km.) 3. Rate to be deducted for running less than 1500 Km. (Rs. To be deducted).	19.00 Lakh approx.	19000/-	Dt. 15.06.2025 upto 02:30 PM	Dt.15.06.2026 upto 03:00 PM
2.	TR-2026_17 Dt.26.05.2026 RFX No. 8100051846	Hiring of Vehicle for EE Vigilance CSPDCL Raipur.. 1. Rate for Monthly run 1st 2000 Km. 2. Rate for extra run beyond 2000 Km. (Rs. Per Km.) 3. Rate to be deducted for running less than 2000 Km. (Rs. To be deducted).	21.00 Lakh approx.	21000/-	Dt. 15.06.2026 upto 02:30 PM	Dt.15.06.2026 upto 03:00 PM

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** Last date and time of submission of bid is on **15.06.2026** up to **02:30 P.M.** and due date of opening is on **15.06.2026** at **03:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

***Contractor/bidder should provided active mail id for further Communication.**

(M.Vishwakarma-90311415)
SAVE ELECTRICITY S- 47935/2 Superintending Engineer City Circle-I, CSPDCL: Raipur

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपतियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **12/06/2026** समय (प्रातः **11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

क्र.	उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम	सपत्तियों का विवरण	बकाया राशि (रू.)	आरक्षित मूल्य / अमानत राशि / बोली वृद्धि राशि
01	ऋणी- बाबा महंत दास मिताली दास पति बाबा महंत दास शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.)	प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 1152, वार्ड नं. 7, फरीद नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई (छ.ग.)	₹ 12,88,844.34 + 22.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 14.00 लाख / ₹ 1.40 लाख / ₹ 0.15 लाख
02	श्रीमती पारुल पटेल पत्नी श्री आशीष पटेल, श्री आशीष पटेल सह- आबद्ध श्री राकेश लेखवानी पुत्र श्री श्यामलाल लेखवानी, शाखाः राजनांदगांव	पारुल पटेल के नाम पर खसरा नं. 240/51 से 365/51, वार्ड नं. 20, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, गली नं. 8, राजनांदगांव, लालबाग, सिंधी कालोनी में स्थित आरसीसी रुफ आवासीय भवन।	₹ 24,82,000.00/- + 01.04.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 24.50 लाख / ₹ 2.45 लाख / ₹ 0.25 लाख
03	श्री ब्रज भूषण पैंकरा, श्रीमती सुनीता पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 9/8 का ईडब्ल्यूएस।	₹ 4,51,556.82 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 5.50लाख / ₹ 0.55 लाख / ₹ 0.06 लाख
04	श्रीमती सुनीता पैंकरा, श्री ब्रज भूषण पैंकरा, शाखा- प्रियदर्शिनी नगर	मौजा- पिरदा, प.ह.नं. 76, आरआईसी रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 398.77 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 10/6 का ईडब्ल्यूएस।	₹ 4,52,139.09 + 21.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 5.50 लाख / ₹ 0.55 लाख / ₹ 0.06 लाख
05	मेसर्स पंजाब ऑटो, श्री हरजीत सिंह दुआ, श्री जसप्रीत कौर दुआ शाखा- पन्डरी यूएमएफबी	श्रीमती जसप्रीत कौर दुआ के नाम पर ऑर्किड ब्लॉक नं. 1, भूतल, ग्रीन अर्थ सिटी, ग्राम- अमलेश्वर, पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 584.22 वर्गफीट में स्थित आवासीय संपत्ति फ्लैट नं. 106.	₹ 25,82,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 12.00 लाख / ₹ 1.20 लाख / ₹ 0.12 लाख
06	राम अवतार शर्मा पुत्र रमन्ना शर्मा एवं श्रीमती प्रभा शर्मा शाखाः समता कालोनी	प्रभा शर्मा पति- राम अवतार शर्मा के नाम पर खसरा नं. 363/1, 364/1, 365/1, पीसी नं. 110/40, गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट की 5वीं मंजिल, शंकर नगर, वार्ड नं. 29, रायपुर, क्षेत्रफल- 1455 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. बी/504 के समस्त भाग व अंश।	₹ 44,82,000.00 + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 35.50 लाख / ₹ 3.55 लाख / ₹ 0.40 लाख
07	मेसर्स वी.के. कन्स्ट्रक्शन, प्रोपराईटर- श्री विजयानंद सिंह, श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री विजयानंद सिंह के माध्यम से/ चरोदा शाखा.	ख.नं. 177/10, प्लॉट न. 26, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नं. 31, सिरसा, श्री केबिन सिरसाकला वार्ड, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल- 1575 वर्गफीट में स्थित खुला प्लॉट.	₹ 5,75,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क	₹ 4.50 लाख / ₹ 0.45 लाख / ₹ 0.10 लाख

उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।

ई-नीलामी की तिथि व समयः 12/06/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: क्र. 01 के लिए: श्री प्रदीप बारिक/मोब. 7077103753, क्र. 02: श्री गौरव रोकड़े/मोब. 9284013315, क्र. 03,04 एवं 05: श्री गौरव मिश्रा/मोब. 7800002186, क्र. 06: श्री जीतेन्द्र नायक/मोब. 7250567881 एवं क्र. 07: के लिए श्री सुनील मौर्य/मोब. 9919175656.

उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।

दिनांकः 26.05.2026, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

बस्तर का मांझीपाल बना छत्तीसगढ़ का नया इको-टूरिज्म हब, देश-विदेश के पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

■ बैम्बू राफ्टिंग, आमचो लाड़ी होमस्टे और जनजातीय संस्कृति का अनूठा संगम दे रहा प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत अनुभव

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रकृति की अनुपम छटा, जनजातीय संस्कृति की आत्मीयता और रोमांच से सराबोर बस्तर अंचल का खूबसूरत ग्राम मांझीपाल आज छत्तीसगढ़ के सबसे तेजी से उभरते इको-टूरिज्म केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में स्थित यह मनोरम स्थल अपने घने जंगलों, स्वच्छ कांगेर नदी और ग्रामीण परिवेश की सादगी के कारण देश-विदेश के सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा बस्तर में इको-टूरिज्म, ग्रामीण और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की गई विशेष पहल का ही परिणाम है कि आज मांझीपाल वैश्विक मानचित्र पर चमक रहा है। इस मॉडल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय समुदायों को रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

कांगेर नदी में बैम्बू राफ्टिंग बना रोमांच का नया केंद्र: मांझीपाल की सबसे बड़ी यूएसपी यहाँ बहने वाली निर्मल कांगेर नदी है। नदी की शांत जलधारा में स्थानीय आदिवासियों द्वारा तैयार पारंपरिक बांस की नावों पर होने वाली बैम्बू राफ्टिंग पर्यटकों को बेहद रोमांचित कर रही है। राफ्टिंग के दौरान सैलानी घने जंगलों की हरियाली, नदी के किनारों की प्राकृतिक सुंदरता और दुर्लभ पक्षियों की चहचहाहट के बीच प्रकृति को बेहद करीब से महसूस करते हैं। यह गतिविधि केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बस्तर के जनजातीय समुदायों की पारंपरिक जीवनशैली और प्रकृति के साथ उनके गहरे जुड़ाव को भी जीवंत करती है।

'आमचो लाड़ी' होमस्टे, विदेशी मेहमानों को भा रही बस्तर की आत्मीयता: मांझीपाल में स्थित ÷आमचो लाड़ी÷ होमस्टे आज बस्तर की पारंपरिक संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली को करीब से समझने का सबसे लोकप्रिय माध्यम बन गया है। अपनी अनूठी और आत्मीय मेजबानी, बस्तरिया व्यंजनों के स्वाद और पारंपरिक परिवेश के कारण यह होमस्टे विदेशी पर्यटकों के बीच भी तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। आधुनिक शहरों की भागदौड़ से दूर यहाँ आने वाले पर्यटक स्थानीय रीति-रिवाजों को जीते हैं, जंगल का आनंद लेते हैं, बर्ड वॉचिंग (पक्षी अवलोकन) करते हैं और बस्तर के पारंपरिक जीवन के साथ आत्मिक जुड़ाव महसूस करते हैं।

सामुदायिक पर्यटन से स्थानीय युवाओं को मिल रहा रोजगार: राज्य सरकार की कम्युनिटी-बेस्ड टूरिज्म (सामुदायिक सहभागिता आधारित पर्यटन) नीति का सीधा और सकारात्मक असर अब बस्तर के ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रहा है। मांझीपाल के पर्यटन हब बनने से स्थानीय आदिवासी युवाओं को प्रोफेशनल टूरिस्ट गाइड, राफ्टिंग संचालक, होमस्टे प्रबंधन और बस्तरिया हस्तशिल्प (हैंडीक्राफ्ट) की बिक्री के जरिए सीधे तौर पर स्थायी रोजगार मिल रहा है। इससे न केवल पलायन पर रोक लगी है, बल्कि जनजातीय परंपराओं और स्थानीय विरासत के संरक्षण को भी एक नई दिशा मिली है।

कैसे पहुँचें मांझीपाल: पर्यटकों के लिए मांझीपाल पहुँचना बेहद सुगम और आसान है। यह खूबसूरत पर्यटन स्थल जिला मुख्यालय जगदलपुर से मात्र 35 से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जगदलपुर से दरभा मार्ग होते हुए बेहतरीन पक्की सड़क द्वारा निजी वाहन या स्थानीय टैक्सी से यहाँ आसानी से पहुँचा जा सकता है। निकटतम रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डा भी जगदलपुर में ही स्थित है, जिससे देश के किसी भी कोने से यहाँ का आगमन सुलभ हो जाता है। प्रकृति संरक्षण, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर पर्यटन मॉडल का बेहतरीन उदाहरण पेश करता मांझीपाल आज सिर्फ एक घूमने की जगह नहीं, बल्कि बदलते बस्तर की एक नई और गौरवशाली पहचान बन चुका है।

न्यूज गैलरी

बालोद नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों ने बजट की प्रतियां फाड़कर जताया विरोध

बालोद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बालोद में वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश किए जाने के दौरान परिषद की बैठक जमकर हंगामेदार रही। नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने बजट का जोरदार विरोध करते हुए इसे ÷सिर्फकागजी आंकड़ों का बजट÷ बताया। विरोध स्वरूप कांग्रेस पार्षदों ने बजट की प्रतियां फाड़कर हवा में उछाल दीं और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने नगर विकास के नाम पर किए जा रहे दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की जनता अब केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर विकास कार्य देखना चाहती है। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि वे भी बालोद शहर के विकास के पक्षधर हैं, लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ बड़े-बड़े वादे कर जनता को भ्रमित करना उचित नहीं है। नेता प्रतिपक्ष कसीमुद्दीन कुरैशी ने नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट में विकास की कोई ठोस कार्ययोजना नजर नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल लगभग 14 प्रमुख बिंदुओं में से केवल अटल परिसर का कार्य ही धरातल पर दिखाई देता है, जबकि बाकी योजनाएं अधूरी या सिर्फ फाइलों तक सीमित हैं। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि अब वर्ष 2026-27 के बजट में फिर 10 नए बिंदु जोड़कर बड़े-बड़े सपने दिखाए जा रहे हैं, लेकिन पिछले अनुभवों को देखते हुए आशंका है कि यह बजट भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कें, नालियां, पेयजल, सफाई और गरीबों की योजनाएं प्राथमिकता होनी चाहिए।

सूपाझरिया जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए 3.15 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने सूरजपुर जिले के विकासखंड ओड़गी स्थित सूपाझरिया जलाशय योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 15 लाख 95 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की रूपांकित सिंचाई क्षमता 82 हेक्टेयर पूरी तरह बहाल हो जाएगी। इस नहर जीर्णोद्धार कार्य से ओड़गी क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सूपाझरिया जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की रूपांकित सिंचाई क्षमता 82 हेक्टेयर पूरी तरह बहाल हो जाएगी। इससे क्षेत्र के किसानों को खरीफऔर रबी दोनों फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिलेगी। शासन ने कार्य को स्वीकृत राशि और निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कार्य शुरू करने से पहले सक्षम अधिकारी से ड्रॉइंग-डिजाइन का अनुमोदन और तकनीकी स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही कम से कम 75 प्रतिशत बाधा रहित भूमि उपलब्ध होने पर ही निविदा जारी की जाएगी। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि भू-अर्जन स्वीकृत राशि की सीमा में ही किया जाए और किसी अन्य मद की बचत राशि का उपयोग बिना पूर्व स्वीकृति के न हो। यदि भू-अर्जन प्रस्तावित नहीं है, तो निर्माण शासकीय भूमि पर ही कराया जाए। निविदा प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पीएम मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरा होने पर वित्त मंत्री ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 26 मई 2014 से शुरू हुआ यह 12

वर्षों का कार्यकाल देश के इतिहास में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प का जीवंत प्रतीक रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय के लक्ष्य को साकार किया है। श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है। जनधन योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों, किसानों और माताओं-बहनों के जीवन को गरिमापूर्ण बनाया है। डिजिटल इंडिया अभियान ने युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं और देश में अभूतपूर्व पारदर्शिता सुनिश्चित की है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि यह कालखंड देश के नव-निर्माण और ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने वाला रहा है। इन 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक पटल पर विकास, सुशासन, डिजिटल परिवर्तन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय राष्ट्र-समर्पण, निरंतर जनता-सेवा और सुशासन के लिए उनका हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर लगा प्रश्नचिन्ह, जल संकट से जूझ रहे नगरवासी

नगर के कुछ वार्डों में 80 घंटों बाद भी पेयजल सप्लाई नहीं

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर की आधी आबादी पिछले 80 घंटों से प्यासी है। नगर में अनेक वार्डों में 80 घंटों बाद भी नलों से पानी नहीं आ रहा है, इससे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह तो लगा ही है, इस अव्यवस्था ने ग्रीष्मकाल में पेयजल सप्लाई के तमाम दावों की पोल खोल रखकर रख दी है। अब पेयजल संकट को लेकर नगरीय निकाय में सत्तारूढ़ भाजपा के ही पदाधिकारियों व पार्षदों के बीच का मतभेद भी खुलकर सामने आ गया है।

बता दें कि इससे पूर्व ऐसी जानकारी मिली थी कि नगर के पुराना बस स्टैण्ड के पास स्थित ओव्हरहेड टैंक को भरने वाले कोहका रोड में स्थित 15 एचपी का मोटर पंप जल गया है। उक्त घटना शुक्रवार रात की बताई जाती है। पता चला है कि चूंकि उक्त मोटर पंप वारंटी में था, तो उसको बदलने के लिए रायपुर भेजा गया है, लेकिन डीलर द्वारा दूसरा मोटरपंप अभी तक नहीं भेजने के कारण ओव्हरहेड टैंक नहीं भर पा रहा है। दूसरी ओर करियाटोला को पानी सप्लाई करने वाला एक 5 एचपी का पम्प भी जल गया था, जिसके बदले स्टॉक में रखे पुराने पंप को लगाया गया है, जिससे अभी भी आधा अधूरा पानी सप्लाई हो पा रहा है। भीषण गर्मी के बीच करियाटोला वार्ड के निवासियों सहित नगर के वार्ड नं. 4 के नगरवासियों को पिछले तीन दिनों से पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

नगरवासियों ने बताया पिछले तीन दिनों से सुबह टाईम खुलने वाला नल ही नहीं खुल रहा है। नल नहीं खुलने के संबंध में नगर पंचायत द्वारा वार्डों में किसी प्रकार की मुनादी भी नहीं करवाई गई, जिसके कारण अनेक उपभोक्ता रोज नल से पानी आने की उम्मीद में बर्तन टिकाये रहते थे, लेकिन समय बीतने के बाद उनके सामने नगर पंचायत प्रशासन को कोसने के सिवाय कोई चारा नहीं बचा। बताया जाता है कि तीन दिनों से नल नहीं खुलने के कारण लोगों की दिनचर्या पर अच्छा खासा असर पड़ा है।

ट्रिपल इंजन सरकार के लोग हो रहे फेल

कहने को तो नगर में ट्रिपल और चौपल इंजन की सरकार है। लेकिन पेयजल मामले में नगरीय सरकार भी फेलवर साबित हो रही है। हालांकि 15 वर्षों के सूखे के बाद नगर में नागरिकों ने बड़ी उम्मीद से नगरीय निकाय की कमान भाजपा को सौंपी थी, लेकिन लोगों के मतानुसार भाजपा के पदाधिकारी और पार्षद एक साल बाद ही फेलवर साबित हो रहे हैं। नगर में पेयजल की समस्या हो, निर्माण कार्यों की बात हो या फिर आपसी सामंजस्य की। नगर पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष और पार्षदों के बीच की खाई और चौड़ी होती जा रही है।

आधी आबादी टैंकर के भरोसे

जानकारी के अनुसार नगर की आधी आबादी अभी भी टैंकर के भरोसे है। सीएमओ द्वारा दी गई जानकारी अनुसार नगर के वार्ड नं. 3, 5, 6, 9, 11, 12 के अलावा हरिओम नगर और करियाटोला में टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा जहां से जहां से मांग आती है, उन मुहल्लों में भी आवश्यकतानुसार टैंकर भेजा जा रहा है। पता चला है कि नगर पंचायत के तीन टैंकर पानी सप्लाई में लगे हैं, इनमें से एक के भी खराब होने पर समस्या जटिल हो जाती है। इन टैंकरों में से एक का तो पीछे का वाल्व खराब हो गया है, जिसे बनवाने तक की जहमत नगर पंचायत नहीं उठा पा रही है।

एफआईआर रद्द कराने बैज-टीएस के साथ कांग्रेसियों का थाने में प्रदर्शन

■ जिला उपाध्यक्ष पर आर्म्स एक्ट का केस, परेशान करने एफआईआर किया गया

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के विश्रामपुर थाना के सामने कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन चल रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी मंगलवार से धरने बैठ गए हैं। सिंहदेव ने कहा कि सूरजपुर पुलिस प्रशासन का अड़ियल रवैया दिख रहा है। शाम 6 बजे तक यदि हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मैं भूख हड़ताल पर बैठूंगा।

दरअसल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की शिकायत पर विश्रामपुर पुलिस ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के खिलाफ धमकी देने, गाली-गलौज करने और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत कई वरिष्ठ नेता सोमवार सुबह से विश्रामपुर थाने के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। सिंहदेव ने कहा कि अगर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है तो क्या हथियार चलाया। क्या हथियार पाया गया। क्या कोई हथियार बरामद किया गया। पार्टी के लोग पूछ रहे हैं तो पुलिस कह रही है कि जांच चल रही है।

सत्ता की दलाली बंद करे पुलिस: दीपक बैज

प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'हम भी सत्ता में रहे हैं, थानेदार का पावर जानते हैं। झीरम घाटी में गोलियां खाई हैं। बिना जांच के आर्म्स एक्ट की धारा कैसे लगा दी गई, इसका जवाब पुलिस को देना चाहिए। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता एनएसए जैसी धाराओं से भी डरने वाले नहीं हैं, लेकिन किसी पर कार्रवाई करने से पहले निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आर्म्स एक्ट की धाराएं वापस नहीं ली गईं तो धरना जारी रहेगा।

55 मेधावी विद्यार्थी नीट-जेईई की तैयारी के लिए रायपुर रवाना

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ओजस्वी सरगुजा योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की गई है। इस अभिनव योजना के तहत शासकीय विद्यालयों के 10वीं बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु रायपुर भेजा गया है। जिला खनिज संस्थान न्यास के वित्तीय सहयोग से संचालित इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को रायपुर स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट में निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को संबोधित किया और तीन बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह ऐतिहासिक क्षण सरगुजा के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि ÷ओजस्वी सरगुजा÷ जैसी दूरदर्शी परिकल्पना आज वास्तविक स्वरूप ले रही है। आज जिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए भेजा जा रहा है, वे आने वाले समय में डॉक्टर, इंजीनियर एवं राष्ट्र निर्माता बनकर न केवल अपने परिवार और जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को कम लागत में मिलेगा बेहतर उत्पादन: कृषि मंत्री

डीएपी में कटौती, नैनो खाद पर जोर, खरीफ सीजन से पहले बदली व्यवस्था, अन्नदाता परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण विदेशों से आने वाले रासायनिक खादों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। इस संभावित संकट से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने एक बड़ी और दूरदर्शी रणनीति तैयार की है।

प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य किसानों की धान बुआई और उत्पादन को प्रभावित होने से बचाना है। इसके लिए पारंपरिक खाद के साथ-साथ तरल नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का समानांतर बफर स्टॉक तैयार किया जा रहा है।

कृषि मंत्री नेताम ने जोर देकर कहा कि कृषि क्रांति की ओर एक कदम अभियान के तहत किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे बेहद कम लागत में अधिक और संतुलित उत्पादन हासिल कर सकें। सरकार का पूरा ध्यान अब पारंपरिक ठोस डीएपी पर निर्भरता कम कर खेती को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने पर है।

नैनो डीएपी के उपयोग से लाभ

कृषि विभाग के अनुसार, पारंपरिक डीएपी के मुकाबले नैनो डीएपी (तरल) का उपयोग किसानों और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद फायदेमंद है:

- कम लागत में बेहतर उत्पादन
- संतुलित पोषण उपलब्धता
- पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा
- ठोस डीएपी पर निर्भरता में कमी
- उर्वरक उपयोग की दक्षता में वृद्धि

राज्य में उर्वरक की उपलब्धता और लक्ष्यों को समझने के लिए प्रमुख आंकड़े

वर्तमान स्टॉक: 9.29 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद गोदामों और सोसायटियों में उपलब्ध (निर्धारित लक्ष्य का 60%)।

खरीफ सीजन का लक्ष्य: केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य स्वीकृत।

पिछले वर्ष से अधिक आवंटन: इस वर्ष का लक्ष्य पिछले वित्तीय वर्ष की खपत (14.62 लाख मीट्रिक टन) से 93 हजार मीट्रिक टन अधिक है।

- एक एकड़ में पारंपरिक डीएपी की लागत लगभग 1350
- नैनो डीएपी के साथ मिश्रित उपयोग पर लागत घटकर लगभग 1275 प्रति एकड़
- यह स्टॉक निर्धारित लक्ष्य का लगभग 60 प्रतिशत

राष्ट्रीय विशेषज्ञ देंगे वन्यजीवों के पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच की बारीकियों का प्रशिक्षण

वन्यजीव संरक्षण पर वन विभाग की पहल, जून के पहले सप्ताह में शुरू होगा विशेष प्रशिक्षण

■ हाथी शावकों की सुरक्षा और वैज्ञानिक स्वास्थ्य प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती

■ वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन विभाग की अभिनव कार्ययोजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वन्यजीवों, विशेषकर हाथियों और उनके शावकों की सुरक्षा तथा संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए वन विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पांडेय के नेतृत्व में जून 2026 के प्रथम सप्ताह में एक उच्च स्तरीय राज्य स्तर पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों की असमय मृत्यु के कारणों की वैज्ञानिक जांच करना, उनका बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन सुनिश्चित करना तथा भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस रणनीति तैयार करना है। इस कार्यक्रम का विषय लर्निंग फ्रॉम डेड एसेंशियलस ऑफ मोर्टेलिटी इनवेस्टिगेशन ऑफ एशियन एलिफेंट फॉर ऑफिसियल ऑफ छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट डिपार्टमेंट रखा गया है।

देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विशेषज्ञ देंगे व्यावहारिक प्रशिक्षण: इस उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के ख्यातिलब्ध और प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ मुख्य रूप से शामिल होकर मैदानी अमले का मार्गदर्शन करेंगे। इनमें शामिल होंगे डॉ. पराग निगम, डॉ. कारिकलन, डॉ. तपेन्द्र सैनी, डॉ. जैन करण भरत जैसे राष्ट्रीय विशेषज्ञ उपस्थित वन अधिकारियों और वन्यप्राणी पशु चिकित्सकों को हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों में होने वाली जटिल बीमारियों की समय पर पहचान, उनके सटीक उपचार, वैज्ञानिक पोस्टमार्टम प्रक्रिया तथा आधुनिक फॉरेंसिक जांच की बारीकियों का व्यावहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण देंगे।

पिछली घटनाओं केस स्टडी से बनेगी नई रणनीति

वन विभाग ने इस प्रशिक्षण को पूरी तरह व्यावहारिक बनाने के लिए पिछली घटनाओं से सीखने पर जोर दिया है। प्रशिक्षण के दौरान पिछले दो वर्षों में रायगढ़ और धरमजयगढ़ वनक्षेत्रों में हुई हाथी शावकों की मृत्यु से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की जाएगी। संबंधित वनमंडलाधिकारी इन मामलों से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विसरा जांच रिपोर्ट और विशेषज्ञ संस्थानों के निष्कर्षों को पटल पर रखेंगे। राष्ट्रीय विशेषज्ञ इन सभी रिपोर्टों का तकनीकी विश्लेषण कर भविष्य के लिए अचूक सुरक्षात्मक सुझाव देंगे।

शामिल होंगे मैदानी अधिकारी और पशु चिकित्सक

इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में राज्य के सभी चिड़ियाघरों और संरक्षित क्षेत्रों में पदस्थ वन्यप्राणी पशु चिकित्सक, हाथी प्रभावित क्षेत्रों के सभी वन-मंडलाधिकारी, उप-वनमंडलाधिकारी, वनक्षेत्रपाल तथा पशुपालन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा इससे पूर्व विगत 7 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 150 से अधिक अधिकारियों और चिकित्सकों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब जून में आयोजित होने वाले इस उन्नत प्रशिक्षण के जरिए मैदानी अमले को तकनीकी रूप से पूर्णतः दक्ष बनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com